ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

गुरुवार, 20 जून 2024
वर्ष 5, अंक 214, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



दक्षिण अफ्रीका के रबाडा ने अमेरिका का खेल बिगाड़ा 13

फिल्म द ब्लफ की शूटिंग के दौरान प्रियंका चोटिल 14

## अलीगढ़ में युवक को पीटकर मार डाला, सांप्रदायिक तनाव

अलीगढ़, एजेंसी

- एसपी बोले- दो समुदायों के लोगों के एकत्रित होने के बाद तनाव, चोरी का था आरोप

अलीगढ़ शहर में मंगलवार रात भीड़ द्वारा कथित तौर पर मारपीट किए जाने के बाद एक युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने बुधवार को छह लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना शहर के मामू-भांजा मोहल्ले की है और मृतक की पहचान फरीद (35) के रूप में हुई है, जो कि एक ढाबे पर काम करता था। पुलिस अधीक्षक (शहर) एम. शेखर पाठक ने बताया कि मृतक के परिवार की शिकायत के अनुसार फरीद देर रात जब ढाबे से घर लौट रहा था तो रास्ते में भीड़ ने उसे घेर लिया और बुरी तरह पीटा। उन्होंने बताया कि मारपीट करने वाले लोगों का आरोप था कि फरीद चोरी करने के लिए एक घर में घुसने का प्रयास कर रहा था। पाठक ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने फरीद को मलखान सिंह अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गयी। एसपी ने बताया युवक की मौत की खबर फैलते ही अस्पताल में बड़ी संख्या में लोग जमा हो गई और हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करने लगे। इस मामले में छह युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोग रेलवे रोड के पास पुराने शहर में कुछ स्थानों पर जमा हो गए जिस कारण इलाके में कुछ दुकानें बंद रहीं। उन्होंने बताया कि हालात को देखते हुए संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है।

**प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए कई फैसले**

## धान समेत 14 फसलों का बढ़ा एमएसपी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने खरीफ सीजन 2024 - 25 के लिए धान, बाजरा, मक्का, तिल और कपास समेत 14 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में धान, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, तिल काला तिल और कपास का समर्थन मूल्य बढ़ाने की प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार के इस फैसले से किसानों के पास दो लाख करोड़ रुपये जाएंगे। उन्होंने बताया कि सरकार ने किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए विपणन सत्र 2024-25 के लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है। पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि तिलहन और दलहन के लिए की गई है। काला तिल के एमएसपी 983 रुपये प्रति क्विंटल, तिल में 632 रुपये प्रति क्विंटल और अरहर में 550 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है।



| फसल | बढ़ी रकम | अब एमएसपी |
|---|---|---|
| धान | 117 रु. | 2300 रु. कुंतल |
| ज्वार-संकर | 191 रु. | 3571 रु. कुंतल |
| ज्वार-मालडंडी | 196 रु. | 3421 रु. कुंतल |
| बाजरे | 125 रु. | 2625 रु. कुंतल |
| रागी | 444 रु. | 4290 रु. कुंतल |
| मक्का | 135 रु. | 2225 रु. कुंतल |
| अरहर | 550 रु. | 7550 रु. कुंतल |
| मूंग | 124 रु. | 8682 रु. कुंतल |
| उड़द | 450 रु. | 7400 रु. कुंतल |
| मूंगफली | 406 रु. | 6783 रु. कुंतल |
| सूरजमुखी | 520 रु. | 7280 रु. कुंतल |
| तिल | 632 रु. | 9267 रु. कुंतल |
| काला तिल | 983 रु. | 8717 रु. कुंतल |
| कपास-मध्यम | 501 रु. | 7121 रु. कुंतल |

### वाराणसी हवाई अड्डे के लिए 2,869 करोड़

**नई दिल्ली।** वाराणसी में लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विस्तार के लिए 2,869 .65 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी। हवाई अड्डे के विकास में नए टर्मिनल भवन के साथ अन्य कार्य होंगे। अड्डे की यात्री संचालन क्षमता को मौजूदा 39 लाख यात्री प्रति वर्ष से बढ़ाकर 99 लाख यात्री यात्री प्रति वर्ष करना है।

### एनएफआईईएस स्कीम को मंजूरी

बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 की अवधि के लिए 2254 .43 करोड़ रुपये के केंद्रीय क्षेत्र की योजना नेशनल फोरेंसिक इंफ्रास्ट्रक्चर एन्हांसमेंट स्कीम (एनएफआईईएस) को मंजूरी दी गई। संबंधित वित्तीय परिव्यय गृह मंत्रालय द्वारा अपने बजट से प्रदान किया जाएगा।

### 76,200 करोड़ से बनेगा बड़ा बंदरगाह

महाराष्ट्र के वधावन में 76,200 करोड़ की लागत से एक विशाल बंदरगाह के विकास को मंजूरी दी। परियोजना का निर्माण वधावन पोर्ट प्रोजेक्ट लिमिटेड (वीपीपीएल) करेगी जो जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथॉरिटी (जेएनपीए) और महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड (एमएमबी) की एक विशेष उद्देश्यीय इकाई (एसपीवी) है।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा



एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।



डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

**पेपर लीक की आशंका पर लिया फैसला**

## यूजीसी-नेट रद, सीबीआई करेगी मामले की जांच

### शिक्षा मंत्रालय का फैसला, एनटीए द्वारा 18 जून को आयोजित की गई थी परीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

- 11 लाख छात्रों ने परीक्षा के लिए कराया था पंजीकरण
- दोबारा परीक्षा की तारीख के लिए शीघ्र की जाएगी घोषणा

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित यूजीसी-नेट (राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा) रद करने का आदेश बुधवार को दिया। मामले की गहन जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी गई है। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह परीक्षा फिर से आयोजित की जाएगी। जिसके लिए अलग से जानकारी साझा की जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि यूजीसी-नेट की शुचिता से समझौता कदापि नहीं किया जा सकता। इसलिए इसे रद करने का फैसला लिया गया है। मंत्रालय का यह फैसला मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) में कथित अनियमितताओं को लेकर उपजे बड़े विवाद के बीच आया है। यह मुद्दा अब सुप्रीम कोर्ट में है। परंपरा से हटकर, इस बार राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट)-2024 एक ही दिन (18 जून) में 'पेन और पेपर मोड' में आयोजित की गई। जिसमें 11 लाख छात्रों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। वहीं, करीब 9 लाख अभ्यर्थी इसमें शामिल हुए थे।

यूजीसी-नेट के माध्यम से भारतीयों को जूनियर रिसर्च फेलोशिप, सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति व भारतीय विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों में पीएचडी में प्रवेश के लिए पात्रता निर्धारित की जाती है।

### बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने पटना में नीट-यूजी 2024 के आयोजन में कथित अनियमितताओं के संबंध में बुधवार को बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से रिपोर्ट मांगी। बिहार जैसे राज्यों में प्रश्नपत्र लीक होने और इस प्रतिष्ठित परीक्षा में अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। इन आरोपों के कारण देश के कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए हैं और कई उच्च न्यायालयों के साथ-साथ उच्चतम न्यायालय में भी याचिकाएं दायर की गई हैं। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से विस्तृत रिपोर्ट मिलने के बाद सरकार आगे की कार्रवाई करेगी। सरकार परीक्षाओं की शुचिता सुनिश्चित करने और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यह फिर से कहा जाता है कि इस मामले में संलिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह परीक्षा 5 मई को 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी और इसमें करीब 24 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। इसके नतीजे 14 जून को घोषित किए जाने की उम्मीद थी, लेकिन उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पहले ही पूरा हो जाने के कारण नतीजे 4 जून को ही घोषित कर दिये गए थे।

### नीट परीक्षा को भी रद करे सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने नेट परीक्षा रद होने को छात्रों के जज्बे की जीत बताया और कहा कि मोदी सरकार को जिम्मेदारी लेते हुए अब मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को भी रद करना चाहिए। खडगे ने कहा आप परीक्षा पर चर्चा तो बहुत करते हैं, नीट परीक्षा पर चर्चा कब करेंगे। उन्होंने कहा केंद्रीय शिक्षा मंत्री पहले कहते हैं कि नीट में कोई पेपर लीक नहीं हुआ। जब बिहार, गुजरात एवं हरियाणा में शिक्षा माफिया की गिरफ्तारियां होती हैं तो शिक्षा मंत्री मानते हैं कि कुछ घपला हुआ है। नीट की परीक्षा रद कब होगी।

## कक्षा 1 में प्रवेश के लिए 31 जुलाई तक 6 वर्ष आयु जरूरी

- एनईपी 2020 के तहत एक अप्रैल को आयु की गणना का था आदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सरकारी व निजी स्कूलों में अब कक्षा एक में प्रवेश के लिए बच्चे की उम्र 31 जुलाई तक 6 वर्ष होनी चाहिए। नई शिक्षा नीति के तहत अब तक एक अप्रैल को बच्चे की आयु 6 वर्ष निर्धारित थी। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने शासन के निर्देश पर संशोधन करते हुए नया आदेश जारी किया है जो सत्र 2024-25 से लागू होगा। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल को 6 वर्ष की आयु के नियम वाले आदेश के बाद सरकारी स्कूलों में बच्चों की नामांकन संख्या घटने लगी थी। शिक्षकों की ओर से आयु निर्धारण की तारीख 31 जुलाई किए जाने की लगातार मांग की जा रही थी। शासन ने इसका संज्ञान लेते हुए निदेशक को आदेश में संशोधन करने का निर्देश दिया था।

दरअसल, पुराने नियम के चलते उन बच्चों को प्रवेश से वंचित होना पड़ रहा था जिनकी आयु मई- जून में 6 वर्ष हो रही थी। उन्हें प्री प्राइमरी और या बाल वाटिका में प्रवेश लेकर कक्षा एक में प्रवेश के लिए पूरे एक साल इंतजार करना पड़ता।

## पीलीभीत से अपहृत छात्रा को लखीमपुर में फेंका, हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- कार में एक महिला और तीन पुरुष सवार थे, 12 जून से घर से लापता थी छात्रा

> कार सवार कुछ लोग छात्रा को चिमनी गांव के पास फेंक गए हैं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह 12 जून से लापता थी। थाना उत्तरी सेहरामऊ पीलीभीत में उसकी गुमशुदगी भी दर्ज है।
> - **अजीत कुमार**, एसओ खीरी

**अमृत विचारः** पीलीभीत से अगवा जेएनएम द्वितीय वर्ष की छात्रा को बुधवार की सुबह कार सवार बदहवाश हालत में थाना खीरी क्षेत्र में लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर गांव चिमनी के पास फेंक कर भाग निकले। बताया जाता है कि कार में एक महिला और तीन पुरुष सवार थे। छात्रा 12 जून से से गायब थी। उसकी गुमशुदगी थाना उत्तरी सेहरामऊ (पीलीभीत) में दर्ज कराई गई थी। छात्रा की हालत गंभीर है।

गांव चिमनी के लोगों ने बताया कि बुधवार की सुबह करीब सात बजे एक कार आई। कार में एक महिला और तीन पुरुष सवार थे। गांव चिमनी के पास पल भर के लिए कार रुकी, लोग जब तक कुछ समझ पाते। इससे पहले कार से एक किशोरी को सड़क किनारे फेंक दिया गया और चालक तेज रफ्तार कार लेकर भाग निकला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना यूपी 112 पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस किशोरी को लेकर जिला अस्पताल पहुंची और उसे भर्ती कराया है। किशोरी अपना नाम और पता व थाना उत्तरी सेहरामऊ बता पा रही थी। सूचना पर थाना खीरी एसओ अजीत कुमार भी जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने थाना उत्तरी सेहरामऊ पुलिस से संपर्क किया और घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर छात्रा के परिवार के लोग उत्तरी सेहरामऊ पुलिस के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। परिवार वालों के आने के बाद जिला अस्पताल से किशोरी को जिला महिला अस्पताल भेजा गया। जहां पर उसका मेडिकल परीक्षण हुआ।

**एक नजर**

### राज्यसभा सदस्य की बेटी ने व्यक्ति को कुचला

**चेन्नई।** युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) से राज्यसभा सदस्य बीड़ा मस्तान राव की बेटी बीड़ा माधुरी को एक व्यक्ति को गाड़ी से कुचलने के मामले में गिरफ्तार किया गया और बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया। पुलिस ने बताया कि घटना 17 जून को बसंत नगर की है।

### चार हेलीकॉप्टरों की एम्स ऋषिकेश में आपात लैंडिंग

**देहरादून।** गढ़वाल के पर्वतीय क्षेत्रों में बुधवार की दोपहर बारिश से पहले तेज अंधड़ से खासी दिक्कतें हुईं। मौसम एकाएक बिगड़ने से केदारनाथ से सहस्त्रधारा हेलीपैड के लिए रवाना हुए चार हेलीकॉप्टरों की एम्स ऋषिकेश में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। जिसमें उप्र के लोक निर्माण राज्य मंत्री भी सवार थे।

## इंस्टाग्राम दोस्त ने होटल में बुलाकर किया दुष्कर्म, किशोरी ने फांसी लगाकर जान दी

गाजियाबाद, एजेंसी

- विरोध करने पर होटल के कमरे में बेल्ट से बुरी तरह पीटकर किया था घायल
- आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने होटल के मालिक और मैनेजर को भी हिरासत में लिया

मोदीनगर थानाक्षेत्र में दुष्कर्म पीड़िता ने बुधवार को फांसी लगाकर जान दे दी। आरोप है कि मंगलवार को एक इंस्टाग्राम दोस्त ने होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और विरोध करने पर बेल्ट से उसकी पिटाई की थी। इससे वह बुरी तरह घायल हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने होटल के मालिक और मैनेजर को हिरासत में लिया है।

गाजियाबाद के मोदीनगर थानाक्षेत्र स्थित एक कॉलोनी निवासी 13 वर्षीय किशोरी कक्षा आठ की छात्रा थी। कुछ दिन पहले उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम पर एक युवक हिमांशु सोनी से हो गई। मंगलवार शाम को युवक ने छात्रा को एक होटल में मिलने के लिए बुलाया और जबरन होटल के कमरे में ले गया जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर बेल्ट से बुरी तरह पीटा, जिससे वह घायल हो गई। इसके बाद वह जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने घर पहुंचकर परिजनों को पूरे मामले से अवगत कराया। मोदीनगर पुलिस ने बुधवार सुबह मुकदमा दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल कराया। जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई। पुलिस ने आरोपी युवक हिंमाशु को गिरफ्तार कर लिया। शाम को घर के कमरे में पीड़िता ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

## सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के सोपोर में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। इस दौरान दो सुरक्षाकर्मी भी घायल हुए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सेना और सीआरपीएफ ने रफियाबाद सोपोर के हादीपोरा इलाके में संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान छिपे हुए आतंकवादियों ने संयुक्त दल की ओर अंधाधुंध गोलीबारी की।

**रियासी आतंकी हमले का मुख्य संदिग्ध गिरफ्तार** : जम्मू में रियासी यात्रा बस पर हमले का पुलिस ने एक ओवर ग्राउंड वर्कर को गिरफ्तार किया है, जिसे रियासी यात्री बस हमले के दौरान आतंकवादियों की मदद करने और उन्हें रसद सहायता देने का मुख्य संदिग्ध माना जा रहा है। गिरफ्तार आतंकवादी सहयोगी जिसकी पहचान हाकम दीन (40) पुत्र एमए खान निवासी -बंधराही (सैदा नाल्हा), जिला राजौरी के रूप में हुई है।

## प्रदेश में भीषण गर्मी व लू के कहर से 28 लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मरने वालों में 3 चालक, 1 परिचालक, 1 सिपाही शामिल

**अमृत विचार :** प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का कहर थम नहीं रहा है। बीते 24 से 48 घंटों में 28 लोगों की मौत हो गई। कानपुर में 10, अयोध्या में 4, लखनऊ में 3, इटावा में 3, उन्नाव में 2, औरैया और उरई में 1-1 व अन्य जगहों पर 4 रोडवेज कर्मियों की मौत हो गई।

अमेठी डिपो की बस लेकर लखनऊ आ रहे चालक लवकुश दुबे की बुधवार को हीट स्ट्रोक से मौत हो गई। वहीं, लखनऊ में बुधवार को भीषण गर्मी के कारण विशेष सुरक्षा वाहिनी के सिपाही समेत तीन की मौत हो गई। तीनों आलमबाग, आशियाना और सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र में बेसुध मिले। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शारदा नगर निवासी मजदूर प्रेम कुमार (35) काम करने के बाद कमरे पर लौटा तो उसे उल्टी होने लगी। तबीयत बिगड़ने पर उसने पड़ोसियों से मदद मांगी, आनन-फानन उसे लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। उधर, गोमतीनगर विकासखंड निवासी लक्ष्मीकांत पाठक (45) विशेष सुरक्षा वाहिनी में तैनात था। मंगलवार शाम को ईको गार्डन में ड्यूटी के लिए पहुंचा था। बुधवार सुबह तबीयत बिगड़ने पर साथी कर्मचारी उसे सिविल अस्पताल ले गए, जहां उसकी जान चली गई।

## मंत्री ने 'बेटी पढ़ाओ' का नारा गलत लिखा, विपक्ष का हमला

- मध्य प्रदेश में एक कार्यक्रम के दौरान लिखा गलत नारा

**धार (मप्र)।** मध्य प्रदेश में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर द्वारा बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा गलत लिखे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है जिसके बाद विपक्षी दल कांग्रेस ने उनकी योग्यता पर सवाल उठाए हैं। कार्यक्रम धार के ब्रम्हा कुंडी स्थित एक सरकारी स्कूल में 18 जून को स्कूल चलो अभियान के तहत आयोजित किया गया था जिसमें धार सीट से सांसद ठाकुर मुख्य अतिथि थीं। ठाकुर, केंद्रीय मंत्रिमंडल में महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री हैं। वीडियो में ठाकुर सफेद बोर्ड पर देवनागरी लिपि में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा गलत तरीके से लिखती नजर आ रही हैं। वायरल वीडियो पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केके मिश्रा ने कहा यह लोकतंत्र का दुर्भाग्य है कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोग और बड़े विभागों के जिम्मेदार लोग अपनी मातृभाषा में भी सक्षम नहीं हैं। भाजपा ने कहा जल्दबाजी में मंत्री द्वारा की गई गलती को कांग्रेस तूल दे रही है।

## अमेजन पार्सल में जिंदा कोबरा, चिप्स के पैकेट में मृत मेंढक

नई दिल्ली, एजेंसी

- कंपनी ने माफी मांगी, पैसे वापस किए, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल




मुंबई में आइसक्रीम में मानव अंगुली मिलने के बाद अब बेंगलुरू में एक घर में आए पार्सल में जिंदा कोबरा सांप मिला है तो गुजरात के जामनगर में आलू के चिप्स के पैकेस में मृत मेंढक पाया गया। बेंगलुरु में एक दंपत्ति द्वारा मंगाए गए अमेजन पार्सल में जिंदा कोबरा सांप निकला। सांप पैकेजिंग के लिए चिपकाने वाली टेप में चिपका था। इस कारण वह किसी को नुकसान नहीं पहुंचा पाया। दंपत्ति के मुताबिक पार्सल में कोबरा सांप था।

सरजापुर के रहने वाला यह दंपत्ति आईटी पेशेवर हैं। दंपत्ति ने पूरे प्रकरण का एक वीडियो भी बनाया है जो सोशल मीडिया देखा जा सकता है।

मामले में अमेजन इंडिया के एक प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि कंपनी इस घटना की जांच कर रही है। उधर गुजरात के जामनगर में आलू के चिप्स (पोटैटो वेफर्स) के एक पैकेट में मृत मेंढक पाए जाने के बाद बुधवार को जामनगर नगर निगम ने जांच के आदेश दे दिए हैं। अधिकारी ने बताया कि जांच के तहत आलू के चिप्स के पैकेट के उत्पादन बैच के नमूने एकत्र किए जाएंगे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीबी परमार ने बताया जैस्मीन पटेल नाम की एक युवती ने हमें सूचना दी कि बालाजी वेफर्स द्वारा निर्मित क्रंचेक्स के एक पैकेट में एक मृत मेंढक मिला है।

### दंपत्ति ने अमेजन की लापरवाही बताया

दंपति ने बताया कि उन्हें अपने ऑर्डर के बदले पूरा पैसा वापस मिल गया है, लेकिन उन्हें आश्चर्य है कि अत्यधिक विषैले सांप के साथ अपनी जान जोखिम में डालने के बदले उन्हें क्या मिला। उन्होंने आरोप लगाया, यह स्पष्ट रूप से सुरक्षा उल्लंघन है जो केवल अमेजन की लापरवाही और उनके खराब परिवहन, गोदाम की स्वच्छता एवं रखरखाव में कोताही के कारण हुआ है।

### पुलिस ने उस कर्मी को ढूंढ़ा जिसकी उंगली कटी थी

**आइसक्रीम में मांस का टुकड़ा मामला**

**मुंबई।** पुलिस ने पुणे जिले में आइसक्रीम में नाखून के साथ मांस का टुकड़ा मिलने के मामले में आइसक्रीम फैक्टरी के उस कर्मचारी की पहचान की है, जिसकी उंगली काम के दौरान कट गई थी। कर्मचारी की पहचान पुणे के 24 वर्षीय ओमकार पोटे के रूप में हुई है। जिसकी उंगली का एक हिस्सा 11 मई को इंदापुर में फॉर्च्यून डेयरी फैक्टरी में आइसक्रीम कोन भरते समय कट गया था। पुलिस ने पोटे के डीएनए नमूने एकत्र किए हैं। पोटे ने बताया कि फैक्टरी घटना के लिए अकेले जिम्मेदार नहीं है, क्योंकि मुख्य कंपनी ने आइसक्रीम कोन भरने का काम गाजियाबाद और जयपुर समेत कई इकाइयों से करवाया था। उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने जांच के लिए इन स्थानों पर टीमें भेजी हैं। उन्होंने दावा किया अधिकारियों ने गाजियाबाद और जयपुर की इकाइयों में टीमें भेजी हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या उस विशेष तिथि पर भी ऐसी ही कोई घटना हुई थी।

## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ाई



**धनशोधन मामला**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े एक धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि तीन जुलाई तक बढ़ा दी। केजरीवाल को उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर बुधवार को वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किया गया। इस दौरान विशेष न्यायाधीश न्याय बिंदु ने उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी। अदालत में सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से पेश अधिवक्ता ने उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ाने की प्रवर्तन निदेशालय की याचिका विरोध करते हुए कहा कि उनकी हिरासत बढ़ाने का कोई आधार नहीं है। न्यायाधीश ने इस मामले में केजरीवाल द्वारा दिये गये जमानत आवेदन पर भी दलीलें सुनीं। न्यायाधीश बृहस्पतिवार को भी इस आवेदन पर दलीलें सुनेंगे।

**आज का मौसम**

तेज हवा के साथ बारिश का अनुमान

41.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**

- जय शिवाजी सरदार पटेल फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से स्वराज दिवस द ग्रीन लेमन आशुतोष सिटी में शाम 5 बजे।
- सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की पीलीभीत बाईपास रोड स्थित मन्नत लॉन में सभा दोपहर 12 बजे।
- भाजपा महानगर की ओर से कैंट विधानसभा कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह जीआईसी ऑडिटोरियम में शाम 8 :30 बजे।

# भूगर्भ जलस्तर: सिविल लाइंस की स्थिति इस बार भी सबसे चिंताजनक

## प्री मानसून सर्वे : रायफल क्लब, कमिश्नर कार्यालय, जिला परिषद का जलस्तर और नीचे खिसका, स्पोर्ट्स स्टेडियम में भी हालत चिंताजनक

शिवांग पांडेय, बरेली

- **शहर के बाकी इलाकों में जलस्तर कहीं स्थिर, कहीं मामूली गिरावट**
- **पोस्ट मानसून सर्वे की तुलना में एक मीटर तक नीचे गिरा जलस्तर**

**अमृत विचार :** वैसे तो इसे कुछ राहत की बात माना जा सकता है कि प्री मानसून सर्वे में शहर के ज्यादातर इलाकों में भूगर्भ जलस्तर की स्थिति इस बार लगभग स्थिर पाई गई है लेकिन कोई सुधार न होना इस ओर भी इशारा कर रहा है कि भूगर्भ जलस्तर को सामान्य स्तर तक लाने के लिए कोई ठोस कोशिश नहीं की गई। पोस्ट मानसून सर्वे की तुलना में लगभग सभी इलाकों का जलस्तर एक मीटर तक नीचे खिसका है। कमिश्नर कार्यालय, रायफल क्लब, जिला परिषद और स्पोर्ट्स स्टेडियम जैसे प्रमुख इलाकों में भी इस बार भी भूगर्भ जलस्तर चिंताजनक स्थिति में पाया गया है।

शहर में जहां दूसरे इलाकों की तुलना में जलस्तर काफी ज्यादा नीचे है, वह सिविल लाइंस है। इस साल के प्री मानसून सर्वे के मुताबिक यहां रायफल क्लब का जलस्तर 11.11 मीटर नीचे पाया गया है जो 2023 में बारिश से पहले 10.33 और बारिश के बाद 10.09 मीटर नीचे था। इसी तरह कमिश्नर कार्यालय का जलस्तर 12.58 मीटर पाया गया है जो पिछले साल बारिश से पहले 12.62 और बारिश के बाद 12.07 मीटर था। जिला परिषद का जलस्तर सर्वाधिक 13.55 मीटर नीचे पाया गया जो पिछले साल बारिश से पहले 12.93 और बाद में 12.26 मीटर रिकॉर्ड किया गया था। स्पोर्ट्स स्टेडियम में जलस्तर 13 मीटर है, जो बारिश से पहले पिछले साल भी लगभग इतना ही था।

सिविल लाइंस जैसी खराब स्थिति शहर के दूसरे इलाकों में नहीं है। भरतौल, पीसी आजाद स्कूल, हरुनगला, परतापुर चौधरी जैसे इलाकों में भूगर्भ जल का स्तर आठ से नौ मीटर के बीच रिकॉर्ड किया गया है। पिछले साल की तुलना में इन इलाकों में आंशिक गिरावट ही आई है। राजेंद्रनगर में 10.40 मीटर का जलस्तर भी लगभग स्थिर रहा है। सुभाषनगर और युगवीणा लाइब्रेरी का स्तर छह से सात मीटर के बीच है और कुछ सुधरा भी है। दिल्ली रोड पर आईटीआई कैंपस, कर्मचारी बीमा निगम हॉस्पिटल, जीटीआई कैंपस और ट्यूलिया का जलस्तर चार से पांच मीटर तक पाया गया है। इन इलाकों में भी कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। इज्जतनगर इलाके में आईवीआरआई का जलस्तर करीब डेढ़ मीटर सुधार के साथ 5.40 मीटर रिकॉर्ड किया गया है। बदायूं रोड पर रामगंगा के पास के इलाकों में शामिल कांधरपुर, बुखारा और झील गौंटिया का जलस्तर तीन से चार मीटर के बीच रिकॉर्ड किया गया है जो सबसे बेहतर है।

### मानक प्रति व्यक्ति 135 लीटर पानी रोज, खर्च पांच सौ लीटर का

भूगर्भ जल विभाग के अधिकारियों के अनुसार उत्तर प्रदेश में एक व्यक्ति के लिए औसतन 135 लीटर पानी इस्तेमाल करने का मानक तय है लेकिन मॉनिटरिंग न होने से पानी का इस्तेमाल प्रति व्यक्ति करीब पांच सौ लीटर रोज तक पहुंच जाता है। इससे भूगर्भ जल स्तर बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

### 50 लाख की आबादी लेकिन हार्वेस्टिंग सिस्टम कहीं नहीं

भूगर्भ जल विभाग के अधिकारियों के अनुसार बरेली की आबादी करीब 50 लाख है। इतनी बड़ी आबादी में दो-चार घरों में ही वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगा है। किसी भी आवासीय निर्माण के दौरान वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य भी किया जा चुका है, लेकिन निगरानी न होने से लोग परवाह नहीं करते।

> देहात के बजाय शहर में पानी का दोहन ज्यादा होता है, भूगर्भ जल स्तर गिर रहा है। पानी की बर्बादी रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जुलाई में भूगर्भ जल सप्ताह के दौरान भी अभियान चलाया जाएगा। - **गणेश नेगी**, भूगर्भ जल विभाग के वरिष्ठ हाइड्रोलॉजिस्ट

# जीआईएस सर्वे के बाद 20 गुना तक बढ़ गया हाउस टैक्स... नगर निगम में अब मारपीट की नौबत

## टैक्स विभाग में बुधवार को पूरे दिन गर्म रहा माहौल, शहर में करीब 20 हजार लोगों के प्रभावित होने का दावा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **जीआईएस सर्वे में बड़े पैमाने पर धांधली और लेनदेन के फिर उठे आरोप**
- **करीब चार साल चले सर्वे पर लाखों खर्च होने के बाद और बढ़ीं दिक्कतें**

**अमृत विचार :** जीआईएस सर्वे के बाद लागू किया गया हाउस टैक्स शहरवासियों के जी का जंजाल बन गया है। इस सर्वे के आधार पर नए सॉफ्टवेयर से लागू किया टैक्स 20 से 25 गुना तक बढ़ गया। अब नगर निगम में परेशान लोगों की लाइन लगी हुई है। करीब 20 हजार लोग प्रभावित बताए जा रहे हैं। बुधवार को लोगों को शिकायत सुने बगैर टालने की कोशिश की गई तो कर्मचारियों से उनकी तीखी नोकझोंक हुई और मारपीट तक की नौबत आ गई।

जीआईएस सर्वे के दौरान पहले ही कई बार बड़े पैमाने पर धांधली और रिश्वतखोरी के आरोप लगाए गए थे, अब हाउस टैक्स के बिलों में भारी गड़बड़ियां निकलने के बाद इन्हीं आरोपों ने दोबारा माहौल गर्म करना शुरू कर दिया है। नगर निगम क्षेत्र में आवासीय और व्यावसयिक भवनों का ज्योग्राफिकल इन्फॉर्मेशन सिस्टम सर्वे 2019 में शुरू होकर 2024 तक चला। इस पर लाखों खर्च होने के बाद लोगों की मुश्किल कम होने के बजाय बढ़ गई है। अनाप-शनाप टैक्स वृद्धि के साथ नए साफ्टवेयर के जरिए 2023 से टैक्स निर्धारित कर बिलों में उन्हें भी बकायादार दिखा दिए जाने की भरमार है जो पहले ही टैक्स जमा कर चुके थे। हाउस टैक्स के बिलों गड़बड़ियों की शिकायतें लेकर बुधवार को नगर निगम पहुंचे लोगों की टैक्स विभाग के अधिकारियों कई बार तीखी नोकझोंक हुई। कर्मचारियों ने लोगों की शिकायतों पर सही जवाब नहीं दिए तो नौबत मारपीट तक पहुंच गई। पूरे दिन नगर निगम में माहौल गर्म रहने के बाद सपा के पार्षद राजेश अग्रवाल ने जीआईएस सर्वे में बड़ा गोलमाल किए जाने का सीधा आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इससे बेहतर होता कि मैनुअल कर निर्धारण किया जाता। लापरवाही से नियमों की अनदेखी कर 20 हजार से ज्यादा लोगों का हाउस टैक्स बढ़ा दिया गया है। इससे लोगों में काफी गुस्सा है।

### ऐसी शिकायतें लेकर पहुंचे लोग

- हम पूरा बिल हम जमा कर चुके हैं, इसके बाद भी बकाया दिखाया जा रहा है। घर की दूसरी मंजिल पर सिर्फ एक कमरा है लेकिन पूरे मकान को दोमंजिला दिखाया गया है। - **सुरेश कुमार**
- हमने अत्यधिक टैक्स बढ़ने की शिकायत की तो टैक्स विभाग के लोगों ने कहा कि पहले मकान का फोटो लेकर आने को कहा। फोटो लाने पर भी टाल दिया गया। - **जय अग्रवाल**
- पहले घर का टैक्स 1400 रुपये निर्धारित किया था। ज्यादा टैक्स की शिकायत की तो सर्वे कराने के बाद अब 31 हजार रुपये के हाउस टैक्स का बिल बना दिया। - **संजीव**



नगर निगम में हाउस टैक्स का बिल सही कराने पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

> शिकायतों की जांच का आदेश देने के साथ टैक्स विभाग से पूरा विवरण मांगा है। नया टैक्स 2024-25 से ही लागू होगा। अगर जानकर गड़बड़ी की गई है तो दोषी के खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्र लिखूंगा। जीआईएस सर्वे शासन ने हर जगह कराया है। सुधार होने तक बिल वितरण रोकने को कहा है। - **उमेश गौतम**, मेयर

### तब कहते थे अफसर... रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़वाओ तो मानें

सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना का कहना है कि जीआईएस सर्वे करने वाली एजेंसी ने पूरी मनमानी से काम किया है। जानबूझकर लोगों का टैक्स बढ़ाया गया है। सर्वे के दौरान बार-बार शिकायत आती थी कि पैसे लेकर एरिया कम और ज्यादा करने का खेल किया जा रहा है। तब टैक्स विभाग के अधिकारी यह कहकर टाल दाते थे कि रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़वाना पड़ेगा, तभी शिकायत सही मानी जाएगी। उन्होंने कहा कि अब अगर बढ़े हुए बिलों की भी सही जांच करा ली जाए तो बड़ा खेल सामने आ जाएगा। शहर में करीब 20 हजार मकानों का कर निर्धारण गलत तरीके से हुआ है।

# बगैर पोल हटाए चौड़ी करने लगे सड़क, कमिश्नर नाराज

- **नाथ कॉरिडोर प्रोजेक्ट की समीक्षा के दौरान पीडब्ल्यूडी इंजीनियरों की लगाई क्लास**
- **सप्ताह भर में बिजली के पोल और अतिक्रमण हटाने के बाद रिपोर्ट लेकर पेश होने का निर्देश**

**बरेली, अमृत विचार :** कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने बुधवार को कमिश्नरी सभागार में नाथ कॉरिडोर की प्रगति की समीक्षा के दौरान बगैर बिजली के पोल और अतिक्रमण हटाए सड़क चौड़ी करने का काम शुरू कर देने पर पीडब्ल्यूडी इंजीनियरों पर सख्त नाराजगी जताई।

कमिश्नर ने अफसरों को निर्देश दिया कि नाथ कॉरिडोर की सड़कों से एक सप्ताह के अंदर अतिक्रमण और बिजली के खंभों को हटाकर उनके सामने रिपोर्ट लेकर आएं। नगर निगम और विकास प्राधिकरण के अफसरों से कहा कि तत्काल डीपीआर तैयार करें। बैठक के दौरान बीडीए के सचिव ने कमिश्नर के सामने समस्याएं और संभावित विकास का एजेंडा भी रखा। इस अवसर पर नगर निगम, बीडीए, पीडब्ल्यूडी व बिजली विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पहले तो टाल दिया पर अब देना ही होगा संपत्ति का ब्योरा

**बरेली, अमृत विचार :** जिले के सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को अब अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा अनिवार्य रूप से सरकार को बताना होगा। इसके लिए 30 जून की तिथि निर्धारित की गई है। उन्हें मानव संपदा पोर्टल पर यह जानकारी भरने के आदेश दिए गए हैं। आदेश के बाद भी जानकारी न देने वालों की पदोन्नति पर विचार नहीं किए जाने के संकेत भी शासन से जारी पत्र में दिए गए हैं। पत्र आने के बाद कई विभागों में खलबली मची है।

पहले शासन ने इसके लिए 31 दिसंबर 2023 की तिथि तय की थी, लेकिन इसके बाद भी ब्योरा पोर्टल पर नहीं भरा गया। ऐसे में अपर मुख्य सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी की ओर से आदेश जारी किया गया है। उसमें कहा गया है कि 30 जून तक सभी विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को विवरण पोर्टल पर दर्ज कराना होगा। निर्धारित समय में जानकारी नहीं देने पर उनकी पदोन्नति पर विचार नहीं किया जाएगा। मुख्य कोषाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि जिले में करीब 90 के आसपास सरकारी विभाग हैं। 30 जून तक सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति का विवरण दर्ज कराने के लिए शासन से पत्र प्राप्त हुआ है। इसकी प्रक्रिया शुरू करा दी गई है।









# बहेड़ी में तीन सौ करोड़ की लागत से बन रही चीनी मिल

सुरेश पांडेय, बरेली

- **मिल खुलने से करीब पांच सौ लोगों को मिलेगा रोजगार**

**अमृत विचार :** बहेड़ी के बहादुरपुर गांव में तीन सौ करोड़ रुपये की लागत से चीनी मिल बनकर तैयार हो रही है। इस मिल के बनने से किसानों को फायदा होगा और करीब 500 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। चीनी मिल के मालिक का कहना है कि दिसंबर से ट्रायल शुरू कर दिया जाएगा।

त्रिवटीनाथ शुगर एंड केमिकल कंपनी के मालिक बरेली के अश्विनी अग्रवाल ने बताया कि चीनी मिल जिस गांव में लगाई जा रही है, वह बहेड़ी और पीलीभीत की सीमा पर है। मिल की चारदीवारी बन गई है। अन्य निर्माण भी चल रहा है। मिल के लिए महाप्रबंधकों की भी तैनाती हो गई है। सरकार ने लाइसेंस दे दिया है और इसे जल्द शुरू किया जाएगा। मिल की क्षमता 25 हजार क्विवंटल गन्ना प्रतिदिन पेराई की होगी। इसके विस्तार के बाद इसे 50 हजार क्विंटल किया जा सकेगा।



### 7.5 किमी दायरे के किसानों का गन्ना आएगा चीनी मिल में

मिल में करीब 7 .5 किलोमीटर के किसानों का गन्ना आएगा। नई मिल खुलने से पीलीभीत के किसान भी गन्ना ला सकेंगे। मिल शुरू होने से प्रत्यक्ष रूप से लगभग 500 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसमें तकनीकी कर्मचारियों सहित अन्य को नौकरी का अवसर मिलेगा। इसके अलावा मिल के आसपास दुकानें खुलने से लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से भी रोजगार मिलेगा। जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह ने बताया कि नई मिल खुल रही है। वहां काम चल रहा है। अभी बारिश शुरू होगी तो तीन चार महीने तक काम में सुस्ती आएगी। मिल अगले साल फरवरी-मार्च तक शुरू हो सकती है।



बहेड़ी के बहादुरपुर गांव में हो रहा चीनी मिल का निर्माण। ● अमृत विचार

### कोच से चिंगारी निकलनने पर रोकी महामना एक्सप्रेस

**बरेली, अमृत विचार :** महामना एक्सप्रेस के एक कोच में चिंगारी निकलने के कारण ट्रेन को रोकना पड़ा। राजकुमार शर्मा ने एक्स पर शिकायत की कि ट्रेन काफी लेट हो गई है और इसे रोक दिया गया है। इसके जवाब में रेल प्रशासन ने बताया कि ट्रेन के एक कोच के अंदर चिंगारी निकल रही थी। एहतियात बरतते हुए ऑन बोर्ड स्टाफ, गार्ड व एसकोर्टिंग स्टाफ ने मीरानपुर कटरा स्टेशन पर इसे अटेंड किया। इसके बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। बरेली जंक्शन आरपीएफ से इस संबंध में जानकारी की गई तो उन्होंने जानकारी होने से इन्कार कर दिया।

# भूमाफिया की है नजर... 140 साल पुराने अनाथालय को बचा लो मुख्यमंत्री जी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर के बीच करीब 360 करोड़ कीमत की जमीन पर चल रहे आर्य समाज अनाथालय को बंद किए जाने की कोशिशों के खिलाफ आवाज उठनी शुरू हो गई है। जिला सहकारी संघ के पूर्व अध्यक्ष महेश पांडेय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि अनाथलय की बेशकीमती 42 बीघा जमीन पर भूमाफिया की नजर है। उन्होंने अनाथ और बेसहारा बच्चों को 140 साल से आश्रय देते आ रहे इस अनाथालय को बचाने के लिए प्रभावी कदम उठाने का आग्रह किया है।

पत्र में कहा गया है कि अनाथालय में अब तक निराश्रित लड़के-लड़कियों के भरण-पोषण के साथ उन्हें शिक्षा भी मुहैया कराई जाती रही है लेकिन अब भूमाफिया इसकी बेशकीमती जमीन को खुर्दबुर्द करने के लिए साजिश रच रहे हैं। आरोप है कि भूमाफिया को प्रशासन के अधिकारियों का भी संरक्षण मिला हुआ है। समाज कल्याण विभाग, जिला प्रोबेशन अधिकारी और कलेक्ट्रेट के रिकार्ड रूम से अनाथालय से संबंधित कई अहम दस्तावेज गायब करा दिए गए हैं।

महेश पांडेय ने पत्र में मूल दस्तावेजों को गायब करने के बाद कूट और कपट से फर्जी दस्तावेज तैयार कर अनाथालय की संपत्तियां खुर्दबुर्द किए जाने की आशंका जताई है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनाथालय की जमीन को सुरक्षित और उसे बंद न होने देने का आग्रह किया है।



... और इस तरह 20 दिन में जमानत पर छूटा बच्ची से छेड़खानी का आरोपी प्रधान

- **अनाथालय को गुरुकुल खोलने के बहाने बंद कर करने की साजिश के खिलाफ उठने लगी आवाज**
- **जिला सहकारी संघ के पूर्व अध्यक्ष ने लिखा पत्र, कहा- प्रशासन के अफसर भी साजिश में शामिल**

### छेड़खानी केस में प्रधान के खिलाफ दोबारा हो विवेचना

**बरेली, अमृत विचार :** किला इलाके में रहने वाले अवधेश चंद्र मांगलिक ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर अनाथालय के प्रधान के खिलाफ आठ साल की बच्ची से छेड़खानी के मामले में आईपीसी के प्रावधानों के तहत दोबारा विवेचना कराने की मांग की है। उन्होंने यह पत्र प्रमुख सचिव गृह, डीजीपी और एसएसपी को भी भेजा है। अवधेश ने कहा है कि अनाथालय में यह घटना 31 जुलाई 2023 को हुई थी जिसे प्रबंध समिति के पदाधिकारी और कर्मचारी दो महीने छिपाए रहे। इस बीच कमेटी ने खुद फर्जी जांच कर प्रधान को दोषमुक्त बता दिया। पीड़ित बच्ची के प्रार्थनापत्र के साथ सीसीटीवी फुटेज, उसके स्पष्ट बयान को अनदेखा कर दिया गया। रिपोर्ट इतनी देरी से लिखाई गई कि आरोपी को अनुचित लाभ मिल सके। उसके अधीन कर्मचारियों के बयान लेकर जमानत प्रक्रिया प्रभावित की गई। विवेचनाधिकारी ने मोटी रिश्वत लेकर आरोपी को संरक्षण देने वाले अनाथालय के पदाधिकारियों को आरोपपत्र में बचा दिया। साक्ष्यों से भी छेड़छाड़ की गई। उन्होंने दोबारा विवेचना के साथ अनाथालय के पदाधिकारियों और कर्मचारियों के नाम भी आरोप पत्र में शामिल करने की मांग की है।

### साजिश की पोल खुली तो पलटे, बोले- अनाथालय बंद करने की योजना नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** आर्य समाज अनाथालय के प्रधान ओमकार आर्य ने 8 जून को दावा किया था कि अनाथालय का स्वरूप बदलकर वहां गुरुकुल बनाया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर अनाथालय को खाली कराया जा रहा है लेकिन अब इस साजिश की पोल खुलने के बाद प्रबंध कमेटी पलटी मारने लगी है। बुधवार को अनाथालय प्रबंध कमेटी के मंत्री विनय सक्सेना ने लिखित बयान जारी कर बताया कि अनाथालय को बंद करने का कोई विचार नहीं है। सिर्फ बालगृह के बजाय यहां अभावग्रस्त और आर्थिक पिछड़े बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

### अलग-अलग उम्र के 75 बच्चों का था पंजीकरण

अनाथालय का महिला कल्याण विभाग में किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत पंजीकरण जरूरी है। पिछली बार कराए गए पंजीकरण के ब्योरे के मुताबिक अनाथालय की क्षमता 10 साल से कम के 25 बालक- बालिका, 10 से 18 साल के 25 बालक और 10 साल से 18 साल की 25 बालिकाएं रखने की थी। पिछला पंजीकरण दिसंबर 2017 से दिसंबर 2022 तक के लिए था। इसके बाद प्रबंध कमेटी ने पंजीकरण नहीं कराया।

### इन सवालों के नहीं दिए जवाब

- अनाथालय बंद करने की योजना नहीं है तो यहां रह रही तमाम लड़कियों से एग्रीमेंट कर उन्हें क्यों निकाला गया।
- एक साल पहले अनाथालय में 60 से ज्यादा अनाथ लड़के-लड़कियां थे, वे कहां गए। नए बच्चों का दाखिला क्यों नहीं लिया जा रहा।
- महिला कल्याण विभाग में अनाथालय का रजिस्ट्रेशन दिसंबर 2022 में खत्म हो गया था, इसे दोबारा क्यों नहीं कराया गया।
- अनाथालय में फिलहाल रह रही तीन अनाथ लड़कियों को क्यों 30 जून तक अनाथालय खाली करने की चेतावनी दी गई है।













# बिजली संकट : सुभाषनगर सबस्टेशन में सुबह बिजलीकर्मियों से मारपीट, शाम को तेज बारिश से बुझी गर्मी-गुस्से की आग

## कई दिनों से लो वोल्टेज के बाद सर्वोदयनगर में पूरी रात नहीं आई बिजली तो लोगों ने बोला धावा, कई और इलाकों में भी संकट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सुभाषनगर इलाके में बिजली संकट दूर नहीं हो रहा है। कई दिन से लो वोल्टेज की समस्या झेल रहे सर्वोदयनगर में मंगलवार को पूरी रात बिजली नहीं आई तो गुस्साए लोगों ने सुबह ही सबस्टेशन पर धावा बोल दिया। बिजली कर्मचारियों से मारपीट कर उन्हें बाहर निकालने के बाद सबस्टेशन पर ताला लगा दिया। पुलिस ने लोगों को शांत किया। मंगलवार रात भी लोगों ने उपकेंद्र पर हंगामा कर जाम लगाने की कोशिश की थी।

सुभाष नगर क्षेत्र के सर्वोदय नगर में बिजली गुल होने के साथ फेस नहीं आने की समस्या कई दिनों से है। लगातार शिकायतों के बाद भी अधिकारी समस्या का समाधान नहीं कर रहे हैं। बुधवार की सुबह सर्वोदय नगर के लोग सुभाष नगर उपकेंद्र पर पहुंचे और वहां मौजूद दो कर्मचारियों के साथ मारपीट कर उन्हें बाहर निकाल दिया और उपकेंद्र पर ताला लगा दिया।

कर्मचारियों की सूचना पर सुभाषनगर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराया। एसडीओ अभिषेक कपासिया ने बताया कि क्षेत्र से समस्या को काफी हद तक ठीक कर लिया गया है। लोकल फाल्ट से कुछ जगह पर दिक्कत हो रही है। फेस नहीं आने से बुधवार की सुबह सर्वोदय नगर के लोगों ने उपकेंद्र में हंगामा किया। समस्या का समाधान कर दिया है।


बिजली कर्मचारियों से मारपीट के बाद खाली पड़ा सुभाषनगर का सबस्टेशन। ● अमृत विचार

### गांधीपुरम में 24 घंटे बिजली न आने पर हंगामा

**बरेली, अमृत विचार :** गांधीपुर कॉलोनी में 24 घंटे तक बिजली न आने से नाराज लोगों ने विरोध-प्रदर्शन कर हंगामा कियाा। मौके पर अवर अभियंता, एसडीओ और अधिशासी अभियंता पहुंचे और लोगों को समझाया।

मंगलवार की शाम दो बंच केबल में आग लगने के बाद तेज धमाका हुआ और ट्रांसफार्मर बंद हो गया। इसके बाद बिजली गुल हो गई लेकिन कोई सही नहीं करने आया। बुधवार शाम तक जब बिजली नहीं आयी तो लोग नाराज हो गए और बिजली विभाग के खिलाफ विरोध जताया। भाजपा नेता सौरभ जैन ने बताया कि भीषण गर्मी में बिजली नहीं आने से पानी का भी संकट हो गया। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों और बच्चों को हुई।

बुधवार की देर शाम को बिजली आपूर्ति बहाल कराई लेकर लगातार ट्रिपिंग होने से उपभोक्ता परेशान होते रहे। प्रदर्शन करने वालों में अमित जौहरी प्रकाश वर्मा, राधेश्याम, नेम नारायण शर्मा आदि मौजूद रहे।

### हीट स्ट्रोक : ड्यूटी के दौरान बेहोश हो गए दो होमगार्ड

**बरेली, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में ड्यूटी कर रहे दो होमगार्ड बुधवार को हीट स्ट्रोक के शिकार हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कुतुबखाना चौराहे पर ट्रैफिक ड्यूटी तैनात होमगार्ड कुंवरपाल को बुधवार दोपहर अचानक पेट में दर्द उठने के बाद पूरा शरीर पसीने से भीग गया। कुछ ही देर में वह बेहोश होकर गिर गए। आनन-फानन उन्हें जिला अस्पताल ले जाकर इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया।

होमगार्ड सहदेव को भी अचानक पेट दर्द शुरू होने के बाद चक्कर आने लगे। उन्हें भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर के मुताबिक तेज गर्मी में दोनों होमगार्ड को हीट स्ट्रोक हुआ है। दोनों का इलाज किया जा रहा है।

## एक नजर

### भाइयों के बीच विवाद सुलझाने पहुंची पुलिस से नोकझोंक

**भुता, अमृत विचार :** दो भाइयों के बीच विवाद हो गया। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। चर्चा है कि यहां विवाद के बीच एक पुलिसकर्मी की वर्दी फाड़ दी गई। हालांकि, पुलिस ने इससे इन्कार किया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की गई है। इटोरिया जलालपुर निवासी दीपक और हरीओम भाई हैं। वे कस्बा भुता में मकान बनाकर रह रहे हैं। मंगलवार को दोनों भाइयों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। रात में उनके बीच मारपीट हुई। दीपक की पत्नी ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। इसपर दीपक भड़क गया और उसने पत्नी को पीटा। डायल 112 के कर्मियों से उसकी नोकझोंक होने लगी। चर्चा है कि इस दौरान मारपीट कर पुलिस कर्मी की वर्दी फाड़ दी गई। पुलिस दोनों भाइयों दीपक, हरिओम व एक साथी राजपाल को पकड़ थाना ले आई। थानाध्यक्ष सतीश कुमार का कहना है कि भाइयों में झगड़ा हुआ था। तीनों का चालान कर दिया गया है। पुलिसकर्मी की वर्दी फाड़े जाने का मामला संज्ञान में नहीं है।

### आंधी-बारिश से बिजली गुल टूटी सड़कों पर जलभराव

**बरेली, अमृत विचार :** आंधी और पानी से बुधवार रात शहर में बिजली गुल हो गई है। कुछ जगहों पर टूटी सड़कों के गड्ढों में पानी भर गया। आंधी-पानी से सिविल लाइंस की आवास विकास कॉलोनी, रामपुर गार्डन, स्टेशन रोड, आईसीआईसीआई बैंक कालोनी आदि जगह पर बिजली आपूर्ति गुल हो गई। किला, डेलापीर, डीडीपुरम, राजेन्द्रनगर, नदोसी, कांधरपुर, सुभाषनगर, कुतुबखाना कोहड़ापीर, जगतपुर, शाहदाना, हरुनगला, सुरेश शर्मा नगर समेत अन्य जगहों पर फाल्ट होने पर आपूर्ति बंद कर दी गई। वहीं बारिश की वजह से सुभाष नगर मोहल्ले की मुख्य सड़क पर नाला चोक होने से जलभराव हो गया। इसी तरह से मढ़ीनाथ, डीडीपुरम की निर्माणाधीन सड़क, मलूकपुर की जर्जर सड़क पर जलभराव हुआ।

## किला में सुबह बंच केबल टूटकर गिरने से बचा हादसा, सिविल लाइंस में ट्रांसफार्मर में लगी आग, सनसिटी में ब्रेकडाउन

**बरेली, अमृत विचार :** बारिश होने से पहले दिन की प्रचंड गर्मी में शहर के तमाम इलाकों ने भीषण बिजली संकट झेला। सुभाषनगर, सिविल लाइंस और किला इलाके में कई घंटे बिजली गुल रही।

किला उपकेंद्र के मोहल्ला जखीरा में तीन दिन से बिजली संकट बना हुआ है। सोमवार देर रात कर्मचारियों ने फाल्ट ठीक किया लेकिन बुधवार सुबह 5 बजे फाल्ट के बाद तार टूटकर गिर गया। गनीमत रही कि कोई नीचे गुजर नहीं रहा था। तार टूटने से सौ से अधिक घरों की बिजली गुल हो गई। एसडीओ किला भगवान दास ने बताया कि जखीरा इलाके में ओवरलोडिंग की वजह से तार टूट कर गिर गया था। कर्मचारियों को भेजकर बिजली आपूर्ति बहाल कराई गई।

सुभाषनगर क्षेत्र में मंगलवार रात विरोध-प्रदर्शन के बाद भी बुधवार को व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ। दिन में चार से पांच घंटे की कटौती से लोग परेशान हो गए। शांति विहार, मढ़ीनाथ, राजीव कॉलोनी, विश्वनाथपुरम, गणेश नगर आदि इलाकों में पूरे दिन ट्रिपिंग की समस्या रही। मंगलवार की रात सुपर सिटी फीडर पर लोकल फाल्ट की वजह से 45 मिनट तक बिजली गुल रही। सनसिटी उपकेंद्र की 33 केवी लाइन में ब्रेक डाउन होने से तीन घंटे बिजली गुल हो गई। सिविल लाइंस में ट्रांसफार्मर की पेटी में आग लगने से मंगलवार की रात तीन से चार घंटे सप्लाई बाधित रही। इसके अलावा स्टेशन रोड, स्टेट बैंक कॉलोनी, सर्किट हाउस चौराहा, डीएम आवास, पटेल चौक, कुतुबखाना, कोहड़ापीर आदि इलाकों में लोकल फाल्ट की समस्या रही।

**जेई बंद रखते हैं सीयूजी नंबर**

शहरी क्षेत्र के अधिकतर जेई सीयूजी मोबाइल नंबर बंद रखते हैं और अधिकारी भी फोन नहीं उठाते हैं। पिछले दिनों व्यापारियों ने मुख्य अभियंता कार्यालय में ज्ञापन देकर भी इसका विरोध जताया था लेकिन इसके बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ।

> गर्मी में लोड बढ़ने से लोकल फाल्ट की वजह से कई जगह बिजली गुल रही। सुभाष नगर इलाके की समस्या के समाधान के भी प्रयास किए जा रहे हैं।
> – **अंबा प्रसाद वशिष्ठ**, अधीक्षण अभियंता

### ओवरलोडिंग रोकने के लिए अभियान, आठ लोगों पर बिजली चोरी की रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : बिजली विभाग ने ओवरलोडिंग रोकने के लिए बुधवार को अभियान चलाया। इस दौरान आठ लोगों पर बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। विभाग के मुताबिक ओवरलोडिंग की वजह से लोकल फाल्ट और ट्रांसफार्मर में आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। विजिलेंस की प्रवर्तन टीम के प्रभारी नरेश कुमार ने टीम के साथ प्रेम नगर क्षेत्र के शाहाबाद मोहल्ले में मॉर्निंग रेड की। इस दौरान टीम को आठ घरों में बिजली चोरी होते हुए मिली। सीओ विजिलेंस मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि बिजली चोरी रोकने के लिए खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

### फरीदपुर में आंधी से गिरा लिंटर, मलबे में दबे मजदूर की मौत

**फरीदपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव भगवानपुर फुलवा में आंधी में मकान का लिंटर गिर पड़ा। हादसे में मजदूर की मौत हो गई और उसका परिवार बच गया।

गांव भगवानपु फुलवा निवासी जयपाल (45) प्लाई फैक्ट्री में काम करते थे। बुधवार रात तेजी आंधी में उनके मकान का लिंटर गिर गया। मलबे के नीचे दबने से उनकी मौत हो गई, जबकि उनके बच्चे और पत्नी बाल बाल बच गए।

## रात में तेज आंधी-बारिश के बाद मिली गर्मी से राहत

● **दस दिनों से 43 से 44 डिग्री के बीच बरकरार था तापमान**

**बरेली, अमृत विचार :** जून में पिछले 10 दिन से अधिकतम तापमान 43 और 44 डिग्री के आसपास बना हुआ था। रात में आंधी के साथ बारिश आने से गर्मी से राहत मिली। बुधवार को अधिकतम तापमान 43.3 और न्यूनतम 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

अधिकतम तापमान सामान्य से 5.9 और न्यूनतम 4.3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इस दौरान सुबह आर्द्रता 54 प्रतिशत और शाम को 37 प्रतिशत दर्ज की गई। वहीं 12-15 प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवाएं चलीं। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 20 जून को पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। इसके बाद से शुक्रवार को मौसम साफ रहेगा। वहीं शनिवार से बादलों की आवाजाही शुरू होने और फिर हल्की बारिश होने का अनुमान है। इन पांच दिनों में करीब पांच से दस मिलीमीटर बारिश हो सकती है। इसके बाद 24 और 25 जून को बादल छाए रहेंगे। गुरुवार से तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी।

मौसम विज्ञानी के मुताबिक आगामी 48 घंटों के दौरान महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश और उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों और गंगीय पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल के शेष हिस्सों और बिहार के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। मानसून की पूर्वी शाखा के बिहार और झारखंड में आगे बढ़ने के बाद ही मानसून के उत्तर प्रदेश में आगे बढ़ने के संबंध में स्थिति स्पष्ट होगी।


बुधवार शाम को तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया। ● अमृत विचार

### सुभाषनगर में छत पर सो रहा युवक नींद में सड़क पर गिरा

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर क्षेत्र में छत पर सो रहा एक युवक नींद में सड़क पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

महेशपुर ठाकुरान के रहने वाले प्रेमपाल ने बताया कि मंगलवार की रात उनका बेटा राधेश्याम (28) छत पर सो रहा था। वह नींद में उठा और छत से नीचे गिर गया। उसे अस्पताल लेकर गए लेकिन इलाज के दौरान मौत हो गई।

## चौकी इंचार्ज ने मेडिकल स्टोर मालिक पर गोली चलाने वाले को बुलाया तो बोला- इंस्पेक्टर से हो गई है बात

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **आरोपियों का ऑडियो वायरल, ज्यादा जोर दिया तो चौकी इंचार्ज से की गालीगलौज**

**अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र के मुड़िया अहमदनगर में मेडिकल स्टोर संचालक सत्यपाल पर गांव के दो भाइयों ने गोली चला दी। इस मामले में पुलिस ने बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली। वहीं एक ऑडियो वायरल हुआ है, जिसमें आरोपी दरोगा से कह रहा है कि चौकी क्यों आएं, इंस्पेक्टर ठाकुर से बात हो गई है। वह चौकी इंचार्ज को भी गालियां दे रहा है।

मुड़िया अहमदनगर निवासी मेडिकल संचालक सत्यपाल ने बताया कि उनके खेत में एक कमरा है, जिसमें यूसुफ और उसके दो भाई आरिफ और तालिब रहते हैं। रात में यह लोग बिजली चोरी करते हैं। उन्होंने 16 जून को बिजली चोरी करने से मना किया तो यूसुफ आदि झगड़ा करने लगे। आरोप है कि 17 जून को आरिफ और तालिब बाइक से मेडिकल स्टोर पर आए और तमंचे से गोली चला दी और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने यूसुफ, आरिफ और तालिब के खिलाफ धारा 307, 504 और 506 में मुकदमा दर्ज हुआ।

वायरल ऑडियो के मुताबिक सत्यपाल के बड़े भाई सूरजपाल चौकी पहुंचे और वहां से आरोपियों के बड़े भाई सद्दीक को फोन किया और अहलादपुर चौकी इंचार्ज से बात करने को कहा। शराब के नशे में धुत सद्दीक ने कहा कि दरोगा जी मेरी इंस्पेक्टर से बात हो गई है। वही इंस्पेक्टर ठाकुर साहब। हम लोग सत्यपाल की रखवाली करते हैं और इनकी मजदूरी करते हैं और इनकी ही मार भी हम खाएंगे। दरोगा- तुम चौकी आ जाओ। आपस में फैसला करा देंगे। सद्दीक- हम चौकी आ जाएं। इंसाफ तुम करोगे। फैसला अब हम करेंगे। सुनो सत्यपाल अगर तीन भाइयों का कुछ हुआ तो अबकी बार सीने में गोली मारेंगे। जब चौकी इंचार्ज नाराज हुए तो सद्दीक ने उनको भी फोन पर गालियां दे दीं।

> मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। जांच में जो भी साक्ष्य पाए जाएंगे, उसे आधार बना कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। –**जयशंकर सिंह**, थाना प्रभारी, इज्जतनगर

**मुकदमा 307 में लेकिन शांति भंग में चालान कर छोड़ा**

पुलिस ने घटना वाले दिन ही मौके से य6सुफ को पकड़ा। इस मामले में हत्या की कोशिश में मुकदमा दर्ज किया गया लेकिन पुलिस ने युसुफ का सिर्फ शांतिभंग में चालान किया। अब पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### शराब पीकर बवाल काटने वाले दो सिपाही बर्खास्त

**बरेली, अमृत विचार :** पिछले साल चौपुला चौराहा के पास शराब पीकर हंगामा करने वाले दो सिपाहियों को एसएसपी ने जांच में दोषी पाए जाने के बाद बुधवार को बर्खास्त कर दिया।

3 अक्टूबर को सिपाही रामू सिंह और सिपाही अमित कुमार चौपुला पहुंचे। यहां मोटर मैकेनिक ताहिर से शराब पीने के लिए रुपयों की मांग की और रुपये न देने पर दोनों ने मारपीट की। इस पर हंगामा हुआ था। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने दोनों का मेडिकल कराया था, जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई थी। दोनों ने इससे पहले 1 जून को घुड़सवार आरक्षियों के साथ शराब पीकर मारपीट की थी, जिसमें दोनों को निलंबित कर दिया गया था।

## ट्रक को ओवरलोड बताकर उगाही की कोशिश, नाकाम होने पर कराया सीज

कार्यालय संवाददाता बरेली

● **एक महीने पहले पुरानी घटना का बुधवार को वीडियो हुआ वायरल**

● **सीबीगंज में ट्रक रोकने के बाद अहलादपुर चौकी के पास सीज**

**अमृत विचार :** सीबीगंज में कुछ युवकों ने ट्रक को ओवरलोड बताकर वसूली की कोशिश की गई। जब वसूली नहीं हुई तो अहलादपुर चौकी के पास परिवहन विभाग के अधिकारियों से ट्रक को सीज करा दिया गया। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो एक महीने पुराना बताया जा रहा है।

एक दिन पहले दो ट्रक चालकों का ऑडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक अधिकारी के बेटे की शादी में 17 लाख रुपये की कार गिफ्ट करने की बात कही गई थी।

परिवहन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से गुर्गे लगातार वसूली कर रहे हैं। बुधवार को वायरल हुए वीडियो में सीबीगंज के तिलियापुर गांव में रेत-बजरी की टाल पर चालक से निजी लोग उगाई करते दिखाई दे रहे हैं। एक व्यक्ति उन सभी लोगों का वीडियो बना रहा है।

इस पर उगाही करने वालों ने एआरटीओ को फोन कर मौके पर बुला लिया और सीबीगंज से करीब 15 किलोमीटर दूर बड़ा बाईपास स्थित अहलादपुर चौकी पर उसे सीज कर दिया गया। सीबीगंज में तीन दिन पहले हुई घटना के बाद से लगातार वसूली के मामले सामने निकलकर आ रहे हैं।

**खड़ी गाड़ी पर नहीं कर सकते कार्रवाई**

परिवहन विभाग में नियम है कि अगर कोई भी गाड़ी सड़क किनारे या रेत बजरी के टाल पर खड़ी है तो कोई अधिकारी उस पर कार्रवाई नहीं कर सकता, लेकिन वायरल वीडियो में खड़ी गाड़ी से ही वसूली की कोशिश की गई। कुछ दिनों पहले सीबीगंज में भी टाल पर रेत-बजरी उतारते समय उगाही की कोशिश के बाद हंगामा हुआ था। इसके बाद मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

### सैनिक पति को आखिरी विदाई

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** अरुणाचल के डिब्रूगढ़ में तैनात बरेली के आइटीबीपी के जवान कुंवर बहादुर की अचानक हालत बिगड़ने से मौत के बाद मंगलवार देर रात उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव तरा खास पहुंचा। बुधवार को पत्नी ऊषा रानी ने सैनिक पति को को कंधा देकर अंतिम विदाई दी। एसडीएम निधि डोडवाल, सीओ गौरव सिंह की मौजूदगी में राजकीय सम्मान के साथ अंत्योष्टि की गई। 56 वर्षीय कुंवर बहादुर डिब्रूगढ़ की रोहितपुर चौकी पर तैनात थे। रविवार शाम तबीयत खराब होने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी सांसें थम गईं।







पति के शव को कंधा देतीं ऊषा। एसडीएम निधि डोंडवाल ने भी दी श्रद्धांजलि। कुंवर बहादुर का फाइल फोटो।

## भाजपा के विधायकों से नाराज थे लोग, विपक्ष के संविधान बदलने के मुद्दे ने भी पलटा खेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **आंवला में भाजपा की हार के कारणों के बारे में पर्यवेक्षकों ने लिया फीडबैक**

● **छुट्टा पशुओं और सरकारी अधिकारियों की मनमानी को भी बताया कारण**

**अमृत विचार :** आंवला सीट पर भाजपा की हार के कारणों की बुधवार को पूरे दिन तलाश की गई। संगठन की ओर से नियुक्त किए गए पर्यवेक्षकों ने लोकसभा क्षेत्र की अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचकर समीक्षा बैठकें की। पर्यवेक्षकों ने संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं से लेकर क्षेत्र के कुछ लोगों से भी फीड बैक लिया, जिसमें कई वजहें निकलकर सामने आईं हैं। सूत्रों के अनुसार, प्रमुख तौर पर जनप्रतिनिधियों की जनता से दूरी, आम आदमी की समय से सुनवाई न होना और अधिकारियों की मनमानी जैसे तमाम कारण पाए गए। हालांकि, बैठक बहुत गोपनीय तरीके से की गई। इस मसले पर पार्टी का कोई भी पदाधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।

आंवला के चार विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के विधायक होने के बाद भी लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी की हार के कारणों का पता लगाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कानपुर की विधायक नीलिमा कटियार और पश्चिमी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया को पर्यवेक्षक नियुक्त किया था जिन्होंने बुधवार को बिथरी विधानसभा क्षेत्र के आलमपुर जाफराबाद, फरीदपुर क्षेत्र में फ्यूचर कॉलेज और आंवला क्षेत्र में रामनगर मार्ग के एक बैंक्वेट हाल में अलग-अलग समीक्षा बैठक कीं। इन बैठकों में ब्लॉक प्रमुख, मंडल और बूथ अध्यक्ष, बूथ समितियों के सदस्य, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक और कुछ क्षेत्रीय लोगों को बुलाया गया था।

पर्यवेक्षकों ने पदाधिकारियों से सवाल किया कि सरकार की तमाम कल्याणकारी योजनाओं के बाद भी पार्टी प्रत्याशी की हार क्यों हुई। पार्टी सूत्रों के मुताबिक पर्यवेक्षकों को बताया गया कि पार्टी के विधायक क्षेत्रीय लोगों की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। उनके पास जाने पर समस्या का समाधान नहीं मिला। राजस्व और पुलिस संबंधी मामलों में लोगों को परेशान होना पड़ा। जनता के प्रति अधिकारियों का रवैया भी अच्छा नहीं रहा। छुट्टा पशुओं के साथ विपक्ष के संविधान बदलने के मुद्दे का भी असर पड़ा। इसके अलावा चुनाव में कार्यकर्ताओं की सुस्ती, प्रभावी बूथ मैनेजमेंट की कमी और पार्टी नेताओं के अति उत्साह जैसे कारण भी बैठक में गिनाए गए। पर्यवेक्षकों ने भितरघात करने वालों के बारे में भी जानकारी ली। दोनों पर्यवेक्षक संयुक्त रिपोर्ट तैयार कर 20 जून तक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को सौंपेंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक यह रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी भेजी जाएगी।

### मीरगंज में कम वोट मिलने का ठीकरा पदाधिकारियों ने अफसरों पर फोड़ा

**मीरगंज अमृत विचार :** मीरगंज ब्लॉक परिसर में बुधवार को ब्रज एवं अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश सिंह पाल की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में ज्यादातर पदाधिकारियों ने विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को कम वोट मिलने का ठीकरा अधिकारियों पर फोड़ा। छुट्टा गोवंशीय पशुओं को दूसरी वजह बताया गया।



मीरगंज में भाजपा की समीक्षा बैठक में ● अमृत विचार

बताया जा रहा है कि कई पदाधिकारी ने बैठक में यहां तक कहा कि जहां-जहां भाजपा पिछड़ी या हारी है, वहां अधिकारियों की मनमानी इसका कारण बनी। फीडबैक लेने के बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से कहा कि यह आखिरी चुनाव नहीं था, आगे 2027 का चुनाव है। कार्यकर्ता अभी से बूथों को मजबूत करने में जुट जाएं। सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरे जोश से काम करें। मीरगंज विधायक डीसी वर्मा ने कहा कि बूथ अध्यक्षों की वजह से मीरगंज में छत्रपाल गंगवार 28 हजार वोटों से जीते हैं। बैठक में ब्लॉक प्रमुख गोपालकृष्ण गंगवार, शेरगढ़ ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी, फतेहगंज पश्चिमी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र यादव, संजय चौहान, वीरपाल मौर्य, रोली भदौरिया, राजू भारती, सोमपाल शर्मा, केपी राणा, तेजपाल फौजी, वीरपाल पांडेय मौजूद रहे।

## सीएमओ ने क्षय रोगियों को बांटा पोषण आहार

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने गोद लिए गए पांच क्षय रोगियों को पोषण आहार वितरण किया। उन्होंने उन रोगियों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। बताया कि उपचार पूर्ण होने तक सरकार की ओर से उन रोगियों के खाते में 500 रुपए हर महीने भेजे जा रहे हैं। इस दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. इंतजार हुसैन, जिला समन्वयक निखिल बंसल, जिला पीपीएम समन्वयक विजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

## संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 28 को

**बरेली, अमृत विचार :** मंडल आयुक्त कार्यालय में 28 जून को संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक आयोजित की जाएगी। आरटीओ प्रशासन कमल प्रसाद गुप्ता ने बताया कि बैठक में ऑटो रिक्शा के परमिट ट्रांसफर, नये रूटों के परमिट जारी करने व शहर के अन्य रोडों पर ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में मंडल आयुक्त सौम्या अग्रवाल, परिवहन निगम और परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# सत्यापन न हो पाने से नहीं बन पाए 550 आधार कार्ड

- एडीएम प्रशासन ने सभी एसडीएम को लंबित आवेदनों का सत्यापन में तेजी लाने के दिए निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में 550 लोगों के आधार कार्ड आवेदन के तीन महीने बाद भी नहीं बन सके हैं। सभी के आवेदन तहसीलों में लंबित हैं। एडीएम प्रशासन ने सभी एसडीएम को जल्द से जल्द आवेदन सत्यापित करने के निर्देश दिए हैं।

आधार कार्ड बनने में देरी से लोग परेशान हैं और उनके काम नहीं हो पा रहे हैं। कई महीने पहले सरकार ने व्यवस्था लागू की थी कि ऑनलाइन आवेदन करने के बाद इसे संबंधित एजेंसी, केंद्र से संबंधित तहसीलों के एसडीएम के पोर्टल पर भेजा जाता है। इसके बाद एसडीएम आवेदन का प्रिंट निकालकर क्षेत्रीय लेखपाल या कानूनगो से आवेदन करने वाले के बारे में जानकारी करते हैं। सत्यापन के बाद आवेदन सही मिलने पर एसडीएम उसे जारी करने के लिए संबंधित एजेंसी को भेज देते हैं और कमी मिलने पर निरस्त कर दिया जाता है। लोकसभा का चुनाव की वजह से अधिकारी और कर्मचारी व्यस्त हो गए। इसकी वजह से आवेदन लंबित हो गए। एडीएम प्रशासन दिनेश ने बताया कि चुनाव की वजह से आधार कार्ड के आवेदन लंबित रह गए हैं। जल्द से जल्द लंबित आवेदनों का निस्तारण कराया जा रहा है। एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं।

## दुकान के पास लोडर वाहन खड़ा करने पर पीटा

**आंवला, अमृत विचार :** जिला पीलीभीत के गांव कल्यानपुर निवासी दुष्यंत कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मनौना स्थित श्री खाटूश्याम मंदिर परिसर में दुकान चलाते हैं। मंगलवार रात उसने दुकान के बराबर में लोडर वाहन (छोटा हाथी) खड़ा कर दिया। इस बात से नाराज होकर पास में जम्पिंग झूला लगाने वाले मनौना गांव के एक व्यक्ति ने उसे गालियां दीं। उसने अपने साथियों को बुला लिया और मारपीट की।

## लू से बचाव को रोडवेज बसों में शीशे लगवाने के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** गर्मी में यात्रियों को बिना शीशे वाली बसों में यात्रा न करनी पड़े, इसके लिए रोडवेज प्रशासन ने काम शुरू कर दिया है। आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि कई बसों में शीशे टूटे थे। इससे यात्री तो परेशान होते ही थे, परिवहन निगम की छवि भी खराब होती थी। इसको देखते हुए ऐसी बसों में शीशे लगवाने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि चालकों की कमी की पूर्ति के लिए नई भर्ती भी की जा रही हैं। बरेली डिपो में 125 चालकों की जरूरत है। रुहेलखंड डिपो में 115, बदायूं डिपो में 110 और पीलीभीत डिपो की बसों के लिए 95 चालकों की जरूरत है। पिछले दिनों 62 लोगों ने टेस्ट दिया था, जिसमें से 34 ही पास हुए। अब उन्हें कानपुर में ट्रैक पर बस चलाने का टेस्ट देने भेजा गया है। वहां से पास होने पर उन्हें संविदा पर तैनाती दी जाएगी। नियुक्त चालक को 22 दिन ड्यूटी करनी होगी।

# साठा धान लगाने से बहेड़ी में लगातार गिर रहा है जलस्तर

## किसान दिवस में उठी समस्या, उपनिदेशक बोले-मामला संज्ञान में

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** विकास भवन में बुधवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में किसान दिवस में बहेड़ी के किसानों ने कम जलस्तर का मुद्दा उठाया। किसानों ने कहा कि साठा धान लगाने से यहां का जल स्तर कम होता जा रहा है। उप निदेशक कृषि ने कहा कि यह समस्या कई बार उठ चुकी है और मामला शासन के संज्ञान में है। आश्वासन दिया कि इस पर जल्द ही शासन से कोई नियमावली जारी की जाएगी।

आचार संहिता हटने के बाद हुए पहले किसान दिवस में डीएम ने किसानों की समस्याओं और शिकायतों को सुनकर निस्तारण के निर्देश दिए। किसानों ने डीएम के सामने गन्ना मूल्य भुगतान, तौल से संबंधित शिकायतें रखीं। जिलाधिकारी ने नवाबगंज और केसर शुगर मिल के जीएम को बुलाकर बात करने, गन्ना किसानों की समस्याओं से प्रमुख सचिव गन्ना को अवगत कराने के लिए पत्र लिखने के आदेश दिए। किसान दिवस में जिले में हर घर जल योजना के तहत जल निगम की ओर से बनाई गई टंकियों के पानी की सप्लाई न मिलने और खराब सड़कों की शिकायत की गई। डीएम ने सीडीओ को मामले को दिखवाने के लिए कहा। कार्यदायी संस्था से उन गांवों की सूची मांगने के लिए कहा जहां पर सड़कें दुरुस्त हो चुकी हैं और चेतावनी भी दी कि सूची में दिए गए गांवों की सड़कें मौके पर सही नहीं मिली तो कार्रवाई की जाएगी। वहीं किसानों ने आर्गेनिक फसलों की बिक्री के लिए सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। इस मौके पर एडीएम प्रशासन दिनेश, उप निदेशक कृषि, विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, उद्यान विभाग, नलकूप विभाग, गन्ना विभाग, जिले के प्रगतिशील किसान भी मौजूद रहे।



किसान दिवस पर अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी।

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस में सुनी समस्याएं

## खरीद के आंकड़ों और गोदाम में पहुंचे गेहूं का किया मिलान

**बरेली,अमृत विचार:** गेहूं की खरीद 15 जून को समाप्त हो गई थी। इसके बाद खाद्य विपणन विभाग के अधिकारियों की तरफ से बुधवार को खरीद के आंकड़ों और एफसीआई में पहुंचे खाद्यान्न का मिलान किया गया। इसके अनुसार जितना गेहूं खरीदा गया है, सभी एफसीआई के गोदामों तक पहुंच चुका है।

खाद्य विपणन विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस साल 15 जून तक कुल 36345.58 मीट्रिक टन खरीद की गई थी। किए गए मिलान के अनुसार 36305.33 मीट्रिक टन गेहूं एफसीआई के गोदामों में जमा हो गया है। लगभग 28.80 किलो गेहूं बच रहा है, जिसकी रिकवरी ठेकेदारों से की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस साल जिले में कुल 137 क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद की गई थी। 6164 किसानों से खरीद हुई, जिसमें से 99.87 प्रतिशत किसानों को भुगतान किया जा चुका है। डिप्टी आरएमओ कमलेश पाण्डेय ने बताया कि कुछ किसानों का भुगतान तकनीकी गड़बड़ी के कारण नहीं हो पाया है, जल्द ही उनका भुगतान भी कर दिया जाएगा।

Medical Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

SRI SUPRABHA GI VENUS NURSING HOME
WE CURE WITH CARE
13 वर्षों का अनुभव
डॉ. सरिता शर्मा
MBBS, (Gold Medalist) DGO
प्रसूति, स्त्री रोग एवं बाँझपन रोग विशेषज्ञ
समय 10 बजे से 3 बजे तक, शाम 6 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सुविधायें ● नार्मल डिलीवरी को प्राथमिकता ● दवाईयों द्वारा गर्भपात एवं नसबन्दी की सुविधा ● दर्द रहित प्रसव की सुविधा ● बच्चेदानी की रसौली ● माहवारी की समस्यायें ● बांझपन का इलाज ● गर्भाशय में कैंसर की जाँच एवं प्राथमिक इलाज
सनराईज एन्क्लेव (निकट एलिस ग्रीन बैंकेट हॉल), डोहरा रोड, बरेली
फोन : 0581-7963213, 9568303926

THE TOOTH LOUNGE Regd. No. : 21537
A COMPLTE DENTAL CARE SOLUTION
● दाँतों के क्राउन और ब्रिज बनवाना ● दाँतों के रंग की फिलिंग करना ● दाँतों का निकालना ● दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग ● दाँत एवं बत्तीसी बनवाना ● RCT ● डिजिटल एक्स-रे ● टेढ़े मेढ़े दाँतों में तार लगाना ● डेंटल इम्प्लांट
डॉ. नेहा अग्रवाल
BDS, MIDA (Dental Surgeon)
Mob. : 9870822971
Timing : 11 AM to 3 PM & 5 PM to 8 PM
83, सिविल लाइन्स निकट किप्स हीरो सर्विस सेन्टर, चौपला रोड, बरेली।

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक ऑंखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB MNAMS CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ड एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
नाक, कान व गला एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/-
मिलने का समय (सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 07:30 बजे से 9 बजे तक
हर मंगलवार फ्री परामर्श रजिस्ट्रेशन ₹50/-
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

## योग शपथ में प्रदेश में रुविवि रहा सबसे आगे

**बरेली, अमृत विचार :** गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के लिए उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों की ओर से ली जा रही ऑनलाइन योग शपथ में रुहेलखंड विश्वविद्यालय पहले स्थान पर रहा है। विश्वविद्यालय ने 146559 लक्ष्य के सापेक्ष 211805 लोगों को ऑनलाइन शपथ दिलाई। विश्वविद्यालय ने लक्ष्य के सापेक्ष 144 प्रतिशत ऑनलाइन शपथ दिलाईं। वहीं अयोध्या विश्वविद्यालय सिर्फ 24 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर सबसे पीछे 12वें नंबर पर रहा।

राज्यपाल के निर्देश पर 12 से 18 जून तक अभियान चलाया गया। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने अधिक से अधिक शपथ के लिए परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा का प्रवेश पत्र डाउनलोड करने पर ऑनलाइन शपथ का सर्टिफिकेट जरूरी कर दिया था। इसकी वजह से विश्वविद्यालय सबसे आगे निकल गया। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि योग प्रतिज्ञा कार्यक्रम में पूरे दिल से भाग लेकर, हमने अपने छात्रों और व्यापक समुदाय के बीच योग की परिवर्तनकारी शक्ति के लिए गहरी अभिरुचि पैदा करने का लक्ष्य रखा।

# 34 सहकारी संघ में 80 फीसदी निष्क्रिय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले के 34 सहकारी संघ के अध्यक्षों में 80 फीसदी निष्क्रिय हैं। वे काम करने के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन कइयों को अपने अधिकार ही नहीं पता हैं और सचिव पर निर्भर हैं। कई अध्यक्षों के पास काम ही नहीं है। एक सचिव के पास 6-6 संघों का कार्यभार है। ऐसे में किसान की आय बढ़ाने के लिए अध्यक्ष कुछ नहीं कर पा रहे हैं।

करगैना में सहकारी संघ का पराग फैक्ट्री के पास अपना भवन है लेकिन जर्जर है और इसमें बैठने को कुर्सी तक नहीं है। संघ की जगह पर अब आसपास के लोग अपना सामान रख रहे हैं। अध्यक्ष मोनू पांडेय ने बताया कि यहां बीज भंडार भी है लेकिन चल नहीं रहा। चारदीवारी बनाने के लिए फंड ही नहीं है।

सहकारी संघ हाफिजगंज के मनोज दिवाकर ने बताया कि संघ बंद पड़ा है। जहां पहले बीज गोदाम होता था वह भवन टपकता है। एक कमरा है इसमें अध्यक्ष ओर सचिव बैठते हैं। नवाबगंज में रिछौला संघ में सुपरवाइजर के पास पांच संघ का चार्ज है। यहां का भवन जर्जर है। बीज खाद का व्यापार ठप है। खतौआ संघ में सुपरवाइजर राजेश के पास आठ संघ का चार्ज है। नवाबगंज में चार संघों में किसी में काम नहीं हो रहा है। यहां पहले किसानों को खाद दवा का वितरण होता था लेकिन अब सब ठप है। भुता ब्लाक में दलपुरा संघ की हालत भी ठीक नहीं है। भगवंतापुर में काम कम है। बहेड़ी में सहकारी संघ गिरधरपुर है लेकिन गिरधरपुर गांव में इस नाम का संघ नहीं होने की बात लोगों ने बताई। बिशारतगंज स्टेशन के सामने ही संघ का अपना भवन है लेकिन यह टूटा है। पहले कोटा बंटता था लेकिन वह भी हट गया है।



करगैना सहकारी संघ का भवन हो गया है जर्जर। ● अमृत विचार

### भुता के नवादा में अब भी चल रहा संघ का पुराना काम

भुता के नवादा संघ ऐसा है जहां अब भी पुराना काम चल रहा है। पहले संघ का मुख्य काम किसान को एक क्विंटल गेहूं दो और उससे सवा क्विंटल गेहूं जमा कराओ। यह काम अब भी चल रहा है जबकि जिले के किसी भी संघ में यह काम नहीं हो रहा है। यहां की अध्यक्ष मिथिलेश हैं लेकिन काम उनके पति दिनेश गंगवार देखते हैं। दिनेश बताते हैं कि किसान गेहूं ले जाकर उसे जमा करते हैं। गोदाम में अब भी दो हजार क्विंटल गेहूं है। जो किसान गेहूं ले जाकर नहीं दे रहे हैं उनसे उगाही भी हो रही है। उन्होंने 1025 क्विंटल गेहूं बांटा था और अब तक एक हजार क्विंटल गेहूं आ गया है। बताया कि पहले के सचिव यहां से हटे तो अपने साथ खाद बांटने का काम भी साथ ले गये। पांच महीने में चार हजार कट्टे खाद बेची थी लेकिन सचिव के हटने के बाद यह व्यवसाय बंद हो गया है। इसे फिर से चालू होना चाहिए।

- कई अध्यक्षों को नहीं पता काम, सिर्फ सचिव पर निर्भर

> संघ और समितियां एक साथ नहीं चल सकती हैं। संघों को साधन सहकारी समितियों में विलय किया जाएगा। समिति और संघ का काम एक ही है। कर्मचारियों की कमी है। अब केवल समितियां ही चलेंगी।
>
> –**राजेश कुमार**, डीआर कोऑपरेटिव

## दलित उत्पीड़न के खिलाफ भीम आर्मी का एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन


एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन करते भीम आर्मी के कार्यकर्ता।

**बरेली, अमृत विचार :** दलित उत्पीड़न के खिलाफ बुधवार को भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने एसएसपी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। उसके बाद एसएसपी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। पदाधिकारियों ने बताया कि जिले के विभिन्न थानों पर पुलिस द्वारा दलितों का शोषण किया जा रहा है। आंवला व थाना अलीगंज ऐसे दो मामले सामने आए हैं। 16 जून को अलीगंज में दो पक्षों के बीच हुए विवाद में आजाद समाज पार्टी के जिला सचिव आरिश खान थाने गए। आरोप लगाया कि थाना अध्यक्ष ने जिला सचिव को थाने में बंद कर गाली-गलौच की। दूसरे पक्ष को बुलाकर मुकदमे में उनका नाम बढ़ा दिया गया। आंवला में दलित समाज के विक्रम को उसके गांव के युवक ने बिजली का करंट लगा कर मौत के घाट उतार दिया था। इन सभी मामलों की निष्पक्ष जांच करवाते हुए कार्रवाई की मांग की।

## राजीव गुप्ता को सौंपा गया अध्यक्ष का दायित्व



**बरेली, अमृत विचार :** आईवीआरआई सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संगठन की ओर से बुधवार को बैठक की गई। इसमें रिटायर्ड कर्मियों के मेडिकल संबंधित बिलों व कुछ नियमों में बदलाव के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान कर्मियों का कहना था कि मुख्य प्रशासनिक अधिकारी और वित्त व लेखाधिकारी की ओर से रिटायर्ड कर्मियों को परेशान किया जा रहा है। बैठक में जीएन शर्मा को संरक्षक नियुक्त किया गया। अध्यक्ष पद पर राजीव गुप्ता मनोनीत हुए। जीडी अमोला व मुन्ना पाठक को उपाध्यक्ष, आलोक माथुर को मीडिया प्रभारी और मोहम्मद वसीम को सचिव नियुक्त किया गया।

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर काटा केट



**बरेली, अमृत विचार :** महानगर कांग्रेस कमेटी की तरफ से कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला ने कहा कि राहुल गांधी ऐसे लोकप्रिय नेता हैं, जिन्होंने रायबरेली व वायनाड से चुनाव जीता है। जनता उन्हें हर जगह पसंद कर रही है। जनता चाहती है कि वह प्रधानमंत्री बनें। इस दौरान पश्चिमी युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला, पीसीसी व प्रवक्ता योगेश जौहरी, महासचिव सरवत हुसैन हाशमी, फिरोज खान, राजेश कुमार, हाजी सुलतान, पूर्व पीसीसी असलम चौधरी, पूर्व पार्षद महेश पंडित, राकेश मिश्रा, मुजम्मिल हुसैन, आबिद रजा, मोहम्मद हसन, यासीन, रवि कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन



**बरेली, अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने नवादा शेखान में बच्चों के बीच जाकर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। केक काटकर राहुल की लंबी उम्र की कामना की तथा बच्चों को केक के साथ फल, फ्रूटी व स्टेशनरी आदि का वितरण किया गया। जिला उपाध्यक्ष दिनेश दद्दा, जुनैद हसन एडवोकेट, शेखर अग्रवाल, उल्फत सिंह कठेरिया, कमरुद्दीन सैफी, सुनील कुमार, सिद्धार्थ कुमार ,आयुष कठेरिया, आर्य लाल, कुमारी सिया एवं जल मानसी आदि उपस्थित रहे। वहीं जिलाध्यक्ष ने कैंप कार्यालय सिरौली में केक काटकर व पौधरोपण कर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। कलीम खां, रियाजुल प्रधान, रिंकू वाल्मीकि, अनुज पाठक, तरुण चहल व अबरार खां आदि उपस्थित रहे।

## 20 से 23 जून तक मनाया जाएगा रजत महोत्सव

**बरेली, अमृत विचार :** मॉडल टाउन स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में शिव दरबार, राम दरबार आदि की प्राण प्रतिष्ठा के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। 20 जून से 23 जून तक होने वाले इस आयोजन में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंदिर प्रबंधक समिति के महामंत्री संजीव चांदना ने बताया कि पहले दिन बुआ दाती संकीर्तन मंडल की ओर से संगीतमय संकीर्तन होगा। 21 जून की शाम बांके बिहारी के नाम रहेगी। 22 जून को ठाकुर जी का मेहंदी उत्सव व भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। 23 जून को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे एवं राधा रानी का हल्दी महोत्सव भी मनाया जाएगा। देर रात तक भजन कीर्तन का आयोजन भी किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### योग के प्रति जागरूक करने के लिए मशाल यात्रा



**बरेली, अमृत विचार** : योग सप्ताह के पांचवे दिन जिले के सभी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी अमरदीप नायक के निर्देश पर मशाल यात्रा निकाली गई। इसके माध्यम से लोगों को योग के प्रति जागरूक किया गया। मशाल यात्रा गांधी उद्यान से स्पोर्ट्स स्टेडियम तक निकाली गयी। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दूसरी ओर नेहरू युवा केंद्र में ब्रह्मकुमारी संस्थान द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. अभिषेक, डॉ. विश्वजीत, डॉ. योगेंद्र, डॉ. अमरीश, डॉ. रामदास, डॉ. अजयपाल, योग प्रशिक्षक विभाकर, विजय, नित्या आदि उपस्थित रहे।

### मेहनती हैं तो कोई लक्ष्य पाने से नहीं रोक सकता



**बरेली, अमृत विचार** : रुहेलखंड विश्वविद्यालय में नेहरू केंद्र में विकसित भारत में सामग्री विज्ञान की भूमिका विषय पर व्याख्यान हुआ। कुलपति प्रो. केपी सिंह की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) रोपड़ के निदेशक प्रो. राजीव आहूजा ने कहा कि यदि आप ईमानदार और मेहनती हैं तो आपको अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने से कोई नहीं रोकेगा। इस मौके पर अनुसंधान निदेशक प्रो. सुधीर कुमार, सहायक निदेशक डॉ. ललित कुमार पांडे, प्रो. भोला खान, प्रो. यतींद्र कुमार, डॉ. करुणा, प्रो. आशुतोष प्रिया और प्रो. अर्चना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### दैविक ने स्केटिंग प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

**बरेली, अमृत विचार** : स्पर्श ग्रुप ऑफ होटल व जयपुरिया स्कूल के निदेशक अंकित अग्रवाल के बेटे दैविक अग्रवाल ने दिल्ली में आयोजित स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी मां रति अग्रवाल ने बताया कि महज 4 साल की आयु में बेटे को यह पुरस्कार मिलने से वह बेहद उत्साहित हैं। स्केटिंग कोच वरुण दीक्षित, हॉबी टाउन के डायरेक्टर अंकित बग्गा ने भी इस उपलब्धि पर दैविक को बधाई देते हुए उत्साहवर्धन किया।

### आर्ट ऑफ लिविंग की टीम ने बांटा शरबत



**बरेली, अमृत विचार** : निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से गांधी उद्यान के सामने शरबत वितरण कैंप लगाया गया। इस दौरान राहगीरों को शरबत के साथ बिस्किट के पैकेट वितरित किए गए। इस अवसर पर शमा गुप्ता, प्रतिभा अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, कुसुम बाटला, मधुबाला, आशा व मीरा उपस्थित रहीं।

### पंजाबी महासभा ने पिलाया शरबत



**बरेली, अमृत विचार** : निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में मंगलवार को पंजाबी महासभा की ओर से शरबत वितरण किया गया। सुबह से शाम तक चले आयोजन में काफी संख्या में लोगों ने प्यास बुझाई। लोगों को धूप से बचाव के लिए अंगोछे भी वितरित किए गए। इस अवसर पर अध्यक्ष संजय आनंद, महामंत्री देवराज चंडोक, शिव मक्कर, प्रिंस, सोढ़ी, रोहित सभरवाल, गुलशन आनंद, सोनू, अमरीश ग्रोवर, अमित, मनीषा आहूजा, नेहा, सिम्मी आदि उपस्थित रहे।

### स्वर संगम सेवा सदन ने किया शरबत वितरण

**बरेली, अमृत विचार** : ब्रजरूप मेमोरियल स्वरसंगम सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से हार्टमैन रोड स्थित मंदिर पर सबील लगाया गया। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने राहगीरों को शरबत वितरण कर उनकी खूब दुआयें बटोरीं। अध्यक्ष उमेश चंद्र गुप्ता, साहित्य भूषण, सुरेश बाबू मिश्रा, विनोद कुमार गंगवार, वीरेंद्र गंगवार, धर्मेंद्र सोलंकी, संजीव कुमार शंखधार, कृष्ण पाल गंगवार, डॉ. रुचिन अग्रवाल, अशोक कुमार गंगवार, आलोक कोहरवाल आदि का सहयोग रहा।

### बरेली मंडल ने मुरादाबाद को 1-0 से हराया

**बरेली, अमृत विचार** : बाराबंकी में जूनियर बालिका फुटबॉल चैंपियनशिप में बरेली मंडल ने मुरादाबाद मंडल को 1-0 से हराया। जिला फुटबॉल संघ के सचिव मून रौबिंसन ने बताया कि मैच के अंतिम समय में वंशिका श्रीवास्तव के गोल से जीत मिली। गोलकीपर वैष्णवी ने कई गोल रोक कर टीम को मजबूत स्थिति में रखा। टीम मैनेजर वर्षा सरोज ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। आरएसओ जितेंद्र यादव, कोच शमीम अहमद, लवी रौबिंसन ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

# उद्योग की तरह चल रहा है नगर निगम हाउस टैक्स में गड़बड़ियों पर बोले सांसद

## आईआईए की बैठक में उद्यमियों ने उठाया गलत हाउस टैक्स निर्धारण का मामला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : नगर निगम के गलत हाउस टैक्स से परेशान उद्यमियों ने बुधवार को आईआईए की बैठक में सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार के सामने यह मुद्दा रखा। सांसद ने कहा कि नगर निगम एक उद्योग बन गया है और उसके जरिए कारोबार किया जा रहा है। अब वह भी नगर निगम का पदेन सदस्य बन गए हैं, अब वह इस मामले को देखेंगे और उद्यमियों की जो भी समस्या होगी, उसे हल कराएंगे।

स्टेशन रोड के एक होटल में आईआईए की बैठक में सांसद और विधायक का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया था। इसमें उन्होंने कहा कि परसाखेड़ा में पानी की जलापूर्ति नगर निगम की नहीं है लेकिन उद्यमियों को भेजे टैक्स बिल में जल मूल्य भी लगाया गया है। जीआईएस सर्वे में बिना मौके पर जाए भूमि की सही माप किए



आईआईए की बैठक में बोलते सांसद छत्रपाल गंगवार। ● अमृत विचार

● **परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में नगर निगम की जल आपूर्ति नहीं फिर भी जल मूल्य जोड़ा**

बिना बिल भेज दिए गए हैं। इस पर विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि बिना विचार किए नगर निगम में कुछ काम हो गए हैं, जिससे यह समस्या हुई है। उन्होंने कहा कि जिले में इतनी कभी गर्मी नहीं पड़ी। शहर में बिजली आपूर्ति की समस्या बढ़ रही है। यह समस्या नहीं आपदा है। इसमें सभी को सहयोग करना चाहिए। भविष्य में ओवरलोड से निपटने की जरूरत है। बताया कि करगैना में नया विद्युत उपकेंद्र बनेगा, इसके लिए जगह चयनित कर ली गई है। सुभाषनगर में बिजली समस्या दो दिन में हल हो जाएगी, ऐसा आश्वासन अधीक्षण अभियंता ने दिया है। पवन विहार में भी नया बिजली उपकेंद्र बनेगा।

आईआईए के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा सस्ती जमीन मिल जाए तो यहां 4-6 अच्छे उद्योग स्थापित हो जाएंगे। इससे औद्योगिक माहौल बनेगा। मास्टर प्लान में औद्योगिक क्षेत्र तो बेहतर कर दिया है लेकिन रोड सर्कुलेशन प्लान बन जाए तो उद्यमी इकाइयां लगा लें। उन्होंने आईवीआरआई को आयुष क्षेत्र में विकसित करने की भी बात कही।

आईआईए बरेली के चैप्टर चेयरमैन तनुज भसीन की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का संचालन सचिव मयूर धीरवानी ने किया। बैठक में डिवीजनल चेयरमैन विमल रिवाड़ी, सुरेश सुन्दरानी, एसके सिंह, मनोहर लाल धीरवानी, सतीश अग्रवाल, चन्द्र भूषण सक्सेना, पीयूष अग्रवाल, सुनीत मूना, कपिल चन्दानी, रिषभ दीक्षित, आशीष गुप्ता, आशुतोष शर्मा, राजीव आनन्द, रवि प्रकाश अग्रवाल, शेखर अग्रवाल, अशोक मित्तल, धनंजय विक्रम सिंह, श्रद्धा सक्सेना एडवोकेट, कोषाध्यक्ष रजत मेहरोत्रा, डॉ. विनोद पागरानी आदि मौजूद रहे।

# जनकपुरी गुरुद्वारे में सजा भव्य दीवान, कीर्तन सुन संगत निहाल



जनकपुरी स्थित गुरुद्वारे में कीर्तन करता रागी जत्था।

अमृत विचार, बरेली

● **प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में जनकपुरी स्थित गुरुद्वारा में हुआ कार्यक्रम**

**अमृत विचार** : गुरु हरगोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में बुधवार को जनकपुरी स्थित गुरुद्वारे में सुबह और शाम के समय दीवान सजाया गया। सुबह के दीवान में संगत कौर ने संगत को निहाल किया। शाम के दीवान में सोदर रहरास साहिब के पाठ के बाद भाई सतवंत सिंह और कवलजीत कौर मालिन के हजूरी रागी जत्थे ने कीर्तन किया।

इसके बाद कीर्तन करते हुए श्री गुरु ग्रंथ साहिब को उनके निजी स्थान पर श्रद्धापूर्वक पहुंचाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने अटूट लंगर भी बरता। प्रबंध कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि गुरुद्वारा में सुबह 8.30 बजे से 9 बजे तक दीवान सजेगा। शाम 4 बजे विशाल नगर कीर्तन निकाला जायेगा, जो रामजानकी मंदिर, शहीद चौक डीडीपुरम, झूले लाल द्वार, केके अस्पताल से बांके बिहारी मंदिर होते हुए रात में गुरुद्वारा साहिब पर पहुंच कर संपन्न होगा। 22 जून को सुबह से दोपहर तक मुख्य दीवान सजाया जाएगा। अमृत संचार 23 जून को गुरुद्वारा में आयोजित होगा।

# 50 से कम नामांकन वाले स्कूलों के प्रधानाध्यापकों से जवाब तलब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : परिषदीय स्कूलों में छात्रों का कम नामांकन शिक्षकों के साथ विभागीय अधिकारियों के लिए भी चुनौती बना हुआ है। 50 से कम नामांकन वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से बीएसए द्वारा जवाब भी तलब किया गया है। अब जुलाई से स्कूलों में छात्र नामांकन में वृद्धि को लेकर प्रभावी अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में विभागीय रूपरेखा तैयार कर ली गई है।

पिछले सप्ताह महानिदेशक स्कूल शिक्षा की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार जिले के 524 स्कूलों में 50 से कम नामांकन होने पर बीएसए को पत्र जारी कर प्रधानाध्यापकों से जवाब तलब करने के निर्देश दिए गए हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार स्कूलों में कम नामांकन की समस्या से निपटने के लिए विभाग की ओर

● **स्टाफ के साथ प्रधानाध्यापक घर-घर जाकर गिनाएंगे स्कूल की सुविधाएं**

से विशेष अभियान चलाने की योजना बनाई गई है। इस योजना के अंतर्गत 50 से कम नामांकन वाले स्कूलों में छात्र संख्या बढ़ाने के लिए प्रधानाध्यापक स्टाफ के साथ डोर टू डोर भ्रमण कर लोगों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करेंगे।

इसके अलावा स्कूलों में स्थापित आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लासेज और खेलकूद की सुविधाओं आदि के बारे में भी अभिभावकों को बताएंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि 50 के कम नामांकन वाले स्कूल के प्रधानाध्यापकों को पत्र जारी कर जवाब तलब किया गया है। इसके अलावा अधिक से अधिक नामांकन को लेकर भी योजना बनाई गई है।

# चार साल से भटक रहीं महिलाएं, कभी बजट का रोना, कभी कुछ और बहाना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **पारिवारिक लाभ योजना का महिलाओं को नहीं मिल पा रहा लाभ**

● **चक्कर लगा रही हैं एजाज नगर गौटिया की महिलाएं**

**अमृत विचार** : राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत सहायता राशि लेने के लिए महिलाएं विभाग के चक्कर काट-काट कर परेशान हैं। उनकी फरियाद सुनने वाला कोई भी नहीं। महिलाओं का कहना है कि कार्यालय में जाओ तो कोई ठीक से जवाब ही नहीं मिलता।

जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय पर मिलीं एजाज नगर की महिलाओं ने बताया कि वे तीन-चार साल से भटक रही हैं, लेकिन उन्हें कोई स्पष्ट जवाब ही नहीं दिया जाता। अपनी फरियाद लेकर वे कई बार तहसील दिवस में भी पेश हुईं। पार्षदों के माध्यम से भी अपने बात अधिकारियों तक पहुंचाई, पर कोई समाधान न निकल सका। चार साल पहले आवेदन करने वाली महिलाओं ने बताया कि दिसंबर में नए सत्र का बजट आने पर लाभ मिलने की बात कही गई, लेकिन इस सत्र के बजट में भी उन्हें कुछ नहीं मिल सका।

### बोले पार्षद, हम साथ जाएं तो बता देते हैं दलाल

एजाज नगर गौटिया के पूर्व पार्षद मुशर्रफ अंसारी ने बताया कि फरियाद लेकर जाने पर समाज कल्याण अधिकारी दुर्व्यवहार करती हैं। उन्होंने तो लोगों की समस्याएं लेकर समाज कल्याण विभाग में जाना ही बंद कर दिया है। विभाग में अकेले फरियादी की नहीं सुनी जाती है। यदि जनप्रतिनिधि उनके साथ जाते हैं तो उन्हें दलाल बता कर दुर्व्यवहार किया जाता है। इस विषय पर जब समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा से उनका पक्ष जानना चाहा तो उनका फोन नहीं उठा। इस पर राष्ट्रीय परिवार कल्याण योजना का काम देख रहे बाबू से बात की तो उन्होंने बताया कि नए सत्र का बजट आचार संहिता की वजह से नहीं आ सका था। 6 जून को आचार संहिता हटी है। एक-दो दिन में बजट आएगा तब पात्र महिलाओं को लाभ मिल सकेगा।

### टालमटोल सुनते-सुनते बरसों बीत गए

चार साल पहले पति की मौत हो गई थी। इसके बाद पारिवारिक लाभ योजना का फॉर्म भरा था। अब तक हमें कोई लाभ नहीं मिल पाया है। जब भी कार्यालय में आओ तो कहा जाता है कि अगले महीने पैसा मिल जाएगा, पर चार साल बीत गए, अब तक कुछ नहीं मिला। **– मन्ना**

2020 में पारिवारिक लाभ योजना का फॉर्म भरा था। चार साल बीत चुके हैं, लेकिन आज तक हमें कोई सहायता नहीं मिल सकी। हर बार कोई न कोई टालमटोल करके हमें वापस कर दिया जाता है। कई बार तहसील दिवस में भी शिकायत की, पर कुछ नहीं मिल सका। **–मेहताब जहां**

मेरे पति की मृत्यु दो साल पहले हो गई थी। इसके बाद मैंने पारिवारिक लाभ योजना का फॉर्म भरा था। घर में काफी तंगी का महौल है। दफ्तर के चक्कर काट-काटकर परेशान हो चुकी हूं। अब तक पैसा नहीं आया है। जब भी आओ, कुछ न कुछ बहाना बना दिया जाता है। **–नूरुल निशा**

मैंने दो साल पहले पारिवारिक योजना से सहायता लेने के लिए फॉर्म भरा था। बहुत गरीबी का समय काट रहे हैं। दो बच्चों की जिम्मेदारी सिर पर है, उम्मीद थी कि पैसा मिलेगा तो कुछ राहत मिल जाएगी। विकास भवन के चक्कर इसी उम्मीद में लगाती हूं कि शायद पैसा आ गया हो, पर हर बार वापस लौटना पड़ता है। **–कैसर बानो**

### परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू

**बरेली, अमृत विचार**: रुहेलखंड विश्वविद्यालय की परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा बुधवार से शुरू हो गई। विश्वविद्यालय की अब लगभग सभी परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं और जुलाई के पहले सप्ताह तक समाप्त हो जाएंगी। इसके बाद नए सत्र में प्रवेश शुरू होंगे। विश्वविद्यालय ने इस बार समय पर सत्र शुरू करने के लिए भीषण गर्मी में जून भी परीक्षाएं कराई हैं।

परीक्षा के लिए नौ जिलों में केंद्र बनाए गए हैं। बरेली कॉलेज में परीक्षा के दौरान चेकिंग की गई।

# उर्स-ए-गौहरी में सजाई सूफियाना महफिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : बिथरी चैनपुर में परसौना स्थित वक्फ दरगाह हजरत सैयद गौहर अली अलमारूफ भीटा शाह बाबा पर चल रहे सालाना उर्स-ए-गौहरी में सूफियाना कव्वाली की महफिल सजाई गई। इसमें मोबीन नियाजी कव्वाल और दिल्ली से आए गुलाम वारिस वारसी ने कलाम पेश कर माहौल को और भी सूफियाना बना दिया।

इससे पहले सुबह कुरानख्वानी का आयोजन हुआ। शाम चार बजे हजरत मस्तान शाह बाबा के कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। दरगाह प्रमुख शाह मोहम्मद वसीम मियां चिश्ती साबरी ने सभी के लिए दुआ की। दिन भर दरगाह शरीफ पर अकीदतमंद हाजिरी पेश करते रहे। दरगाह सचिव एवं उर्स प्रभारी मोहम्मद रिजवान साबरी ने मेहमानों का इस्तकबाल किया।



दरगाह पर महफिल के दौरान अकीदतमंद। ● अमृत विचार

● **दरगाह पर दिन भर चलता रहा चादपोशी का सिलसिला**

दरगाह के मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजीम साबरी ने बताया कि गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे महफिले रंग और दोपहर 2:15 बजे नातो मनकबत व तकरीर का कार्यक्रम होगा। अपराह्न 3:30 बजे मुख्य कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। इस मौके पर भाजपा नेता जफर बेग, समाजसेवी नदीम कुरैशी, नदीम साबरी, तारिस साबरी, जाहिद बेग, आसिफ खान साबरी, आकिब साबरी, नसरत साबरी, एहतेशाम साबरी, मोहम्मद जाफर, तस्लीम रजवी, मोहम्मद अरशद छोटा, मोहम्म अशफाक बब्लू आदि उपस्थित रहे।

# उर्स-ए-खालिदी का पोस्टर जारी, 27 को होगा कुल

**बरेली, अमृत विचार** : सुन्नी बरेलवी मसलक के मजहबी रहनुमा खानदान आला हजरत के बुजुर्ग व हुजूर मुफ्ती-ए-आजम हिंद के नवासे हजरत खालिद-ए-मिल्लत खालिद मियां के उर्स का पोस्टर बुधवार को जारी हुआ। 18वां उर्स-ए-खालिदी 26 व 27 जून को दारुल उलूम मजहर-ए-इस्लाम बीबी जी मस्जिद में आयोजित किया जाएगा।

उर्स सज्जादानशीन अनस रजा कादरी की सरपरस्ती और हजरत सैफी मियां की सदारत में संपन्न होगा। सभी कार्यक्रम सैयद शोएब मियां की निगरानी में होंगे। मीडिया प्रभारी जुबैर रजा खालिदी ने बताया कि 26 जून को दारुल उलूम मजहर-ए-इस्लाम में फज्र की नमाज के बाद कुरान ख्वानी होगी। रात में नातो मनकबत की महफिल

● **कुछ जायरीन को इस बार इनाम में दिए जाएंगे उमराह के टिकट**

के अलावा उलमा की तकरीर होगी। उसके बाद मुफ्ती-ए-आजम का कुल होगा। 27 जून को सुबह 9 बजे कार्यक्रम शुरू होगा। उसके बाद दोपहर 12 बजकर 25 मिनट पर कुल शरीफ होगा। मीडिया प्रभारी ने बताया कि इस बार कुछ जायरीन को उमराह टिकट इनाम में दिया जाएगा। इसके लिए जायरीन को कुल से पहले उमराह टिकट का कूपन मस्जिद बीबी जी में जमा करना होगा। मुफ्ती सगीर अहमद, हाफिज जुबैर रजा खालिदी, मौलाना जाकिर रजा, मौलाना इमरान रजा, हसनैन रजा, सकलैन रजा खान, मौलाना तौसीफ नूरानी, कमर रजा, हस्सान रजा, अजीम रजा, हस्सान रजा, गुलाम मुहम्मद आदि को जिम्मेदारी सौंपी गई।

अमृत विचार
सूचना
प्रिय पाठक,
यदि आपका अपना प्रिय अखबार "अमृत विचार" मिलने या शुरू करने में कोई असुविधा हो रही हो तो निम्न नम्बर पर हमें सम्पर्क करें।
मो. : 9149383028, 8171573817
8218557116, 9627606999, 7017495144
9410632807
पढ़ते रहिये "अमृत विचार" सिर्फ ₹ 5/-

Bareilly International University
Dental College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
REQUIREMENT
Accountant (04)
Fresher may apply.
Qualification - B. Com, M. Com, CA trainee
CA drop candidate, CA intermediate.
Basic knowledge of Accounting
software is must.
Contact Number/WhatsApp - 9568131000

### वाराणसी, लखनऊ, मेरठ और शाहजहांपुर ने जीते मैच

**बरेली, अमृत विचार** : मानस स्थली स्कूल में 22 वीं यूथ उत्तर प्रदेश राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप में दूसरे दिन बुधवार को 20 जिलों की टीमों के बीच मैच हुए। बालिका वर्ग में वाराणसी ने कानपुर की टीम को 39-06 से, लखनऊ ने हापुड़ को 32-10 से, गौतम बुद्ध नगर ने झांसी को 66-00 से हराया। वहीं बालक वर्ग में मेरठ ने उन्नाव को 48- 00, वाराणसी ने महोबा को 58-18, शाहजहांपुर ने मीरजापुर को 11-04 और मुरादाबाद ने संभल को 39-04 अंक से हराया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सोनेंद्र श्रोतीया, डेविड मैसन, संजय सिंह, मोहम्मद कमर, प्रशांत एवं सुरेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# हालात से जूझते हुए युवक की दास्तां हैं नाटक सिजोफ्रेनिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : रंगालय एकेडमी ऑफ आर्ट एंड कल्चरल सोसाइटी द्वारा थिएटर अड्डा में बुधवार को एमेच्योर थिएटर ग्रुप गोरखपुर द्वारा नाटक सिजोफ्रेनिया का मंचन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. विनोद पागरानी, कौशल सारस्वत ने दीप प्रज्ज्वलित कर की।

नाटक में दर्शाया गया कि सिजोफ्रेनिया एक ऐसा मानसिक रोग है, जिसमे पीड़ित अपने वर्तमान से बिल्कुल कट जाता है। उसे सिर्फ पुरानी यादें याद रह जाती हैं। उसे वो आवाजें भी सुनाई देती हैं, जो वास्तव में होती ही नहीं है।

● **एमेच्योर थिएटर ग्रुप गोरखपुर की ओर से थिएटर अड्डा में किया गया मंचन**

इस रोग को केंद्र में रखकर रचा गया नाटक सिजोफ्रेनिया दर्शकों को भीतर तक झकझोर गया। नाटक में नायक नासिर अपनी पीड़ित मां की देखभाल करता है, जबकि उसका भाई सलीम मां की पेंशन और बैंक बैलेंस पर नजर गड़ाये रखता है। उसे मां की बीमारी से कोई मतलब नहीं है। मां की देखभाल करने की जद्दोजहद में नासिर को उसके प्रोजेक्ट से निकाल दिया जाता है। उसके परिवार के सामने आर्थिक संकट खडा हो जाता है। इस बीच मां की मृत्यु होने के बाद आर्थिक रूप से टूटा नासिक मानसिक रूप से भी टूट जाता है। नियति का खेल ऐसा होता है कि वह भी सिजोफ्रेनिया का शिकार हो जाता है। नाटक में मीरा सिकदार, शशि शेखर, मुकेश प्रधान, अंजना लाल, अमन श्रीवास्तव, नंदा राम जाट, ऋतिक सिंह, आदित्य राजन व आसिफ जहीर ने मुख्य भूमिकाएं निभाईं। लेखन एवं निर्देशन आसिफ जहीर का रहा।

कार्यक्रम का संयोजन शैलेंद्र कुमार आजाद ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शालिनी गुप्ता, शुभि, सुशील, मोहित, अजय गौतम, सचिन श्याम भारतीय व संजय शर्मा का सहयोग रहा।

### बाह्य परीक्षक के न आने से टली प्रयोगात्मक परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार**: बरेली कॉलेज ने बीएससी की भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा बाह्य परीक्षक के न आने की वजह से टाल दी हैं। अब परीक्षा 23 जून को होंगी। इससे पहले भी भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा टाली गई थीं। विभागाध्यक्ष प्रो. वीपी सिंह के मुताबिक भौतिक विज्ञान विषय की बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की पंचम बैच, चतुर्थ सेमेस्टर पंचम बैच और बीएससी तृतीय वर्ष (वार्षिक) के छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा 20 जून को प्रस्तावित थी लेकिन अब बाह्य परीक्षकों के आने में असमर्थता जताने की वजह से परीक्षा 23 जून को सुबह 10 बजे होगी। इसके अलावा बीएससी द्वितीय वर्ष (वार्षिक) के छात्रों की प्रयोगात्मक परीक्षा 23 जून को सुबह 10 बजे होगी।

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें दर्द रहित उपचार
सैक्स रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज



डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार

धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।

नशा छुडाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।

नोट:- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।

डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174


# ट्रेन से कटकर युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सीबीगंज के पास ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। ट्रैक पर शव पड़ा होने से ट्रेनों का संचालन भी प्रभावित हो गया। आरपीएफ और स्थानीय पुलिस ने शव हटाकर ट्रेनों का संचालन बहाल कराया। युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

आरपीएफ के मुताबिक सूचना मिली कि किलोमीटर संख्या 10/04 के पास एक 25 वर्षीय युवक का शव ट्रैक पर पड़ा है। मौके से शव को हटाया गया। शिनाख्त नहीं होने के कारण सीबीगंज थाने की पुलिस ने अज्ञात में पंचनामा भरा। इसकी वजह से 04068 दरभंगा स्पेशल ट्रेन को रोकना पड़ा। मुरादाबाद से बरेली के बीच में ट्रेन ढाई घंटा से ज्यादा लेट हो गई और जंक्शन चार घंटा 47 मिनट की देरी से पहुंची। ट्रेन में बैठे रजनीश नाम के यात्री ने एक्स पर पोस्ट कर ट्रेन लेट होने की वजह पूछी।

# महकमे में बढ़ते भ्रष्टाचार पर सभी सीओ को पड़ी एडीजी की फटकार

## एसएसपी को दिए थाना प्रभारियों को चिह्नित कर कार्रवाई करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में सिपाही से लेकर सीओ तक पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं। इससे नाराज एडीजी जोन पीसी मीना ने बुधवार शाम अधिकारियों की बैठक में पुलिस की फजीहत कराने वाले सभी सीओ को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान को निर्देश दिए कि जिन थाना प्रभारियों की शिकायतें मिल रही हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई करें।

बैठक में एडीजी ने सभी अधिकारियों को आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए धर्म गुरुओं, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों और पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर सामंजस्य स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलों में कांवड़ यात्रा का रूट निर्धारित करने और मार्ग का पहले ही निरीक्षण करने और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा चाक चौबंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीओ के पास लंबित विवेचनाओं का जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। इस साल हुई चोरी की घटनाओं की समीक्षा कर उन्होंने चोरियां रोकने के लिए प्रभारी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

बैठक में एडीजी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अधिकारियों के फोन न उठाने की सबसे अधिक शिकायतें आ रही हैं। इसकी वजह से मीडिया से बेहतर संवाद नहीं हो पा रहा है। शासन से साफ आदेश है कि सरकारी नंबरों को 24 घंटे अधिकारी उठाएंगे, लेकिन कुछ अधिकारी इसके बावजूद भी फोन नहीं उठाते हैं। उन्हें चिह्नित किया जाए। बैठक में शीशगढ़, बहेड़ी, इज्जतनगर, फतेहगंज पूर्वी, आंवला, फरीदपुर और किला इंस्पेक्टर की लगातार शिकायतें मिलने की भी बात हुई।

इस पर एडीजी ने कहा कि ऐसे थाना प्रभारियों को चिह्नित कर कार्रवाई करें। बैठक में आईजी रेंज डॉ. राकेश सिंह, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, एसपी देहात दक्षिणी मानुष पारीक, एसपी देहात उत्तरी मुकेश चन्द मिश्रा, एसपी ट्रैफिक शिवराज, एसपी सिटी राहुल भाटी, सीओ प्रथम पंकज श्रीवास्तव, सीओ द्वितीय संदीप सिंह, सीओ तृतीय अनिता चौहान, सीओ मीरगंज दीपशिखा अहिवरन, सीओ एलआईयू संजय मिश्रा आदि रहे।

### ट्रैफिक जाम की शिकायतें और वसूली पर नाराजगी

एडीजी ने शहर में लगातार जाम लगने और ट्रैफिक पुलिस और अन्य पुलिसकर्मियों की वसूली के मामले पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने एसपी ट्रैफिक समेत अन्य अधिकारियों से कहा कि इस तरह की शिकायतें लगातार पुलिस की छवि को धूमिल कर रही हैं। ऐसे लोगों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाए। शहर में जाम किसी भी हालत में न लगे।

### बैठक में छिपती नजर आईं सीओ मीरगंज

ईंट भट्ठा मालिक से दो लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में फंसी सीओ मीरगंज दीपशिखा अहिवरन एडीजी की बैठक में सभी सीओ के आने के बाद पहुंची। जानकारी के मुताबिक सीओ बैठक में छिपती हुई नजर आ रही थीं। वह अंतिम कुर्सी पर लाइन से थोड़ा पीछे हटकर बैठी थीं ताकि एडीजी की नजर से बच जाएं।


सुनने और बोलने में समस्या?
बहरापन
कान की मशीनें
स्पीच थेरैपी हकलाना/तुतलाना आटिज्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006


# कंप्यूटर सिखाने के बहाने युवतियों से ठगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पीड़ित युवतियों ने एसएसपी कार्यालय में शिकायत कर की कार्रवाई की मांग
- घर के जेवर बेचने के साथ ही उधार रुपये लेकर कोर्स करने के लिए जमा की थी फीस

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में सिविल लाइंस में एक कंपनी ने कंप्यूटर कोर्स सिखाने के बहाने कई युवतियों से लाखों रुपये की ठगी कर ली। युवतियों से मार्केटिंग का काम कराया गया। जब युवतियों ने पैसे वापस मांगे तो साफ इन्कार कर दिया। युवतियों ने बुधवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की है।

सुभाषनगर के मोहल्ला नागफनी निवासी मुस्कान ने बताया कि उनके अलावा आशा राजपूत निवासी कमालपुर पालपुर, विनिता, बविता, निशा, मोहनी, प्रिया, आशा अंशिका, कुसुम सिविल लाइंस स्थित एक प्राइवेट कंपनी कार्यालय में काम करने वाली महिला के संपर्क में आईं। महिला ने उन्हें बताया कि उनकी कंपनी कंप्यूटर कोर्स कराती है। उसके बाद उन्हें कंपनी में ही नौकरी दे दी जाएगी। इसकी रजिस्ट्रेशन फीस सौ रुपये ली जाएगी। इसके बाद किसी से 30 हजार तो किसी से 35 से 40 हजार रुपये तक कोर्स कराने के बहाने ले लिए गए। उसके बाद उनसे कंप्यूटर कोर्स कराने के बजाय नेटवर्किंग के काम में लगा दिया गया।

उन्हें बताया गया वह जितने सदस्यों को जोड़ेंगी उन्हें उतना फायदा होगा। इस पर उन्हें ठगी का अहसास हुआ और उन्होंने कंपनी से पैसे वापस मांगे। उन लोगों ने घर के जेवर, रुपये उधार लेकर कोर्स करने के लिए रुपये जमा किए थे। उनके साथ धोखा हुआ है। सूदखोर उनके घर रुपये मांगने आ रहे हैं, जिससे वे लोग काफी परेशानी के दौर से गुजर रहे हैं।

# अब इमामबाड़े में की जा रही तोड़फोड़ रुकवाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ ने अपर नगर आयुक्त और एसडीएम सदर को लिखा पत्र

**अमृत विचार :** सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ ने किला स्थित नवाब साहब के इमामबाड़ा में की जा रही तोड़फोड को अवैध बताते हुए उसे रोकने की मांग की है। उन्होंने एसडीएम सदर और अपर नगर आयुक्त को पत्र लिखकर कार्रवाई की भी मांग की है।

सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ अंजना सिरोही ने पत्र में लिखा है कि ऐतिहासिक इमामबाड़ा को तोड़कर कॉम्पलेक्स बनवाने के लिए किए जा रहे अवैध निर्माण की कोशिश को रोकने का अनुरोध मुतवल्ली जमीर रजा ने किया है। शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड की तरफ से भी पत्र भेजकर बताया गया है कि वक्फ न्यायाधिकरण लखनऊ में तहव्वर अली बनाम उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के बीच चले मुकदमे के बाद वक्फ न्यायाधिकरण के आदेश पर शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने 17 दुकानों को वक्फ रजिस्टर से निरस्त कर दिया था। इमामबाड़ा अभी भी वक्फ अभिलेखों में दर्ज है। इससे पहले शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के खिलाफ इमामबाड़ा को अपनी पुश्तैनी संपत्ति बताने वाली हुमा जैदी के अधिवक्ता सैयद अली मुर्तजा ने जानकारी दी थी कि अप्रैल 2024 में वक्फ न्यायाधिकरण ने आदेश दिया था कि शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के सभी आदेश, जो वादीय व्यक्तिगत संपत्ति को वक्फ संख्या 1115 मानते हुए किए गए हैं, वो शून्य और अवैध घोषित किए जाते हैं।

# युवती से दुष्कर्म की कोशिश दरोगा बोला- समझौता कर लो

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र की एक युवती ने पड़ोसी पर दुष्कर्म की कोशिश करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि इस मामले में उसने तहरीर दी तो चौकी इंचार्ज ने समझौते का दबाव बनाया। पुलिस के मुताबिक दो पक्षों का विवाद हुआ था। दोनों पक्षों की तहरीर आई है। जांच कर रिपोर्ट लिखी जाएगी। युवती के अनुसार उसकी छोटी बहन के साथ पड़ोसी ने दुष्कर्म की कोशिश की थी। उन्होंने तहरीर दी तो चौकी प्रभारी ने कार्रवाई के बजाय उन्हीं लोगों को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे डाली। उसने एसएसपी से शिकायत की तो उन पर समझौते का दबाव बनाया गया।

### विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का आरोप

भोजीपुरा, अमृत विचार : एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायके वालों ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि, उनकी ओर से अभी तहरीर नहीं दी गई है। गांव घंघोरा घंघोरी निवासी आरिफ की पत्नी सोनम की मंगलवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पीआरवी की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा और सीओ हाईवे नितिन कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस के पहुंचने से पहले ही ससुराल वाले घर छोड़कर फरार हो गए।

## सार-संक्षेप

### 26 साल पुराना मुकदमा वापस लेने की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिमी के भाजपा नेताओं ने लखनऊ में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात की और 1998 में सपा सरकार में बिजली संकट पर हाईवे जाम करने के मामले में 463 भाजपा कार्यकर्ताओं पर दर्ज हुए मुकदमे को वापस लेने की मांग की। इसके अलावा रबड़ फैक्ट्री के केस में भी मदद की गुहार लगाई। इस मामले में पहले भी लोग स्थानीय जनप्रतिनिधियों और मंत्रियों से मुलाकात कर चुके हैं। राज्यपाल की अनुमति के बाद विशेष सचिव न्याय मुकेश कुमार सिंह डीएम-एसएसपी से रिपोर्ट भी ले चुके हैं, लेकिन अभी तक मुकदमा वापस नहीं हुआ है। राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री आशीष अग्रवाल ने मंगलवार को शशांक अग्रवाल, महेंद्र शर्मा, अंशुल सक्सेना, अमोद सिंह, सनी सिंह के साथ डिप्टी सीएम के अलावा वनमंत्री डॉ. अरुण सक्सेना, मंत्री कपिल देव अग्रवाल, स्वतंत्र देव सिंह, भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी, नगर विकास मंत्री एके शर्मा आदि से भी मुलाकात की।

### चोरी की योजना बनाते दो बदमाश गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात दरोगा चेतन कुमार पुलिस टीम के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। डेलापीर से गश्त करते हुए परतापुर जीवन सहाय पहुंचे तो वहां पर दो युवक चोरी की योजना बनाते मिले। इस पर उनकी टीम ने घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम साहिल और हनीफ निवासी परतापुर जीवन सहाय बताए। दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### पति ने लगाई पत्नी को वापस बुलाने की गुहार

**बरेली, अमृत विचार :** परिवार परामर्श केंद्र में आए पति ने पत्नी को वापस बुलाने की गुहार लगाई है। वहीं पत्नी ने बताया कि पति शराब पीकर मारपीट करता था, इस पर वह चली आई। चार साल तक ससुराल नहीं गयी। साथ ही ससुराल में गाली-गलौज का माहोल है, इसलिए वह अपने बच्चे को वहां परवरिश नहीं दे सकती इसलिए मायके में रहकर नौकरी कर बच्चे को पढ़ा रही है। दूसरी ओर पति का कहना था कि वह अपने घर वालों को नहीं बदल सकता, लेकिन शराब नहीं पीने का वादा कर सकता है। परामर्श केंद्र की काउंसलर हरिंदर कौर चड्ढा ने बताया महिला का मायका भी गांव में है। यह नहीं कहा जा सकता कि वहां का माहौल बहुत अच्छा ही होगा। यदि पिता का प्रेम मिलता है तो बच्चा ज्यादा सुखी रहेगा। दंपती को अगली तारीख दे दी गयी है। बुधवार को 12 में से आठ मामलों में दोनों पक्ष उपस्थित रहे। एक में समझौता हुआ और तीन मामले नाकाम रहे।

### मायके वालों के साथ मिलकर लूटपाट का आरोप

**कैंट, अमृत विचार :** कैंट क्षेत्र में एक बहू पर मायके वालों के साथ मिलकर लूटपाट का आरोप लगा है। सास की शिकायत पर पुलिस ने बहू समेत 13 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव मानपुर चिकटिया निवासी कन्यावती के मुताबिक उनके बेटे अमित की शादी करीब एक साल पहले कांधरपुर निवासी भगवान दास की बेटी प्रीति के साथ हुई थी। आरोप है कि 25 मई की रात करीब 11 बजे किसी बात पर बहू और बेटे में विवाद हो गया। बहू ने मायके में फोन कर दिया तो उसका भाई संजीव व संजय, पिता भगवान दास, कमाल, विमल समेत 6-7 अज्ञात लोग लाठी डंडों लेकर आ धमके और मारपीट और तोड़फोड़ की। आरोप है कि गला दबाकर हत्या की कोशिश की। बेटे की शादी के लिए अलमारी में रखें करीब तीन लाख रुपये के जेवरात, 90 हजार रुपये की नकदी भी लूट ली। आरोप है कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय उनके बेटे का ही शांतिभंग में चालान कर दिया।

### पत्नी को तीन तलाक देकर किया दूसरा निकाह

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र में पत्नी को तीन तलाक देकर युवक ने घर से निकाल दिया और दूसरा निकाह कर लिया। आईजी के आदेश पर पुलिस ने पति समेत पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। माधोबाड़ी निवासी ऐमन बी ने बताया कि उनका निकाह मोहल्ला चकचुंगी निवासी इकरार से 10 साल पहले हुआ था। आरोप है कि पति इकरार, सास कामिनी, जेठ जुनैद, मुजम्मिल और ससुर नन्हें दहेज में एक लाख रुपये और बाइक की मांग रहे थे। आरोप है कि 1 मार्च को सभी लोगों ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट की और विरोध करने पर पति इकरार ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया।

### निर्दोष आंदोलनकारियों पर गोली चलाना अत्याचार

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि पीओके में लोग अपने अधिकारों और फौज के जुल्म के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। वहां के लोगों को अब अपनी आजादी चाहिए। निहत्थे लोगों पर गोली चलाना और बर्बरता करने की इजाजत तो इस्लाम भी नहीं देता। निर्दोष लोगों पर गोली चलाना अत्याचार है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों एक अंतर्राष्ट्रीय शायर को आतंकवादी घोषित करने के मामले में अटॉर्नी जनरल के हलफनामे पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, नवाज शरीफ और विपक्ष के नेता इमरान खान, बिलावल भुट्टो जैसे लोग खामोश हैं। इससे स्पष्ट होता है कि पाकिस्तानी नेताओं ने खामोशी के साथ इस सच्चाई को मान लिया है कि पीओके भारत का हिस्सा है।

### पाकिस्तानी पत्नी को तीन तलाक देने वाले पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** पाकिस्तानी पत्नी के साथ मारपीट कर तीन तलाक देने के मामले में कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला ने पति और ससुराल वालों ने जान का खतरा जताया है। पाकिस्तान के लौहार निवासी महिला के अनुसार उनका निकाह 2008 में पाकिस्तान में ही बरेली के बिहारीपुर निवासी मोहम्मद अथर के साथ हुआ था। उनका एक बेटा शाहनूर और सात साल की बेटी आयजा है। कई साल से पति अथर और ससुराल के लोग उत्पीड़न कर रहे थे। इस पर उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जब उन्होंने पाकिस्तान जाने को कहा तो पति ने लांग टर्म वीजा में अड़चन पैदा की। आरोप है कि 11 जून पति ने मारपीट कर तीन तलाक दे दिया। अथर ने धमकी दी कि मुकदमा वापस ले लो नहीं तो परिवार वाले उनकी लाश भी ढूंढ नहीं पाएंगे।

### मंदिर गई किशोरी का चार लोगों ने किया अपहरण

**बरेली, अमृत विचार :** मंदिर में पूजा करने गई किशोरी को मोहल्ले के चार युवकों ने अपहरण कर लिया। पुलिस ने इस मामले में सतीपुर के मुनीश, सुमित, रोहित और पप्पू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। किशोरी के पिता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 17 जून को उनकी 15 साल की बेटी, आठ साल की भांजी के साथ मंदिर जाने की बात कहकर घर से गई। काफी देर तक बेटी लौटकर नहीं आई। भांजी ने आकर बताया दीदी को मोहल्ले के मुनीश, सुमित, रोहित और पप्पू जबरन पकड़कर ले गए। वह मुनीश और अन्य युवकों के घर पूछने गए लेकिन बेटी नहीं मिली। बारादरी इंस्पेक्टर अमित पांडे का कहना है मामले की जांच की जा रही है।

खबरे www.amrit vichar.com पर भी पढ़े।

सब का मालिक एक है।
दुआ भी तक़दीर बदल सकती है।
समस्या है तो समाधान भी है।
गुरु अजमेरी जी
स्पेशलिस्ट वशीकरण व मुठकरनी
घर में बरकत, कारोबार में परेशानी, गृहक्लेश सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मन चाहा प्यार पति पत्नि में अनबन, विदेश यात्रा, किया कराया उपरी असर, जादू टोना, बीमारी में दवा का ना लगना कोर्ट कचहरी कर्ज मुक्ति, लक्ष्मी बंधन आदि
नोट : अगर किसी का पति, बेटा बेटी किसी के वश में हो तो हमसे मिलें।
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें या मिलें।
धोका नहीं 100% हर समस्याओं का समाधान 9720278984 बरेली

जड़ से इलाज — तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज | पित्त की पथरी | गुर्दे की पथरी
को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136

## लूट की सूचना पर दौड़ी पुलिस, रुपये के लेनदेन का निकला विवाद

**भमोरा, अमृत विचार** : एक फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी ने फोन कर डायल 112 को सूचना दी कि उसके साथ 80 हजार की लूट हो गई है। डायल 112 दोनों पक्षों को लेकर थाने पहुंची। जहां मामला रुपये के लेनदेन का निकला। ग्राम गैनी निवासी सुमित कुमार फाइनेंस कंपनी में कर्मचारी है। उसने डायल 112 को सूचना दी कि उसके साथ देवचरा सुनारों वाली गली में 80 हजार रुपए और बाइक लूट ली गई है। डायल 112 मौके पहुंची तो पता चला मामला रुपये के लेनदेन से जुड़ा है। कंपनी कर्मचारी ने बताया कि देवचरा निवासी विवेक ने 60 हजार रुपये का लोन लिया था। एक माह पहले विवेक ने अपनी बाइक 20 हजार रुपये में उसके पास गिरवी रख दी। बुधवार दोपहर जब वह देवचरा सुनारों वाली गली में किस्त लेने आया तो विवेक के चाचा ने उसकी बाइक और 80 हजार रुपये लूट लिए। देवचरा निवासी संजय ने बताया कि भतीजे विवेक ने जो बाइक गिरवी राखी थी। उसके 20 हजार रुपये वह सुमित के घर जाकर दे आया, फिर भी न तो पैसे दिए और न ही गाड़ी दी। लूट का आरोप गलत है।

## जंगल में पशु चराने गए व्यक्ति की संदिग्ध अवस्था में मौत

**दुनका, अमृत विचार** : सेवा ज्वालापुर निवासी देवराज (55) मंगलवार को पशु जंगल में चराने गए थे। देर शाम वह घर नहीं लौटे। परिजनों ने ग्रामीणों के साथ उनकी तलाश की। इस दौरान वह बफरी अब्दुलनबी पुर के जंगल में बहगुल नदी किनारे मृत अवस्था में मिले।

# देहात में भी बिजली संकट, लोगों ने एसडीओ को घेरा

## ट्रांसफार्मर फुंकने से गांव नरईनौआ नगला में तीन दिन से बिजली गुल, ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया

संवाददाता, भुता

**अमृत विचार** : ट्रांसफार्मर फुंकने के कारण तीन दिन से गांव नरईनौआ नगला में बिजली आपूर्ति ठप है। इससे नाराज ग्रामीणों ने बुधवार को सब स्टेशन भुता पर एसडीओ का घेराव कर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने गांव में 100 केवी ट्रांसफार्मर लगाए जाने और जर्जर तार बदले जाने की मांग की।

ग्रामीणों के अनुसार ग्राम नरई नौआ नगला में कनेक्शन के अनुपात में कम क्षमता का 63 केवी ट्रांसफार्मर लगा था। ओवरलोडिंग के कारण वह फुंक गया। कुछ समय में 14 ट्रांसफार्मर फुंक चुके हैं। बाजवूद, उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जा रहा है। गांव में तार जर्जर हैं। बताया कि उनकी शिकायत पर पूर्व मंत्री संतोष गंगवार ने तत्कालीन एसडीओ भगवान दास से 100 केवी का ट्रांसफार्मर लगवाने को कहा था, लेकिन अभी तक विभाग ने उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर नहीं लगाया है।

ग्रामीणों को बिजली संकट से जूझना पड़ रहा है। जिसको लोगों में आक्रोश है। इस दौरान हामिद अली, रियाज अहमद, समसुल हसन, ललित शर्मा, सूर्य प्रकाश, अनीस अहमद आदि मौजूद रहे। जूनियर इंजीनियर संतोष कुमार शर्मा का कहना है कि 100 केवी ट्रांसफार्मर की स्वीकृति मिल गई है, लेकिन स्टोर में अभी वह उपलब्ध नहीं हैं। जैसे ही 100 केवी का ट्रांसफार्मर आएगा, वैसे ही उसे लगवा दिया जाएगा। जर्जर तारों को को भी जल्द ठीक किया जाएगा।


भुता सब स्टेशन पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- ग्रामीणों ने कहा-ओवरलोडिंग के कारण आए दिन फुंक रहा है ट्रांसफार्मर
- पूर्व मंत्री की पैरवी के बाद भी उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जा रहा

### रिछा में पांच घंटे गुल रही बिजली, भीषण गर्मी में उबले लोग

**देवरनियां, अमृत विचार** : कस्बा रिछा में मंगलवार को पांच घंटे बिजली गुल रही। भीषण गर्मी में लोगों को दिक्कत हुई। भाजपा नेता विपिन गंगवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कमिश्नर और डीएम से शिकायत की है। कस्बा रिछा में कुछ दिनों से अधिक बिजली कटौती हो रही है। मंगलवार को दोपहर 12 से शाम पांच बजे तक बिजली गुल रही। वहीं, सपा विधायक अताउर्रहमान के भाई पूर्व ब्लाक प्रमुख हाजी वफाउर्रहमान ने कहा कि वह बिजली समस्या को लेकर विधायक को अवगत कराएंगे। बिजलीघर के अवर अभियंता रमेश गौतम ने बताया कि कुछ काम चल रहा था, जिस वजह से आपूर्ति बाधित रही।

### रिठौरा में जर्जर तारों की वजह से हो रहे हैं फाल्ट

**रिठौरा, अमृत विचार** : गांव भगवानपुर धिमरी में जर्जर तारों के चलते आए दिन फाल्ट हो रहे हैं। इससे ग्रामीण परेशान हैं। आरोप है कि निजी कर्मी तार जोड़ने के नाम पर उगाही करते हैं। गांव के छात्र नेता अजमल अंसारी ने बिजली विभाग के अफसरों को पत्र भेजकर जर्जर तार बदलने की मांग की है।

### बहेड़ी में केबल फुंकने से कई इलाकों में बिजली गुल

**बहेड़ी, अमृत विचार** : गर्मी में लोकल फाल्ट बढ़ गए हैं। मंगलवार रात मोहल्ला शाहगढ़ की केबल फुंक जाने से टीचर्स कालोनी, सिंह गौटिया, जाजूनागर, केशव पुरम आदि स्थानों की बिजली गुल रही। लोगों ने रात जाग कर काटी। जेई की अगुवाई में टीम ने फाल्ट ठीक किया। बुधवार शाम सात बजे आपूर्ति सुचारू हो सकी।

## फतेहगंज पूर्वी में फीडर बंद कराकर सबस्टेशन पर हंगामा


सब स्टेशन पर मौजूद कस्बे के लोग। ● अमृत विचार

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार** : अघोषित बिजली कटौती और लंबे समय से कस्बे के फीडर पर लाइनमैन की तैनाती न होने पर लोगों ने बुधवार को बिजलीघर पर हंगामा किया। अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। एसडीओ ने आश्वासन देकर गुस्साए लोगों को शांत कराया।

भीषण गर्मी के बीच क्षेत्र में हद से ज्यादा बिजली कटौती हो रही है। इससे नाराज कस्बे के लोग एकत्र होकर बिजली घर पहुंचे और सभी फीडरों की सप्लाई बंद कराकर नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना पर एसडीओ फरीदपुर ने दूसरे बिजली घर पर तैनात जेई आलोक कुमार व थाना पुलिस को बिजली घर पर भेजा। जेई आलोक को लोगों ने बताया कि लंबे समय से कस्बे के फीडर पर कोई लाइनमैन तैनात नहीं है, जिससे लाइन में आने वाला छोटा फाल्ट भी जल्द ठीक नहीं हो पाता है। इसके अलावा जर्जर 33 केवी लाइन को बदला जाए। जेई ने शीघ्र इन समस्याओं का निस्तारण किए जाने का आश्वासन दिया। जेई के आश्वासन के बाद सप्लाई चालू करा दी गई, लेकिन कटौती की स्थिति जस की तस बनी हुई है।

- बिजली कटौती और कस्बे के फीडर पर लाइनमैन की तैनाती न होने पर भड़के लोग

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

## सार-संक्षेप

### दबंगों ने की फायरिंग, युवक घायल

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार** : महिलाओं के बीच हुई मामूली कहासुनी के बाद दबंगों ने फायरिंग कर दी, जिसमें युवक घायल हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा है। बुधवार शाम गांव शिवराजपुर निवासी पप्पू यादव के परिवार की महिलाओं का गांव के ही एक दबंग व्यक्ति के घर की महिलाओं से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि दबंग बेटे के साथ मिलकर पप्पू यादव के घर के बाहर फायरिंग करने लगा। जब पप्पू यादव घर से बाहर निकले तो उनके पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गए। सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई, जिसने घायल को फरीदपुर सीएचसी भेजा। सीओ गौरव सिंह ने बताया कि हमलावरों की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार आरोपी दबंग किस्म के हैं, जो आए दिन लोगों को धमकाते हैं। जनवरी में आरोपियों ने नेम सिंह के परिजनों पर फायरिंग की थी। मामले में पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

### भाजपा कार्यकर्ताओं पर टिप्पणी, विरोध करने पर धमकाया

**नवाबगंज, अमृत विचार** : एक व्यक्ति ने सार्वजनिक रूप से भाजपा कार्यकर्ताओं को लेकर टिप्पणी की। इसका विरोध करने पर आरोपी ने ग्रामीण को जान से मारने की धमकी दी है। वहीं, आरोपी का वीडियो वायरल हो रहा है। मामले में पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट कर ली है। गांव खिलचीपुर निवासी महेन्द्र पाल का आरोप है कि गांव का द्वारिका प्रसाद सपाई है। उसने भाजपा कार्यकर्ताओं को लेकर टिप्पणी की है। आरोप है कि उन्होंने इसका विरोध किया तो द्वारिका प्रसाद और उसके पुत्र वीरेंद्र ने उसे वाट्सएप पर कॉल और मेसेज कर जान से मारने की धमकी दी है। महेन्द्र पाल ने दोनों से जान का खतरा बताया है। टिप्पणी करने का वायरल वीडियो चुनाव के समय का बताया जा रहा है।

### घर में घुसकर किशोरी से किया दुष्कर्म

**कैंट, अमृत विचार** : एक युवक ने घर में घुसकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि 17 जून को दोपहर करीब 3 बजे उसकी नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी। इसी बीच दूसरे गांव का युवक घर में घुस आया। आरोप है कि युवक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान पहुंचे परिजनों ने आरोपी को पकड़ लिया और उसे पीटा, जिससे आरोपी जख्मी हो गया। शिकायत पर पुलिस ने नवीनगर निवासी संजय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दहेज उत्पीड़न में पति समेत सात पर रिपोर्ट

**बहेड़ी, अमृत विचार** : गांव गुलड़िया अता हुसैन निवासी अली हसन की बेटी शाइस्ता ने पुलिस को दी तहरीर में उसका गांव के ही साजेब के साथ दो साल पहले निकाह हुआ था। आरोप है कि बच्चे के जन्म के बाद ससुराली दहेज में दो लाख रुपये की मांग करने लगे। 13 जून की रात ससुरालियों ने उन्हें जान से मारने की कोशिश की। पुलिस ने मामले में पति समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### खनन माफिया भागे, ट्रैक्टर-ट्राली सीज

**कैंट, अमृत विचार** : जिला खनन अधिकारी लालता प्रसाद ने पालपुर-कमालपुर क्षेत्र में अवैध खनन में लगी ट्रैक्टर-ट्राली को सीज कर दिया। पालपुर-कमालपुर, बभिया, लखौरा, परगवां, चौबारी समेत करीब आधा दर्जन गांवों में बड़े पैमाने पर अवैध खनन हो रहा है। मंगलवार देर रात पालपुर-कमालपुर क्षेत्र में करीब एक दर्जन ट्रैक्टर-ट्रॉली और जेसीबी से अवैध खनन किया जा रहा था। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव और पुलिस अधिकारियों से की। खनन अधिकारी के पहुंचने की सूचना मिलते ही खनन माफिया ट्रैक्टर-ट्राली और जेसीबी लेकर फरार हो गए। मौके पर खनन विभाग की टीम को एक ट्रैक्टर ट्राली मिट्टी ले जाते मिली। जिला खनन अधिकारी ने ट्रैक्टर-ट्राली को सीज कर बभिया चौकी में खड़ा करा दिया। पुलिस के अनुसार खनन विभाग की टीम ने देर रात करीब 2 घंटे तक क्षेत्र में भ्रमण किया।

### ह्रदय गति रुकने से भाजपा नेता अनिल का निधन



**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** : ह्रदय गति रुकने से भाजपा नेता एवं रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनिल कुमार उर्फ अन्नू लाला (62) का बुधवार को निधन हो गया। इससे कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक डीसी वर्मा, पूर्व सांसद संतोष गंगवार ने घर पहुंचकर उनके परिजनों को सांत्वना दी। पूर्व चेयरमैन कृष्णपाल मौर्या, सरजू यादव, सतीश महेश्वरी, अज्जू पांडेय, राजीव रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## नाले से कब्जा हटाने गई पालिका टीम से नोकझोंक

**आंवला, अमृत विचार** : कस्बे के मोहल्ला नालापार में नाले से अतिक्रमण हटाने गई नगर पालिका और तहसील की टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। इस दौरान लोगों से टीम की तीखी नोकझोंक हुई। एसडीएम ने पहुंचकर मामला शांत कराया। उन्होंने दूसरी टीम गठित कर दोबारा भूमि की पैमाश कराने की बात कही है।

कस्बा के लेखपाल सुमोद कुमार के अनुसार नालापार पर अतिक्रमण को लेकर पालिका की ओर से तहसील को एक पत्र आया था। इसपर अधिकारियों ने टीम गठित की थी। करीब आठ दिन पूर्व टीम ने पैमाइश कर निशान लगाए थे। मौके पर नाले की जगह पर दिवार बनी हुई मिली थी। बुधवार शाम अधिशासी अधिकारी जितेंद्र कुमार पालिका और तहसील की टीम के साथ दो जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची।

जेसीबी से अतिक्रमण हटाना शुरू किया तो वहां मौजूद लोगों ने विरोध किया। नालापार निवासी शमशाद खान ने बताया कि यह जमीन उन्होंने खरीदी है। उनका आरोप है कि चेयरमैन बसपा से लोकसभा चुनाव लडे. थे। उन्होंने सपा को वोट दिया था। इस वजह से चेयरमैन नाराज हैं। इसी रंजिश में उनकी जगह को अतिक्रमण बताकर छति पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। पालिका टीम ने दीवार तोड़नी शुरु की तो लोग आक्रोशित हो गए और हंगामा करने लगे। टीम ने पुलिस बुला ली। इस दौरान टीम से लोगों की नोकझोंक हुई। सूचना पर पहुंचे एसडीएम नहनेराम ने लोगों को शांत कराया। एसडीएम ने लोगों को थाने बुलाया और उनसे वार्ता की। एसडीएम ने दूसरी टीम गठित कर खुद की मौजूदगी में शनिवार को पुनः पैमाइश कराने की बात कही है।


मोहल्ला नालापार में अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम और मौजूद लोग। ● अमृत विचार

- एसडीएम ने गुस्साए लोगों को शांत कराया, भूमि की दोबारा पैमाइश के दिए निर्देश

> उक्त जगह नाले की है। नाला बंद होने से शहर और बारिश के पानी का निकास बंद हो जाएगा। तहसील टीम ने पैमाइश कर निशान लगाए थे। सरकारी जमीन पर किसी को भी कब्जा नहीं करने दिया जाएगा। वोट को लेकर नाराजगी का आरोप निराधार है। -**सय्यद आबिद अली**, चेयरमैन, नगर पालिका आंवला

> टीम गठित कर नाले की पैमाइश कराई गई थी। चार लोगों ने नाले की जगह में दीवार बनाकर अतिक्रमण कर लिया है। शनिवार को पुन: पैमाइश कराकर अतिक्रमण हटवाया जाएगा। **नहनेराम**, एसडीएम आंवला

### छत्रपति शिवाजी महाराज ने की थी हिंदू साम्राज्य की स्थापना



**फरीदपुर/ आंवला** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से बुधवार को हिंदू साम्राज्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फरीदपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सुरेश ने कहा कि आज का दिन हिंदू पराक्रम और पुरुषार्थ पर गर्व करने के लिए हिंदू साम्राज्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिस समय यह धारणा बन गई थी कि हिंदू केवल सेवा करने के लिए है, राजा बनने के लिए नहीं, उस दौर में छत्रपति शिवाजी महाराज ने हिंदू साम्राज्य की स्थापना की और समाज को एक संदेश दिया। समापन जिला संघचालक डा .महेश चौधरी ने किया। नगर संघचालक ब्रहमेंद मिश्रा, नगर कार्यवाह अनुज शर्मा, सहजिला बौद्धिक प्रमुख राजेश कांत सक्सेना, सहनगर कार्यवाह नितिन वर्मा आदि मौजूद रहे। उधर, आंवला में सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रचारक धर्मेंद्र ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। नगर संघचालक डॉ. सुरेश, सत्यपाल , गौरवित, विपिन, गोपाल, माधव, सर्वेन्द्, अंकुर, नन्हेंलाल, विकास आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### अवैध अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**आंवला, अमृत विचार** : भारतीय जनता मजदूर संघ ने अवैध अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम नहने राम को सौंपा। संगठन ने ज्ञापन में बताया कि तहसील क्षेत्र में बड़ी संख्या में अवैध अस्पतालों का संचालन हो रहा है। कुछ दिन पूर्व बगैर पंजीकरण के चल रहे एक अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सीज किया था। अब आरोपी संचालक घर से चिकित्सकीय सेवाएं संचालित कर रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भी अव्यवस्थाएं हावी हैं। जिलाध्यक्ष सय्यद अकबर अली, रामादीन सागर, ताहिर, आमिर, अमानत, अरशद, रोहित, सरताज आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र फैजान को उनके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण उससे अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **असलम मियां उर्फ आरिफ हुसैन पुत्र श्री अफसर हुसैन, निवासी-ग्राम सुजातपुर, तह. मीरगंज, जिला बरेली**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र जीशान खान को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **रेहाना बी पत्नी मो. आरिफ निवासी ग्राम उडला जागीर तह. व जिला बरेली।**

**आवश्यकता है**
मान्यता प्राप्त डा. श्यामाचरन छोटे लाल गंगवार इण्टर कॉलेज नवाबगंज, बरेली में हिन्दी, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, अध्यापक/अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। दिनांक 25 जून 2024 को साक्षात्कार हेतु 12 बजे उपस्थित होवें।
**छोटे लाल गंगवार-प्रबन्धक मो. 9412289998**

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com
Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)
Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan
Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma
Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available
Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं


(पुत्र) आकाश भारती
(पुत्रवधू) पुष्पा भारती
(पौत्र) युवराज भारती (पौत्री) वैष्णवी

## मुस्लिम प्रधान ने पेश की गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल

**नवाबगंज/ रिठौरा, अमृत विचार** : एक ओर जहां मुस्लिम प्रधान ने गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करते हुए ब्रहमदेव स्थल पर रामायण पाठ और भंडारा कराया तो दूसरी ओर रिठौरा में छात्राओं ने गुल्लक के पैसे से भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए शरबत बांटने का काम किया। इन दोनों कार्यों की लोग तारीफ कर रहे हैं।

गांव सिजौलिया के प्रधान मुख्तयार अहमद अंसारी ने गांव में ब्रहम देव स्थल पर रामायण पाठ कराने के साथ भंडारा किया। वह कई वर्षों से ब्रहमदेव स्थल पर रामायण पाठ और भंडारे का आयोजन कराते आ रहे हैं। आयोजन में वसीम अंसारी ने भी सहयोग किया। वहीं, रिठौरा में आधा दर्जन से अधिक छात्राओं ने बुधवार को गुल्लक तोड़कर उसमें जमा किए गए सात हजार रुपये से राहगीरों को शरबत बांटा। छात्रा सीमा, शीतल, गायत्री कश्यप, पिंकी, खुशबू, अन्नू, सलौनीआदि का सहयोग रहा।


- सिजौलिया में ब्रहमदेव स्थल पर कराया रामायण पाठ और भंडारा, रिठौरा में छात्राओं ने गुल्लक के पैसे से राहगीरों को बांटा शरबत

## सार-संक्षेप

### पत्नी ने दी जान, दो दिन तक घर में रखा शव

**बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा क्षेत्र के मौजादाद मजरे शाहपुर ग्वारी में पति से विवाद के बाद पत्नी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पति ने शव उतारकर कमरे में रख लिया। दो दिन बाद शव से जब बदबू आई, तो पति ने रात में उसे गांव के बाहर जंगल में ले जाकर उस पर बालू डाल दी। बुधवार की सुबह लोगों ने लाश देखी, तो पुलिस को सूचना दी। मौजाबाद मजरे शाहपुर ग्वारी निवासी नरेंद्र रावत ने नगमा (40) के साथ 14 वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। इनके दो बच्चे हैं। पुलिस के अनुसार बीती 17 जून को पति-पत्नी में किसी बात पर विवाद हुआ। इसके बाद नरेंद्र छत पर सोने चला गया। कमरे में नगमा अकेली थी। जब नरेंद्र दोबारा कमरे में आया, तो देखा नगमा का शव कुंडे से लटक रहा था।

### एसएसएफ जवान की गोली लगने से मौत



**अयोध्या, अमृत विचार :** रामजन्मभूमि परिसर की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात एक एसएसएफ जवान की बुधवार सुबह सरकारी इंसास रायफल से गोली लगने से मौत हो गई। घटना वेदमंदिर के निकट वीआईपी के लिए बन रहे गेट के पास हुई। आईजी और एसएसपी ने मौका मुआयना कर एफएसएल से पड़ताल कराई है। विशेष सुरक्षा वाहिनी (एसएसएफ) अयोध्या 06 बटालियन ए कंपनी में आरक्षी के पद पर तैनात अंबेडकरनगर के थाना सम्मनपुर क्षेत्र स्थित कचपुरा गाँव निवासी शत्रुघ्न विश्वकर्मा (28) की ड्यूटी मंगलवार रात वेद मंदिर के निकट कोटेश्वर महादेव मंदिर के पास निर्माणाधीन वीआईपी द्वार के निकट लगी गई थी। एसएसपी राजकरन नैय्यर का कहना है कि सुबह 5.15 बजे एसएसएफ के कोर कमांडर ने जानकारी दी कि एक आरक्षी ने खुद को गोली मार ली है।

### लुटेरी दुल्हन गिरोह के साथ हत्थे चढ़ी

**कानपुर, अमृत विचार :** ककवन थाने की पुलिस ने बंटी-बबली गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह एक ऐसा गिरोह है, जो शादी का झांसा देकर लोगों को फंसाता है और फिर एक रात की दुल्हन बनकर लूटपाट करता है। विधन के एक युवक के साथ मंदिर में सात फेरे लेकर घर पहुंची दुल्हन रात में ही जेवरात समेट कर निकल गई, लेकिन पुलिस ने न सिर्फ लुटेरी दुल्हन को गिरफ्तार कर लिया बल्कि पूरे गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने लुटेरी दुल्हन के साथ गिरोह के तीन सदस्यों को जेल भेजा है। इस मामले का तब खुलासा हुआ, जब विधान क्षेत्र के देवेश सिंह पुत्र राजेश सिंह पुलिस से इंसाफ मांगने ककवन थाने पहुंचे। आरोपित मुस्कान और गैंग के सदस्यों ने शादी का झांसा देकर 70 हजार रुपये शादी से पहले ही ले लिए थे। शादी होने के बाद मुस्कान उसी रात घर में रखे जेवरात और रुपये लेकर फरार हो गई।

### वर्दी भत्ता व प्रोन्नति को लेकर पीपीएस अधिकारी उपेक्षित

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस संगठन में पीपीएस कैडर सबसे महत्वपूर्ण है। जनसुनवाई पर्यवेक्षण व अभियोजन के कार्यों में इस कैडर के बिना कार्य करना आसान नहीं है। सिपाही से लेकर इंस्पेक्टर तक लगभग साढ़े तीन लाख की संख्या के पुलिस बल का अनुशासन व कर्तव्य निष्ठा पीपीएस कैडर के अभाव में सुनिश्चित करना कठिन है। सरकार द्वारा पुलिस विभाग में सिपाही से लेकर डीजीपी तक को वर्दी भत्ता दिया जाता है। लेकिन, इस मामले में पीपीएस अफसर घोर उपेक्षा के शिकार हो रहे हैं। फॉलोअर दो हजार रुपये प्रतिवर्ष, सिपाही तीन हजार रुपये प्रतिवर्ष वर्दी भत्ता पाते हैं। इसी प्रकार आईपीएस अफसरों को प्रतिवर्ष 20 हजार रुपये वर्दी भत्ता मिलता है। जबकि पीपीएस अफसरों को 914 रुपये प्रतिवर्ष की दर से सात साल बाद 6400 रुपये वर्दी नवीनीकरण के लिए मिलता हैं। इस मामले में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी का कहना है कि यह मुद्दा सिर्फ रुपये से नहीं, बल्कि सम्मान से जुड़ा हुआ है। उनका कहना था कि या तो सरकार वर्दी भत्ता समाप्त कर दे या फिर इसका निर्धारण वर्दी पहनने की आवश्यकता अनुसार तार्किक दरों पर तय करें। यह भी बताया कि पूर्व में पुलिस मुख्यालय ने इस मामले का प्रस्ताव भेजा था, परंतु शासन की उपेक्षा का शिकार होकर पत्रावली वापस लौट आई।

### जीपीएस ट्रैकिंग से लैस होंगे प्रवर्तन दस्ते के वाहन

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य प्रवर्तन दस्ते के वाहन जीपीएस ट्रैकिंग व व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग (वीएलटी) डिवाइस से लैस होंगे। साथ ही, इस डिवाइस को वाहनों में सही तरीके से संचालित करने के लिए डेटाबेस युक्त बैकएंड सॉफ्टवेयर भी विकसित किया जाएगा। बतादें कि सीएम योगी के निर्देश पर राज्य प्रवर्तन वाहन बेड़े के उच्चीकरण की एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी, जिसे क्रियान्वित करते हुए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस क्रम में, श्रीट्रॉन इंडिया लिमिटेड को सर्विस प्रोवाइडर संस्था नियुक्त किया गया है। श्रीट्रॉन में पहले से इम्पैनल्ड कंपनियों को राज्य प्रवर्तन वाहन बेड़े को अपग्रेड करने का मौका कार्यावंटन के बाद मिलेगा। इसी प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है और जून माह के अंत से प्रक्रिया पूरी तरह क्रियान्वित हो जाएगी। अपग्रेडेशन प्रक्रिया के अंतर्गत प्रदेश के प्रवर्तन वाहन बेड़े की गाड़ियों पर 223 जीपीएस लोकेशन व वीएलटी डिवाइस को इन्स्टॉल किया जाएगा। इस प्रक्रिया को पूरा किए जाने के अतिरिक्त एक आधुनिक डेटाबेस युक्त बैकएंड सॉफ्टवेयर व वेबसाइट बेस्ड इंटरफेस भी डेवलप किया जाएगा। यह ट्रैकिंग के साथ ही डैशबोर्ड, डेटाबेस व मैप एक्सेसिबिलिटी के साथ ही लाइसेंस और पूर्ण वीएलटी समाधान के सुचारू संचालन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# तबादला पाये शिक्षकों की सूची हुई जारी

## 22 तक होंगे रिलीव, 2796 शिक्षक होंगे इधर से उधर से, स्कूल से स्कूल में होगी पोस्टिंग

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित 2796 परिषदीय शिक्षकों का तबादला मनचाहे जिले में हो गया। तबादला पाये शिक्षकों सूची की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने बुधवार को बताया कि अंतर जनपदीय पारस्परिक स्थानान्तरण के आदेश जारी कर दिया गया है। कुल 1398 जोड़े (2796 शिक्षकों) के तबादले को मंजूरी मिली है। सचिव ने पहली बार एक जिले से दूसरे जिले में तबादला करने की बजाए सीधे एक से दूसरे स्कूल में तबादला कर दिया है इससे शिक्षकों को राहत मिल जायेगी। सचिव ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्थानान्तरित शिक्षक एवं शिक्षिका को कार्यमुक्त/कार्यभार ग्रहण कराने की कार्यवाही 22 जून तक की जाएगी। साथ ही अभिलेखों का परीक्षण करते हुए स्थानान्तरित शिक्षकों को अनिवार्य रूप से एक साथ कार्यमुक्त एवं कार्यभार ग्रहण कराया जाए। यदि स्थानान्तरित जिले में उस बैच के अध्यापकों की पदोन्नति नहीं की गई है तो ऐसे शिक्षकों को कार्यमुक्त नहीं किया जाएगा। स्थानान्तरित अध्यापकों को मानव सम्पदा पोर्टल पर साथ- साथ कार्यमुक्त करने एवं कार्यभार ग्रहण कराने की कार्यवाही की जाएगी।

**पहली बार स्कूल से स्कूल हुआ आवंटित**

अंतर जनपदीय पारस्परिक तबादले के क्रम में अभी तक जिला से जिला आवंटित होता था, मतलब एक जिले से शिक्षक किसी भी विद्यालय का हो उसकी तैनाती बीएसए की ओर से काउंसलिंग के माध्यम से की जाती थी। लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। काउंसलिंग का रास्ता न अपनाकर उसी विद्यालय में शिक्षक को भेजा जायेगा जहां से उसका दूसरा साथी शिक्षक आया होगा।

## 67,500 के नकली नोट पकड़े

शाहजहांपुर कार्यालय

- लखनऊ से लाकर यहां करते थे खपत, 3 गिरफ्तार

**अमृत विचार:** पुलिस ने नकली नोटों के तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। एक तस्कर भाग गया। इनकें पास से 100 और 500 के 67,500 रुपये के नकली नोट और एक कार बरामद की। ये लोग लखनऊ से नकली नोट लाते थे।

चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर सिपाहियों के साथ मंगलवार रात करीब डेढ़ बजे गश्त कर रहे थे। पुलिस ने एक सूचना पर बरेली मोड़ के निकट गर्रा पुल के पास से कार सवार लखनऊ के थाना पीजीआई क्षेत्र के नीरज कुमार, तिलहर के विवेक कुमार मौर्या और कलान के जबर सिंह को पकड़ा। एक आरोपी चंदन निवासी अजीजगंज चौक कोतवाली भाग गया। इनके पास से 100 और 500 के कुल 67500 रुपये के नकली नोट बरामद किए। आरोपी विवेक मौर्या ने बताया कि 60 रुपये में 100 का नकली नोट मिलता है। अपने साथियों के सहयोग से शाहजहांपुर, बरेली समेत कई जिलों में असली नोट के साथ मिलाकर नकली नोट चला देते थे।

### नानी के हत्यारे को उम्र कैद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** गढ़िया रंगीन में वर्ष 2012 में संपत्ति के लालच में नल के हत्थे से नानी की हत्या के अभियुक्त को कोर्ट ने दोष सिद्ध होने पर आजीवन कारावास की सजा और 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। गढ़िया रंगीन निवासी कलावती के पति श्यामलाल ने एक रिश्तेदार जगतियापुर निवासी कल्लू के बेटे दीपक को गोद लिया था। वह कलावती से नानी कहता था। श्यामलाल की मृत्यु के बाद कलावती अकेली रह गई तो दीपक ने नानी की पूरी तरह से देखभाल शुरू कर दी। नानी को दीपक चाल-चलन ठीक नहीं लगा तो घर से निकाल दिया और उसने एक मंशा नाम की एक लड़की को गोद ले लिया।

### 25 तक मानसून के आसार

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में 25 जून तक मानसून की दस्तक हो सकती है। लेकिन अगले तीन दिन तक लू को लेकर रेड अलर्ट भी जारी किया गया है। बुधवार को प्रदेश में अधिकतम 43 और न्यूनतम 31 डिग्री सेल्सियस के बीच तपमान बना रहा। जून की शुरूआत से 45 से 47 डिग्री के बीच झुलस रहे प्रयागराज को गर्मी से राहत मिली। यहां पारा लुढ़ककर 40 .9 डिग्री पर आ गया। मौसम विभाग ने 19 से 21 जून तक प्रदेश भर में लू के असर को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। बुधवार को कानपुर और आगरा का सबसे तापमान सबसे ज्यादा रहा।

### एफआईआर की फर्जी कॉपी दिखाकर 10 लाख की ठगी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** फर्जी एफआईआर की कॉपी दिखाकर एक अधिवक्ता पर चिकित्सक से 10 लाख रुपये की ठगी करने का आरोप लगा है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला घेरशाम खां के डॉ. रिजवान खां के मुताबिक उनका पत्नी डॉ. उजमा खां से विवाद चल रहा है। पत्नी ने कई मुकदमे भी दर्ज करवा रखे हैं। जिसकी पैरवी फरूखाबाद के एक अधिवक्ता करते हैं। 21 फरवरी 2022 को उनके अधिवक्ता ने उनके व्हाट्सएप पर एक मैसेज किया। जिसमें एक एफआईआर की कापी थी। जिसके बाद वह उनके कार्यालय पर गया। वहां उन्होंने एक एफआइआर की छायाप्रति दी। जिसमें उसकी पत्नी उजमा खां द्वारा उसे, अधिवक्ता और पीलीभीत के तत्कालीन एसओजी प्रभारी आलोक मिश्रा को आरोपी बताया गया। जिसके बाद आलोक मिश्रा को अपना रिश्तेदार बताते हुए अधिवक्ता ने मुकदमा खत्म कराने के लिए दस लाख रुपये की मांग की थी।

## उत्तराखंड

# पहाड़ों पर बारिश, तराई-भाबर में लू के थपेड़े

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में बुधवार को मौसम एकाएक बदल गया। कुमाऊं-गढ़वाल के कई पर्वतीय क्षेत्रों में झमाझम बारिश हुई। बारिश की वजह से पहाड़ पर मौसम सुहावना हो गया है, वहीं तराई व भाबर में दिन भर लू के थपेड़े चलते रहे। मानसून आने से पहले उत्तराखंड में पड़ रही गर्मी से कुछ राहत मिली है।

मानसून आने में अभी करीब एक सप्ताह का समय है, लेकिन बुधवार को सुबह गढ़वाल के ऊखीमठ, पीपलकोटी, चमोली, गौरीकुंड में बारिश हुई। बाद में शाम के समय मौसम में परिवर्तन हुआ और देहरादून, टिहरी, मसूरी में बारिश हुई। साथ ही नैनीताल जिले के नैनीताल, भीमताल, भवाली और मुक्तेश्वर में भी तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हुई। बागेश्वर, डीडीहाट, मुनस्यारी में भी बादलों ने बौछारें करीं। बारिश की वजह से इन इलाकों में तापमान में भी गिरावट आई। देहरादून में दिन के समय अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पास था लेकिन बारिश होने बाद यहां तापमान में करीब 10 डिग्री की गिरावट आ गई। हल्द्वानी में बादल तो छाए लेकिन बारिश नहीं हुई और पारा 41.4 डिग्री रहा। साथ ही रुद्रपुर, काशीपुर में भी बारिश का इंतजार रहा। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार गुरुवार को भी राज्य में बारिश के आसार हैं।

### गंगोत्री हाईवे पर रात 10 बजे के बाद नहीं चलेंगे वाहन

**देहरादून, अमृत विचार :** गंगोत्री हाईवे पर हादसे के बाद पुलिस प्रशासन ने चारधाम यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने को चौकसी बढ़ा दी है। अब रात 10 बजे से सुबह 4 बजे तक यातायात पर रोक लगाई गई है। चारधाम यात्रा के लिए अभी भी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में आवाजाही निजी वाहनों व टैक्सियों से जारी हैं। पिछले दिनों गंगोत्री हाईवे पर हुए हादसे के बाद पुलिस प्रशासन ने चौकसी बढ़ा दी है। जिले में रात 10 से सुबह 4 बजे तक वाहनों के आवागमन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है।

### गाय की मौत से आहत किशोरी ने लगाई फांसी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** घर में पली गाय की मौत से आहत एक किशोरी ने फांसी लगाकर जान दे दी। किशोरी का शव घर के पीछे बने बाथरूम में लटकता मिला। अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया। कैनाल रोड दमुवाढूंगा काठगोदाम निवासी केशव दत्त पलड़िया घर में 15 वर्षीया बेटी जया व पत्नी के साथ रहते हैं। केशव ने घर में एक गाय पाली थी, जो उनकी बेटी जया के बचपन के समय से ही घर में थी। जया को गाय से बेहद लगाव था। बीते सोमवार को गाय की मौत हो गई थी।

### चकरपुर में बाघ ने वृद्ध पर किया हमला, मौत

**खटीमा, अमृत विचार :** वनखंडी महादेव शिव मंदिर चकरपुर के पीछे बाघ ने हमला कर साइकिल सवार वृद्ध को मार डाला। ग्रामीण और वनकर्मियों को घटनास्थल से कुछ दूर शव मिला। वहीं घटनास्थल पर बाघ के दोबारा आने से वनकर्मियों और ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। वन कर्मियों के हवाई फायर करने पर बाघ जंगल में भाग गया। खेतलसंडा मुस्ताजर निवासी प्रेम चंद (70) बुधवार सुबह अपने भाई करम चंद के घर से चकरपुर बाजार स्थित होटल पर काम के लिए साइकिल से निकले थे। वनखंडी महादेव मंदिर के पीछे बाघ ने साइकिल पर झपट्टा मारकर उन्हें गिराया और घसीटते हुए झाड़ियों में ले जाकर मौत के घाट उतार दिया।

### प्लांट लगाने के नाम पर उद्यमी से 80 लाख ठगे

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** रुद्रपुर में अर्क का प्लांट लगाने के नाम पर शहर के उद्यमी से 80 लाख रुपये ठग लिए। आरोप था कि तेलंगाना हैदराबाद के रहने वाले दोनों साझेदारों ने दस्तावेजों में हेराफेरी कर ठगी करने की साजिश रची। वसंत विहार दिल्ली के रहने वाले गौरव लटवाल ने बताया कि उसकी मुलाकात एमएलए कॉलोनी रोड तेलंगाना हैदराबाद के रहने वाले पीएनआर रेड्डी और अशोक रेड्डी से हुई। उन्होंने रुद्रपुर में अर्क निकालने का प्लांट डालने का प्रस्ताव रखा और कारोबार में साझेदार बनने की बात कही थी।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेन्स लि. शाखा 2 फ्लोर कच्चा कटरा निकट बालाजी ई.एन.टी. क्लीनिक शाहजहाँपुर से श्रीमती आमना पत्नी रियाजुद्दीन नि. मोहल्ला हबीबुल्ला खां शुमाली कस्बा बीसलपुर जिला पीलीभीत एक किता मकान तादादी 98.88 वर्गमी. जो गाटा सं. 120 में से वाकै मोहल्ला हबीबुल्ला खां जनूबी वार्ड नं. 9 ववस्ता कस्बा पट्टी कस्बा व तह. बीसलपुर जिला पीलीभीत जिसकी चौहद्दी पूरब में रास्ता 14 फिट पश्चिम में प्लाटर दीगर, उत्तर में खेत वीरेन्द्र व दक्षिण में प्लाट नासिर है जिसको जिसकी श्रीमती आमना ने द्वारा बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 19.05.2021 को वही सं. 1 जिल्द सं. 6944 के पृष्ठ 355 से 368 पर क्रमांक 4113 पर स.र. बीसलपुर पीलीभीत में हुई है इकरारी मो. रफीक पुत्र हमीदुल्ला से बशक्ल आराजी खरीद किया था को बंधक रखकर मेरे मुवक्किल से लोन ले रही है।

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 07 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेन्स लि. शाखा दूसरी मंजिल कच्चा कटरा निकट बालाजी ई.एन.टी. क्लीनिक शाहजहांपुर पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा श्रीमती आमना के पक्ष में ऋण जारी कर दिया जायेगा।

मुनीश कुमार सक्सेना
चैम्बर नं. 7 न्यू बिल्डिंग बंगलिया सिविल कोर्ट, बरेली
सूचीबद्ध अधिवक्ता : हि.हा.फा.लि. शाहजहांपुर
मो. 9997389012

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेन्स लि. शाखा 2 फ्लोर कच्चा कटरा निकट बालाजी ई.एन.टी. क्लीनिक शाहजहाँपुर से रिजवान खां पुत्र इकरार खां नि. मो. हबीबुल्ला खां जनूबी कस्बा व तह. बीसलपुर जिला पीलीभीत एक किता मकान तादादी 45.26 वर्गमी. वाकै मोहल्ला दुबे अन्दर टाउन एरिया वार्ड नं. 5 कस्बा बीसलपुर जिला पीलीभीत जिसकी चौहद्दी पूरब में रास्ता 12 फिट चौड़ा पश्चिम में मकान विक्रेता, उत्तर में मकान मधुरानी पत्नी धमेन्द्र व दक्षिण में मकान इमरान खां व रास्ता 12 फिट चौड़ा है जिसकी रिजवान खां ने द्वारा बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 14.03.2023 को वही सं. 1 जिल्द सं. 7546 के पृष्ठ 297 से 312 पर क्रमांक 1678 पर स.र. बीसलपुर पीलीभीत में हुई है इकरारी श्रीमती नाजमा बी से बशक्ल आराजी खरीद किया था को बंधक को रखकर मेरे मुवक्किल से लोन ले रहे हैं।

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 07 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेन्स लि. शाखा दूसरी मंजिल कच्चा कटरा निकट बालाजी ई.एन.टी. क्लीनिक शाहजहांपुर पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा रिजवान खां के पक्ष में ऋण जारी कर दिया जायेगा।

मुनीश कुमार सक्सेना
चैम्बर नं. 7 न्यू बिल्डिंग बंगलिया सिविल कोर्ट, बरेली
सूचीबद्ध अधिवक्ता : हि.हा.फा.लि. शाहजहांपुर
मो. 9997389012

**कार्यालय ग्राम पं.आजादनगर वि.खं. इस्लामनगर (बदायूं)**

अल्पकालीन निविदा (19-06-2024)

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बजरफुट ईट, सरिया, एंगिल, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि ODF, राज्य वित्त, केन्द्र वित्त योजना (2023-24) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत आजाद नगर वि.खं. इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निवादाएं आमंत्रित की जाती है। अत: समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 23.06.2024 को शाम 3:00 बजे तक कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

**कार्य का विवरण निम्न प्रकार है**

1. प्रवेश के घर से डॉ. उदयवीर शर्मा के घर तक सी. सी. निर्माण कार्य 2. सामुदायिक शौचालय की मरम्मत 3. RRC नि कार्य, 4. नाडेफ, फिल्टर चैंबर, सोकफिट नि. 5. लीज फिट, हेडपंप रिवोर, हेडपंप मरम्मत 6. ई रिक्शा/ट्राई साइकिल, ग्रा.पं. में हेण्डपम्प का चबूतरी निर्माण कार्य-प्राकक्लन के अनुसार

सचिव — प्रधान

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर जिला पीलीभीत**

पत्रांक : 710/न.पा.परि./2023-24 — दिनांक : 19.06.2024

प्रेस विज्ञप्ति

Garbage Free City One Star (GFC**) हेतु आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बीसलपुर में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर क्षेत्र के समस्त वार्डो के सम्मानित नागरिकों के बहुमूल्य प्रयायों से समस्त मानकों को पूर्ण करते हुए नगर क्षेत्र को Garbage free city (One Star) घोषित किया जाना है। यदि किसी भी व्यक्ति/सामाजिक संस्थान को आपत्ति/सुझाव है तो वह इस विज्ञप्ति के जारी होने के 15 दिवस के अन्दर कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर जनपद-पीलीभीत में किसी भी कार्य दिवस में लिखित रूप में आपत्ति/सुझाव दे सकते हैं।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बीसलपुर
जनपद-पीलीभीत

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर जिला पीलीभीत**

पत्रांक : 709/न.पा.परि./2023-24 — दिनांक : 19.06.2024

सार्वजनिक सूचना

(ODF++) घोषित किये जाने हेतु सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बीसलपुर जनपद-पीलीभीत द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर के समस्त वार्डो को खुले में शौच मुक्त (ODF) किया जा चुका है तथा नगर के सम्मानित नागरिकों के बहुमूल्य प्रयासों से नगर पालिका परिषद बीसलपुर जनपद-पीलीभीत (ODF++) से संबंधित समस्त मानकों को पूर्ण कर चुकी है। अत: नगर क्षेत्र को (ODF++) घोषित किया जाना है यदि किसी व्यक्ति/सामाजिक संस्थान को आपत्ति/सुझाव है तो वह इस विज्ञप्ति के जारी होने के 15 दिवस के अन्दर कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर जनपद-पीलीभीत में किसी भी कार्य दिवस में लिखित रूप से आपत्ति/सुझाव दे सकता है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बीसलपुर
जनपद-पीलीभीत

**कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली**

पत्रांक : 746/मु.अभि./नि.वि./2024-25 — दिनांक : 19.6.24

अल्पकालीन ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

ई-निविदा सूचना शासनादेश सं.-3890/नौ-5-149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-05 उ. प्र. शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यो हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है।

| 15वाँ वित्त आयोग के अन्तर्गत पुनः ई-निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक संख्या-01 से 03 तक) | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 20.06.2024 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 20.06.2024 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 27.06.2024 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोले जाने की तिथि/समय | 27.06.2024 - (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |

कार्यो का विवरण, नियम व शर्ते नगर निगम बरेली की वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, बरेली

**कार्यालय ग्राम पंचायत अम्बियापुर वि.खं. सालारपुर, जनपद बदायूँ**

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम अम्बियापुर की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवा वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सीसी रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत खड़ंजा नव निर्माण एवं खड़ंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य फर्नीचर कय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिवोर/अनुरक्षण ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउंड्रीवाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण पंचायत घर की बाउंड्रीवाल निर्माण खाद के गड्डों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईंट, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फॉगिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय, मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 10 बजे तक दिनांक 28.06.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 28.06.2024 को 10 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान-सपना — सचिव- मनोज राम

**कार्यालय ग्राम पंचायत भिन्दुलिया प्लासी वि.खं. सालारपुर, जनपद बदायूँ**

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम भिन्दुलिया प्लासी की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवा वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सीसी रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत खड़ंजा नव निर्माण एवं खड़ंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य फर्नीचर कय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिवोर/अनुरक्षण ह्यूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउंड्रीवाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पंचायत घर नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनबाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण पंचायत घर की बाउंड्रीवाल निर्माण खाद के गड्डों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलॉकिंग ईंट, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फॉगिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय, मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफाई किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर 10 बजे तक दिनांक 28.06.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 28.06.2024 को 10 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान- रेशमा — सचिव-मनोज राम

**कार्यालय ग्राम पंचायत रोहिली, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली)**

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024-25 — दिनांक 19.06.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रोहिली, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खड़ंजा नव निर्माण एवं खड़ंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिवोर/अनुरक्षण ह्यूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्ढों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलाकिंग ईंट, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफा कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफा किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत घर बाउंड्रीवॉल, हैण्ड पम्प मरम्मत, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 24.06.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 24.06.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे खोली जायेगी। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान-शिवी चौधरी — सचिव-सौरभ कुमार

**कार्यालय ग्राम पंचायत खाता, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली)**

पत्रांक : मेमो/ग्रा.पं./2024-25 — दिनांक 19.06.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खाता, विकास खण्ड शेरगढ़ (बरेली) की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग/ आर.जी.एस.ए./आई.सी.डी.एस./स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, ग्राम निधि 6 व केन्द्रीय वित्त एवं आयोग तथा मनरेगा योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से सी.सी. रोड नव निर्माण, नव नाली निर्माण एवं नाली मरम्मत, खड़ंजा नव निर्माण एवं खड़ंजा मरम्मत, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर क्रय, सोलर लाइट स्थापना/अनुरक्षण हैंड पंप रिवोर/अनुरक्षण ह्यूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, आंगनवाड़ी शौचालय निर्माण/मरम्मत स्कूल, बाउंड्री वाल नव निर्माण एवं मरम्मत, पशु शेड निर्माण, शोक पिट निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मत, अंत्येष्टि स्थल नव निर्माण एवं मरम्मत, गौशाला निर्माण व रखरखाव, वृक्षारोपण आंगनवाड़ी भवन नव निर्माण एवं मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, वाटर हारवेस्टिंग, पानी की टंकी निर्माण, पंचायत घर की बाउंड्री वाल निर्माण, खाद के गड्ढों का निर्माण एवं अन्य कार्य कराए जाने हैं। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, इंटरलाकिंग ईंट, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्टेशनरी प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी, राख, सैनीटाइजर व फागिंग कार्य, सफा कार्य हेतु ठेली क्रय मरम्मत, स्प्रे मशीन, सफा किट, मास्क क्रय, पी.पी.आई. किट, दिव्यांग शौचालय, हर्बल पार्क, ओपन जिम, गौशाला निर्माण कार्य, पंचायत घर बाउंड्रीवॉल, हैण्ड पम्प मरम्मत, पंचायत कार्यालय हेतु समस्त उपकरण आदि एवं अन्य सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 24.06.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 24.06.2024 को सायं 4:00 बजे खोली जायेगी। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

प्रधान-वर्षा — सचिव-सौरभ कुमार

**कार्यालय स्वास्थ्य विभाग नगर निगम, बरेली**

पुनः ई-निविदा सूचना

पत्रांक 50/स्वा.वि./प.चि. एवं क.अधि./गौशाला/2024-25 — दिनांक : 19.06.2024

नगर आयुक्त महोदया की स्वीकृति दिनांक 18.06.2024 के अनुपालन में नगर निगम बरेली के क्षेत्र से आवारा घूम रहे कुत्ते/कुतियों को पकड़कर बंधियाकरण व वैक्सीनेशन करके पकड़े गये स्थानों पर छोड़े जाने हेतु डबल विड पुनः ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जो ई-निविदायें ई-निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http:/etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाईट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है। शासनादेश संख्या-4848/नौ-5-2018-470सा/2018 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 10 दिसम्बर 2018 के क्रम में निविदा मूल्य+GST डी.डी. के माध्यम से E.TENDER BNN/NAGAR NIGAM BAREILLY के नाम से ही देय होगी जिसकी व सुरक्षित धनराशि की एफ.डी.आर. की भी स्कैन कापी व अन्य सम्बन्धित प्रपत्र टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड करनी होगी। व हार्ड कापी टेन्डर की दिनांक को विभाग में जमा करनी होगी जमानत राशि धनराशि एफ.डी.आर. के माध्यम से देय होगी। सुरक्षित धनराशि 60,000/- रु. की (F.D.R.) टेण्डर अपलोड करते समय तथा 1,40,000/- रु. स्वीकृत उपरान्त अनुबन्ध करने सू पूर्व में किया जाना अनिवार्य है। तथा एफ.डी.आर. नगर स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम बरेली के नाम बन्धक होगी, अन्य शर्ते एवं विवरण उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं। ई-निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 21-06-2024 (01:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 21-06-2024 (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 27-06-2024 (03:00 PM) |
| तकनीकी ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 28-06-2024 (11:00 AM) |
| वित्त ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | स्वीकृति उपरान्त |

| क्र. सं. | कार्य का नाम | जमानत धनराशि | निविदा शुल्क स्वीकृति उपरांत | 18% GST | निविदा मूल्य 18% |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | ए.बी. सी. योजना के अन्तर्गत नगर निगम बरेली क्षेत्र से आवारा घूम रहे कुत्ते एवं कुतियों (ए.वे. बोर्ड द्वारा समय-समय पर दी गयी गाइडलाइन्स के अनुसार) को पकड़कर उनका बंधियाकरण व वैक्सीनेशन करके उपचार उपरान्त पकड़े गये स्थानों पर छोड़े जाने हेतु दर जी.एस.टी. सहित प्रति कुत्ता, कुतिया देनी है (लगभग 2000 कुत्ते, कुतियों का 2024-25 एक वर्ष में) | 60,000.00 | 750.00 | 135.00 | 885.00 |

पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी, नगर निगम, बरेली। — नगर स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम, बरेली।

**कार्यालय ग्राम पंचायत ओझा, वि.ख. सालारपुर, बदायूँ**

पत्रांक : मेमो./पं.सहा./चयन/2024 — दिनांक : 14.06.2024

पंचायत सहायक भर्ती विज्ञप्ति

पंचायती राज विभाग, उ.प्र. लखनऊ के शासनादेश संख्या 6/855/2024-6-203/2023-24 दिनांक 06.04.2024 के द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि शासनादेश संख्या 269/33-3-2024 दिनांक 15.03.2024 के अन्तर्गत पंचायत सहायक/एकाउण्टेण्ट-कम-डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के पद पर संविदा चयन हेतु दिनांक 15.06.2024 से 30.06.2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक उक्तानुसार अवधि दिनांक 15.06.2024 से 30.06.2024 तक अपने आवेदन जिला पंचायत राज अधिकारी, कार्यालय, बदायूँ खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, सालारपुर एवं ग्राम पंचायत कार्यालय, ओझा में व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से उपलब्ध करा सकते हैं।

पंचायत सहायक/एकाउण्टेण्ट-कम-डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन प्रक्रिया शासनादेश संख्या 42/2021/1235/33-3-2021/969 दिनांक 25.07.2021 के अनुरूप होगा, जिसके अनुसार पंचायत सहायक/एकाउण्टेण्ट-कम-डाटा इन्ट्री ऑपरेटर की शैक्षिक अर्हता निम्नवत् है :-

1. पंचायत सहायक/एकाउण्टेण्ट-कम-डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण या राज्य सरकार द्वारा इसके समक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य अर्हता होगी।
2. पंचायत सहायक/एकाउण्टेण्ट-कम-डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के लिए न्यूनतम आयु चयन वर्ष की 01 जुलाई को 18 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष होगी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग के लिए अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जायेगी।
3. पंचायत सहायक/एकाउण्टेण्ट-कम-डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के पद के लिए अभ्यर्थी उसी ग्राम पंचायत का निवासी होगा।

**आरक्षण अर्हता निम्नवत् है :-**

पंचायत सहायक/एकाउंटेण्ट-कम-डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के लिए आरक्षण की व्यवस्था इस प्रकार होगी कि पंचायत राज अधिनियम में दी गई व्यवस्था के अनुसार जो पंचायतें जिस श्रेणी के लिए आरक्षित है, उन पंचायतों में उसी आरक्षित श्रेणी के पंचायत सहायक का चयन किया जाएगा। ग्राम पंचायत ओझा में प्रधान पद अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित है। अत: ग्राम पंचायत ओझा में पंचायत सहायक/एकाउण्टेण्ट-कम-डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के लिए अनुसूचित जाति महिला होगा।

उक्तानुसार आवेदक निर्धारित समयावधि में अपने आवेदन पत्र उपलब्ध कराये, समयावधि व्यतीत हो जाने के उपरान्त आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होगा और न ही उस पर विचार किया जायेगा।

ग्राम पंचायत ओझा
वि.खं. सालारपुर, बदायूँ

## एनएचआरसी ने श्रमिक विरोधी चलन को लेकर केंद्र को जारी किया नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने हरियाणा के मानेसर में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के गोदाम में कथित तौर पर "श्रमिक विरोधी गतिविधियों" को लेकर केंद्र को नोटिस जारी किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

आयोग ने कहा कि एक प्रकाशित समाचार की सामग्री अगर सही है तो यह श्रम कानूनों तथा केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों और श्रमिकों के मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा है। एनएचआरसी ने एक बयान में कहा कि उसने एक मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया है जिसमें कहा गया है कि हरियाणा के मानेसर में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के गोदाम में 24 वर्षीय एक कर्मचारी को शपथ दिलायी गई कि अपनी टीम के 30 मिनट के चाय ब्रेक के बाद, जब तक वे 24 फुट लंबे छह ट्रकों से सारे सामान नहीं उतार लेते, तब तक शौचालय या पानी के लिए ब्रेक नहीं लेंगे। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सचिव को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

## पूर्व मुख्यमंत्री पटनायक ओडिशा विधानसभा में नेता विपक्ष होंगे

**भुवनेश्वर।** पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार को कहा कि वह ओडिशा विधानसभा में नेता विपक्ष का दायित्व निर्वहन करेंगे। पत्रकारों से बात करते हुए पटनायक ने कहा कि यह निर्णय बीजद विधायक दल की बैठक में लिया गया। उन्होंने कहा, "हमने बीजद के विधायकों की बैठक की। मैंने उन्हें बधाई दी और धन्यवाद दिया। उन्होंने मुझे विपक्ष का नेता और बीजद विधायक दल का नेता चुना है।" वरिष्ठ विधायक प्रसन्ना आचार्य को विपक्ष का उपनेता नियुक्त किया गया, जबकि पूर्व अध्यक्ष प्रमिला मलिक सदन में विपक्ष की मुख्य सचेतक होंगी।

# सिक्किम में 1,225 फंसे हुए पर्यटकों को निकाला गया

गंगटोक, एजेंसी

सिक्किम के लाचुंग में फंसे 1,225 यात्रियों को अब तक निकाल लिया गया है। अभियान के तीसरे दिन बुधवार को अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों से लाचुंग पहुंचे कुल 1,225 पर्यटकों को मंगलवार देररात तक निकाल लिया गया है। वे 12 जून से बारिश और भूस्खलन के बाद ऊपरी क्षेत्र में फंस गए थे। यह अभियान भारतीय सेना, सीमा सड़क संगठन, सिक्किम पुलिस, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन मोचन (एनडीआरएफ), डीएमजी, स्थानीय लोगों और पर्यटन उद्योग के अन्य हितधारकों द्वारा संयुक्त रूप से चलाया गया।

लाचुंग उत्तरी सिक्किम का एक सीमावर्ती गांव है और यह समुद्र तल से 9,600 फीट या 2,900 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह गर्मियों के दौरान मैदानी इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए एक प्रमुख आकर्षण केंद्र है, क्योंकि यह क्षेत्र आमतौर पर सर्दियों के दौरान बर्फ से ढका रहता है। यह क्षेत्र पर्यटन उद्योग 90 के दशक की शुरुआत में पर्यटकों के लिए खोला गया था, तब से यह नकदी समृद्ध व्यवसाय है। लाचुंग भारत की रक्षा के लिए एक बहुत ही रणनीतिक स्थान है।



उत्तरी सिक्किम में भूस्खलन के बाद फंसे पर्यटकों को बचाते बीआरओ कर्मी। ● एजेंसी

### शेष 158 पर्यटकों की भी बचा ली गई जान

उत्तरी सिक्किम में फंसे शेष 158 पर्यटकों को निकालने के साथ ही बचाव अभियान बुधवार को समाप्त हो गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। मंगन के जिलाधिकारी हेम कुमार छेत्री ने बताया कि अभियान के तीसरे और अंतिम दिन 158 पर्यटकों को बचाने के साथ हमने फंसे हुए सभी 1,447 पर्यटकों को निकाल लिया है। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने कहा कि 1,447 पर्यटकों को उनके गंतव्य भेज दिया गया है। उन्होंने कहा- उत्तरी सिक्किम में बादल फटने से 12-14 जून 2024 तक लगातार बारिश के कारण मंगन जिले में कुल 1,447 पर्यटक फंस गए थे। उन सभी को व्यापक बचाव अभियान के बाद अब सफलतापूर्वक निकाल लिया गया है और उनके संबंधित गंतव्य रवाना कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने बचाव अभियान में शामिल सभी लोगों और पर्यटकों को चुनौतीपूर्ण समय के दौरान धैर्य रखने के लिए धन्यवाद दिया।

## एक नजर

### सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ाई गई

**चेन्नई।** चेन्नई की एक सत्र अदालत ने बुधवार को तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 25 जून तक बढ़ा दी। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता बालाजी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन के एक मामले में 14 जून, 2023 को गिरफ्तार किया था। अभियोजन पक्ष ने केंद्रीय पुझल जेल से वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सेंथिल बालाजी को प्रधान सत्र न्यायाधीश एस. अल्ली के समक्ष पेश किया। सुनवाई के बाद सत्र न्यायाधीश ने उनकी न्यायिक हिरासत 25 जून तक बढ़ा दी।

### राइफल छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**भद्रवाह/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में बुधवार को एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) की राइफल छीनने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि विशेष पुलिस अधिकारी से छीना गया हथियार बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने मंगलवार को डोडा से एसपीओ की ए के-47 राइफल छीनने वाले मोहम्मद रफी का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि रफी को पुलिस एवं सेना की संयुक्त टीम ने मसरी वन क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

### अलवर पुलिस ने पकड़े पांच साइबर ठग

**अलवर।** राजस्थान में साइबर अपराध के विरुद्ध जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन एंटीवायरस के तहत अलवर जिले के थाना वैशाली नगर एवं नौगांवा पुलिस ने साइबर ठग प्रभावित दो स्थानों पर दबिश देकर पांच साइबर ठगों को गिरफ्तार करके छह एंड्राइड मोबाइल जब्त किये हैं। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि वैशाली नगर थानाधिकारी सीताराम सैनी ने पुलिस बल के साथ सूर्य नगर मोड़ क्षेत्र में लोगों को मोबाइल के जरिये जाल में फंसाने की तैयारी कर रहे साइबर ठग राहुल जाटव, (19) सुनील जाटव (22), एवं केदार जाटव (28) को गिरफ्तार करके तीन मोबाइल जब्त किए गए।

### गोमांस फेंक कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर जिले की मार्बल सिटी किशनगढ़ में बुधवार को उस समय तनाव व्याप्त हो गया, जब असामाजिक तत्वों की ओर से बीच बाजार गोमांस फेंक कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई। पुलिस के मुताबिक किशनगढ़ में सब्जी मंडी क्षेत्र में कुछ असामाजिक तत्वों की ओर से गोमांस एवं गोवंश के कटे पैर फेंकने से हड़कंप और फिर तनाव पैदा हो गया था।

# आधुनिक शिक्षा पर काम कर रही सरकार

## प्रधानमंत्री मोदी ने नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का किया लोकार्पण

राजगीर, (बिहार), एजेंसी

- कहा-उनका मिशन है कि भारत की पहचान फिर से दुनिया के सबसे प्रमुख ज्ञान केंद्र के रूप में बने

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि केन्द्र सरकार आधुनिक, अनुसंधान उन्मुख उच्च शिक्षा प्रणाली की दिशा में काम कर रही है और उनका मिशन है कि भारत की पहचान फिर से दुनिया के सबसे प्रमुख ज्ञान केंद्र के रूप में बने। मोदी ने यहां नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन करते हुए छात्रों से हमेशा जिज्ञासु और साहसी बने रहने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने प्राचीन नालंदा विहार के परिसर का भ्रमण करने और उसके अवशेषों का अवलोकन करने के बाद नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा-नालंदा उस सत्य का उद्घोष है कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। नालंदा के विध्वंस ने भारत को अंधकार से भर दिया था। अब इसकी पुनर्स्थापना, भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत करने जा रही है। उन्होंने कहा-जब शिक्षा का विकास होता है तो अर्थव्यवस्था और संस्कृति की जड़ें भी मजबूत होती हैं। हम विकसित देशों को देखें तो पाएंगे कि वे अर्थ, सांस्कृतिक लीडर तब बने जब एजुकेशनल लीडर हुए। मोदी ने कहा-आज दुनिया भर के छात्र उन देशों में जाकर पढ़ना चाहते हैं। कभी ऐसी स्थिति हमारे यहां नालंदा और विक्रमशिला जैसे स्थानों में हुआ करती थी। जब भारत शिक्षा में आगे था तब उसकी आर्थिक सामर्थ्य भी नई ऊंचाई पर था।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने युवाओं के सपनों को नया विस्तार दिया

मोदी ने कहा आज भारत के शिक्षा क्षेत्र में बड़े बदलाव हो रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने भारत के युवाओं के सपनों को नया विस्तार दिया है। भारतीय विश्वविद्यालयों के साथ विदेशी विश्वविद्यालयों ने भी जुडना शुरू कर दिया है। आज छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए भारत में ही सर्वश्रेष्ठ शिक्षा संस्थान उपलब्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा नालंदा केवल भारत के अतीत का ही पुनर्जागरण नहीं है, इसमें एशिया के कितने ही देश की विरासत जुड़ी हुई हैं। एक विश्वविद्यालय के परिसर के उदघाटन में इतने देश का उपस्थित होना, अपने आप में अभूतपूर्व है।



नालंदा विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुफ्तगू करते मुख्यमंत्री नीतीश।

### दुनिया के लिए शिक्षा व ज्ञान का केंद्र बने भारत

प्रधानमंत्री ने कहा मेरा मिशन है कि भारत दुनिया के लिए शिक्षा और ज्ञान का केंद्र बने। इसके लिए भारत आज बहुत कम उम्र से ही अपने छात्रों को नई खोज की भावना से जोड़ रहा है। आज एक तरफ एक करोड़ से ज्यादा बच्चों को अटल टिंकरिंग लैब में आधुनिक प्रौद्योगिकी का लाभ मिल रहा है वहीं दूसरी ओर चंद्रयान और गगनयान जैसे मिशन छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि नयी खोज को बढ़ावा देने के लिए भारत ने एक दशक पहले स्टार्टअप इंडिया मिशन की शुरुआत की थी।

### भारतीय विश्वविद्यालयों की वैश्विक रैंकिंग में सुधार हो रहा

मोदी ने कहा हमारा प्रयास है कि भारत में दुनिया की सबसे व्यापक और पूर्ण कौशल प्रणाली तथा सबसे उन्नत अनुसंधान उन्मुख उच्च शिक्षा प्रणाली हो... इन प्रयासों के नतीजे भी दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में भारतीय विश्वविद्यालयों की वैश्विक रैंकिंग में सुधार हो रहा है और 10 साल पहले क्यूएस रैंकिंग में भारत के सिर्फ नौ शिक्षा संस्थान थे जबकि आज इनकी संख्या बढ़कर 46 हो गई है। उन्होंने खुशी जताई कि उन्हें तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण करने के बाद पहले 10 दिन में ही नालंदा आने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले दस साल में औसतन भारत में हर सप्ताह एक विश्वविद्यालय की स्थापना हुई है और हर दिन एक नयी आईटीआई की स्थापना हुई है। हर तीसरे दिन एक अटल टिंकरिंग लैब खोली गई है। भारत में हर दिन दो नए कॉलेज बने हैं। आज देश में 23 आईआईटी संस्थान हैं। 10 साल पहले 13 आईआईआईएम थे, आज उनकी संख्या 21 है। 10 साल पहले की तुलना में आज करीब 3 गुना यानी 22 एम्स हैं।

## आप की युवा शाखा ने धर्मेंद्र प्रधान के आवास के बाहर किया प्रदर्शन

नई दिल्ली, एजेंसी

आप की युवा शाखा ने बुधवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आवास के बाहर प्रदर्शन किया और कथित अनियमितताओं के आरोपों के चलते राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को रद करने की मांग की।

आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा ने इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा-परीक्षा के संचालन में कथित अनियमितताओं के कारण छात्र प्रभावित हुए हैं। हम मांग करते हैं कि नीट परीक्षा मामले की जांच समयबद्ध तरीके से और उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में की जाए। संजीव झा ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा रद्द की जानी चाहिए। वहीं आप की मुंबई इकाई ने बुधवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में कथित घोटाले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और इसे 'राष्ट्रीय अपमान' बताते हुए नए सिरे से परीक्षा कराने की मांग की। पार्टी ने कहा कि दादर में आयोजित विरोध प्रदर्शन नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ पार्टी के राष्ट्रव्यापी आंदोलन का हिस्सा था। आप की मुंबई इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष रूबेन मस्कारेन्हास ने आरोप लगाया कि नीट घोटाला केवल 24 लाख मेडिकल उम्मीदवारों के भविष्य के साथ ही नहीं, बल्कि पूरे युवा भारत के साथ खिलवाड़ कर रहा है। अनियमितताओं की जांच कोर्ट की निगरानी में होनी चाहिए।

### नीट विवाद

#### एनएसयूआई अध्यक्ष ने एनटीए पर प्रतिबंध लगाने की मांग की

नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के अध्यक्ष वरुण चौधरी ने बुधवार को केंद्र से राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) पर प्रतिबंध लगाने और नीट-यूजी 2024 परीक्षा में कथित प्रश्न पत्र लीक व भ्रष्टाचार की सीबीआई से जांच कराने की मांग की। चौधरी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो एनएसयूआई 24 जून को संसद का घेराव करेगी। उन्होंने कहा कि वह नीट परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखने और संसद में इस मुद्दे पर चिंता जताने के लिए इंडिया गठबंधन के नेताओं से संपर्क करेंगे।

## भीषण गर्मी के बीच दिल्ली में 50 शव बरामद

नई दिल्ली, एजेंसी

- राजधानी में लू लगने से होने वाली मौतों की संख्या बढ़ी

राष्ट्रीय राजधानी में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहने के बीच पिछले 48 घंटों के दौरान दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से वंचित सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से जुड़े 50 लोगों के शव बरामद किए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हालांकि, पुलिस और स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है कि क्या सभी की मौत गर्मी से संबंधित कारणों से हुई।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बुधवार को इंडिया गेट के निकट बच्चों के पार्क में 55 वर्षीय एक व्यक्ति का शव मिला। उन्होंने बताया कि मौत के कारण का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाएगा। बेघर लोगों के लिए काम करने वाले एक गैर सरकारी संगठन 'सेंटर फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट' ने दावा किया है कि 11 से 19 जून के बीच दिल्ली में भीषण गर्मी के कारण 192 बेघर लोगों की मौत हुई। भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहने के चलते 'लू' लगने से जान गंवाने वाले लोगों और यहां अस्पतालों में इससे पीड़ित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। गंभीर जल संकट से जूझ रही दिल्ली में अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शहर में न्यूनतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो 1969 के बाद जून में सबसे अधिक है। केंद्र द्वारा संचालित राममनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल में पिछले दो दिन में 22 मरीज लाए गए। अस्पताल में पांच मौतें हुई हैं और 12 से 13 मरीज जीवनरक्षक प्रणाली पर हैं। अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया-पीड़ितों को कोई अन्य बीमारी नहीं थी। जब ऐसे लोग अस्पताल आते हैं, तो उनके शरीर का तापमान दर्ज किया जाता है और यदि यह 105 डिग्री फारेनहाइट से अधिक पाया जाता है तथा कोई अन्य कारण नहीं होता है, तो उन्हें लू से पीड़ित मरीज घोषित कर दिया जाता है। उन्होंने बताया-लू के कारण मरने वालों को हीटस्ट्रोक का संदिग्ध मामला घोषित किया जाता है। दिल्ली सरकार की एक समिति है जो बाद में मौतों की पुष्टि करती है।

## तमिलनाडु में अवैध देशी शराब पीने से पांच की मौत, कई बीमार

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में संदिग्ध रूप से अवैध देसी शराब पीने से 20 से अधिक लोग बीमार पड़ गये तथा कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सरकार ने कहा कि इस सिलसिले में 49 वर्षीय (अवैध शराब विक्रेता) के कन्नुकुट्टी को गिरफ्तार किया गया है तथा उसके पास से जब्त की गयी करीब 200 लीटर अवैध शराब के विश्लेषण में सामने आया कि उसमें घातक 'मेथनॉल' मौजूद था। एक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने इस घटना की समग्र विवेचना के लिए सीबी-सीआईडी जांच का आदेश दिया है।



**श्रीनगर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की श्रीनगर यात्रा से पहले एहतियात के तौर पर पूरे श्रीनगर और कश्मीर घाटी के कुछ हिस्सों में सुरक्षा के मद्देनजर एसकेआईसीसी के पास तैनात सुरक्षाकर्मी। ● एजेंसी

## विस चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हुईं पूर्व कांग्रेस नेता किरण चौधरी, बेटी श्रुति

**नई दिल्ली।** कांग्रेस से इस्तीफा देने के अगले ही दिन हरियाणा की वरिष्ठ नेता किरण चौधरी और उनकी बेटी श्रुति चौधरी ने बुधवार को अपने तमाम समर्थकों के साथ सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। राज्य में इस साल अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इसे भाजपा के लिए बड़ी सफलता माना जा रहा है। यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ की मौजूदगी में दोनों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा में शामिल होने के बाद किरण चौधरी ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब मैं भी भगवा रंग में रंग गई हूं।

## हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी पर मामला दर्ज

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

### ई-मेल पर दी गई थी धमकी

इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे और देश के अन्य शहरों के विमानपत्तनों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल पर पुलिस ने आपराधिक मामला दर्ज किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि फर्जी साबित हुए इस संदेश के बारे में दिग्गज ई-मेल सेवा प्रदाता 'जीमेल' से जानकारी भी मांगी गई है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) विनोद कुमार मीना ने संवाददाताओं को बताया, जीमेल के एक खाते से संदेश भेजकर मंगलवार को इंदौर और देश के अन्य शहरों के हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। हालांकि, जांच में यह संदेश फर्जी साबित हुआ। उन्होंने बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के एक अधिकारी की शिकायत पर इस ई-मेल को लेकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 507 (गुमनाम संचार के जरिये आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीसीपी ने बताया कि धमकी भरा संदेश भेजने वाले व्यक्ति की पहचान के लिए जीमेल से जानकारी मांगी गई है और विस्तृत जांच जारी है।

## आतिशी ने मोदी को लिखा पत्र, हल नहीं निकलने पर 21 से करेंगी अनशन

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मंत्री आतिशी ने बुधवार को कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में व्याप्त जल संकट के संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है और अगर संकट का समाधान जल्द नहीं किया गया तो वह 21 जून से अनिश्चितकालीन अनशन करेंगी। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी की आलोचना करते हुए उन पर पानी की चोरी और कालाबाजारी से ध्यान भटकाने के लिए 'नाटक' करने का आरोप लगाया तथा मांग की कि आम आदमी पार्टी (आप) नीत सरकार को उसकी 'निष्क्रियता' के लिए बर्खास्त किया जाना चाहिए। आतिशी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हरियाणा राजधानी के हिस्से का पानी नहीं छोड़ रहा है इसलिए दिल्ली जल संकट का सामना कर रही है।

## उच्च न्यायालय ने किशोरी का गर्भ समाप्त करने की दी अनुमति

जबलपुर, एजेंसी

- हाईकोर्ट ने भ्रूण संरक्षित रखने का भी दिया निर्देश





मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने 14-वर्षीय उस लड़की के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति दे दी है, जिसका कुछ महीने पहले राज्य के सिंगरौली जिले में कथित तौर पर अपहरण कर बलात्कार किया गया था। अदालत ने अधिकारियों को डीएनए परीक्षण के लिए भ्रूण संरक्षित रखने का भी निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति जी एस अहलूवालिया ने हाल ही में दिए अपने आदेश में कहा कि किसी भी खतरे की स्थिति में गर्भपात कराने वाले चिकित्सक और राज्य सरकार जिम्मेदार नहीं होंगे तथा गर्भपात केवल पीड़िता के माता-पिता के जोखिम और खर्च पर ही किया जाएगा। अदालत ने कहा कि पीड़िता के माता-पिता अपनी बेटी को गर्भपात की प्रक्रिया के लिए सिंगरौली के जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) के पास ले जा सकते हैं। अदालत ने कहा कि अगर सीएमएचओ को लगता है कि लड़की को बेहतर इलाज के लिए किसी 'मल्टीस्पेशलिटी' अस्पताल में भेजने की जरूरत है, तो वह उसे गर्भपात के लिए उक्त अस्पताल में रेफर कर सकते हैं। जिला चिकित्सा बोर्ड, सिंगरौली की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अगर भ्रूण में पर्याप्त असामान्यताएं हैं और चिकित्सा बोर्ड द्वारा गर्भपात को मंजूरी दी गई है तो गर्भावस्था की किसी भी अवधि में गर्भ को पंजीकृत चिकित्सक द्वारा समाप्त किया जा सकता है।

भ्रूण को संरक्षित रखने का निर्देश देते हुए अदालत ने कहा कि इसे (भ्रूण को) तुरंत जांच एजेंसी को सौंप दिया जाए। अदालत ने यह भी कहा कि जांच अधिकारी को भ्रूण अपने कब्जे में लेने की तिथि से दो दिन के भीतर डीएनए फिंगरप्रिंट प्रयोगशाला में भेजने का निर्देश दिया जाता है। स्थानीय पुलिस सूत्रों के अनुसार, किशोरी इस वर्ष की शुरुआत में लापता हो गई थी और जिले के मोरवा पुलिस थाने में अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। एक महीने से अधिक समय बाद जब उसका पता चला, तो नाबालिग को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया, जिससे पता चला कि वह गर्भवती है। पुलिस ने बाद में भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत बलात्कार के आरोप दर्ज किए।

## कांग्रेस की तथ्यान्वेषी समितियां चुनाव में खराब प्रदर्शन की करेंगी समीक्षा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को छह तथ्यान्वेषी समितियों का गठन किया जो हालिया लोकसभा चुनाव में, कई राज्यों में पार्टी के खराब प्रदर्शन के कारणों की समीक्षा करेंगी। एक बयान में इसकी जानकारी दी गयी है। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की से जारी बयान के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इन समितियों का गठन किया है। पार्टी ने मध्यप्रदेश की समिति में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण, पूर्व सांसद सप्तगिरी उलका और गुजरात विधानसभा के पूर्व सदस्य जिग्नेश मेवानी को शामिल किया है।

## राहुल के जन्मदिन पर खरगे, अखिलेश और कई अन्य नेताओं ने दी बधाई

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के कुछ नेताओं ने बुधवार को राहुल गांधी को उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई दी। कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी को कमजोरों की आवाज, संविधान के प्रति अटूट आस्था रखने वाला तथा सत्ता को सच का आईना दिखाने वाला नेता बताया।

राहुल गांधी का जन्म 19 जून, 1970 को नई दिल्ली में हुआ था। वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश के रायबरेली से लोकसभा सदस्य हैं।



राहुल ने पार्टी मुख्यालय में खरगे के साथ मिलकर अपने जन्मदिन का केक काटा। खरगे ने राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत कई अन्य कांग्रेस नेताओं ने बधाई दी।

## अभिनेत्री रितुपर्णा ईडी के अधिकारियों के सामने हुईं पेश

**कोलकाता।** बांग्ला अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले में जारी जांच के सिलसिले में बुधवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय में अधिकारियों के सामने उपस्थित हुईं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सेनगुप्ता से उनके बैंक लेनदेन से संबंधित कुछ विशिष्ट दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया था। ईडी अधिकारी ने कहा-हमारे पास अभिनेत्री के लिए कुछ प्रश्न हैं। हम अन्य विवरण का भी सत्यापन करेंगे जिनमें विशेष रूप से उनके बैंक खातों से किए गए लेनदेन का ब्योरा शामिल है।

पितृपैतामहं राज्यं प्राप्तवान् स्वेन कर्मणा।
वायुरभ्रमिवासाद्य भ्रंशयत्यनये स्थित: ॥

अन्याय के मार्ग पर चलने वाला राजा विरासत में मिले राज्य को उसी प्रकार से नष्ट कर देता है, जैसे तेज हवा बादलों को छिन्न-भिन्न कर देती है।

## संपादकीय

# ऊर्जा बदलाव की प्रगति

भारत ने ऊर्जा समानता, सुरक्षा और स्थिरता के मामले में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के बुधवार को जारी वैश्विक ऊर्जा बदलाव सूचकांक में भारत दुनिया में 63वें स्थान पर है। हालांकि इस सूचकांक में यूरोपीय देशों का दबदबा है। स्वीडन सूचकांक में शीर्ष पर है। सूचकांक में भारत और कुछ अन्य विकासशील देशों मसलन चीन तथा ब्राजील द्वारा दिखाया गया सुधार महत्वपूर्ण है, क्योंकि 83 प्रतिशत देश पिछले साल की तुलना में कम से कम तीन ऊर्जा प्रणाली प्रदर्शन आयामों - सुरक्षा, समानता और स्थिरता में पिछड़ गए हैं। ऊर्जा संक्रमण को समझने के लिए समग्र सूचकांक एक उपयोगी उपकरण है। सूचकांक में भारत को प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में दर्शाया गया है। गौरतलब है कि डब्ल्यूईएफ वैश्विक, क्षेत्रीय और उद्योग जगत की परियोजनाओं को आकार देने के लिए व्यापारिक, राजनीतिक, शिक्षा क्षेत्र और समाज के अन्य प्रतिनिधियों को शामिल करके विश्व की स्थिति में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। डब्ल्यूईएफ ने पिछले वर्ष अपने सूचकांक में भारत को विश्व स्तर पर 67 वें स्थान पर रखा था। डब्ल्यूईएफ ने कहा कि वैश्विक स्तर पर, अधिक न्यायसंगत, सुरक्षित और टिकाऊ ऊर्जा प्रणाली में ऊर्जा संक्रमण अभी भी प्रगति पर है, लेकिन दुनिया भर में बढ़ती अनिश्चितता के कारण इसकी गति कम हो गई है। जबकि रिपोर्ट में शामिल किए गए 120 देशों में से 107 ने पिछले दशक में अपनी ऊर्जा संक्रमण यात्रा पर प्रगति का प्रदर्शन किया, संक्रमण की समग्र गति धीमी हो गई है और इसके विभिन्न पहलुओं को संतुलित करना एक प्रमुख चुनौती बनी हुई है।

वैश्विक ऊर्जा प्रणाली वर्तमान में एक मौलिक परिवर्तन से गुजर रही है, जो तकनीकी नवाचार, जलवायु परिवर्तन शमन नीतियों और भू-राजनीतिक विकास जैसे कारकों से प्रेरित है। ऊर्जा बदलाव का क्षेत्र वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य को हमेशा के लिए मौलिक रूप से बदल देगा। 2023 में वैश्विक ऊर्जा बदलाव बाजार का मूल्य लगभग 3,000 अरब डॉलर था, जो बढ़कर 2030 तक 6,000 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। उसके बाद 2050 तक यह हर 10 साल में दोगुना हो जाएगा। भारत के सफल ऊर्जा संक्रमण के लिए एक कुशल कार्यबल का निर्माण, सार्वजनिक-निजी सहयोग को बढ़ावा देने के साथ कार्बन न्यून प्रौद्योगिकी अनुसंधान तथा विकास में निवेश करना आवश्यक है। अडाणी समूह ने अगले दशक में ऊर्जा बदलाव के क्षेत्र में 100 अरब डॉलर से अधिक का निवेश करने की घोषणा की है। समूह अपनी एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा मूल्य श्रृंखला का और विस्तार करेगा। ऊर्जा संक्रमण एक महत्वपूर्ण नीतिगत चुनौती और व्यावसायिक जोखिम के रूप में उभरा है और ऊर्जा संक्रमण की प्रगति पर पारदर्शिता और तथ्य-आधारित समझ बढ़ाने की आवश्यकता है।

# दलहन उत्पादन में भी क्रांति की आवश्यकता



डॉ. अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वर्ष 1961 में कुल भारतीय खेती में दलहन की खेती की हिस्सेदारी जो 17 प्रतिशत थी, वर्ष 2009 में घटकर सात प्रतिशत मात्र रह गई। असल में विभिन्न महत्वपूर्ण पोषक तत्वों से भरपूर दालें कुपोषण दूर करने में सहायता करती हैं। भारत, जहां कुपोषित बच्चों की संख्या अत्यधिक है, वहां इससे लड़ने में दालों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

हरित क्रांति ने जहां एक ओर भारत को गेहूं धान सदृश खाद्य पदार्थों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाकर खाद्य संकट से उबारने का काम किया, वहीं दूसरी ओर इसने एक महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थ दलहन की उपेक्षा कर इसमें देश को बहुत पीछे कर दिया। वस्तुतः हरित क्रांति के संकर बीजों, रासायनिक खाद, कीटनाशक जहर व खरपतवार नाशी संसाधनों ने स्वावलंबी घर की खेती को न सिर्फ बिगाड़ दिया, बल्कि इससे उपभोक्ताओं का स्वास्थ्य भी बिगड़ा। आम भारतीयों की थाली से दाल दूर होती चली गई।

वर्ष 1961 में कुल भारतीय खेती में दलहन की खेती की हिस्सेदारी जो 17 प्रतिशत थी, वर्ष 2009 में घटकर सात प्रतिशत मात्र रह गई। असल में विभिन्न महत्वपूर्ण पोषक तत्वों से भरपूर दालें कुपोषण दूर करने में सहायता करती हैं। भारत, जहां कुपोषित बच्चों की संख्या अत्यधिक है, वहां इससे लड़ने में दालों की महत्वपूर्ण भूमिका है। चावल और गेहूं जैसे सामान्य अनाज की तुलना में दालों में प्रति ग्राम औसतन दो से तीन गुना प्रोटीन होता है। इसके अतिरिक्त दालों की खेती फसल चक्र (क्रॉप रोटेशन) के जरिए जैव विविधता के संरक्षण में भी सहायता देती है तथा लचीली और पारिस्थितिक रूप से संतुलित कृषि इकोसिस्टम को बढ़ावा देती है। आज भारत विश्व में भले ही दालों का सबसे बड़ा उत्पादक बन गया हो, फिर भी सबसे बड़ा उपभोक्ता और आयातक भी बना हुआ है। यह वैश्विक उत्पादन का 25 प्रतिशत, वैश्विक खपत का 27 प्रतिशत तथा वैश्विक आयात का 14 प्रतिशत हिस्सा धारण करता है। वर्तमान में फिर से दलहन उत्पादक क्षेत्रों की हिस्सेदारी लगभग 20 प्रतिशत है और देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन में इसका योगदान लगभग 7-10 प्रतिशत है।

हरित क्रांति के दौर में दाल के क्षेत्र में गहन शोध, अनुसंधान की कमी के कारण उत्पादकता में वृद्धि नहीं हो पाई। वर्ष 1951 में कुल दालों की उपज 441 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर थी, जो करीब 70 वर्षों बाद 757 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर पहुंच पाई है। 1951 से 2008 तक दालों के उत्पादन में केवल 45 प्रतिशत तक ही वृद्धि हुई, जबकि दूसरी ओर गेहूं का उत्पादन 320 प्रतिशत और

> उत्तर प्रदेश का सूखा प्रभावित क्षेत्र बुंदेलखंड दलहन की खेती के लिए प्रसिद्ध रहा है, लेकिन यहां के किसान दालों के बदले अधिक पानी की खपत वाली गेहूं की फसल को महत्व देने लगे हैं। इस क्षेत्र में आवारा पशुओं (अन्ना पशु) के द्वारा किए जा रहे नुकसान के चलते किसान दालों की खेती से बचते हैं।

चावल का उत्पादन 230 प्रतिशत बढ़ा है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अनुसार वर्ष 1951 में प्रतिदिन प्रति व्यक्ति दालों की उपलब्धता 60.7 ग्राम थी, जो 2020 में घटकर सिर्फ 47.9 ग्राम रह गई है। राष्ट्रीय कृषि आयोग ने संतुलित आहार में रोजाना 70 ग्राम दाल प्रति व्यक्ति उपलब्ध होने की सिफारिश की थी, लेकिन वर्तमान में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन दालों की उपलब्धता महज 55 ग्राम है।

वर्ष 1947 में भारत में दलहन का क्षेत्र गेहूं से भी अधिक हुआ करता था। वर्ष 1972-73 तक गेहूं का क्षेत्रफल लगभग दुगुना हो गया, जबकि दलहन फसलों के क्षेत्रफल में मामूली सी वृद्धि हुई। साठ के दशक से वर्ष 2015-16 तक दलहन फसलों का क्षेत्रफल लगभग स्थिर रहा। वर्ष 1959-60 में भारत में 24.83 मिलियन हेक्टेयर में दलहन फसलों की खेती होती थी। वर्ष 2015-16 में भी इसका एरिया सिर्फ 24.91 मिलियन हेक्टेयर तक ही सीमित रहा। एक ओर दलहन फसलों की खेती नहीं बढ़ी तो दूसरी तरफ हमारे वैज्ञानिक अधिक उत्पादन देने वाली किस्में बनाने में असफल रहे। इससे दालों की मांग और आपूर्ति में काफी अंतर आ गया।

कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार धान की खेती वाले इलाके 34 प्रतिशत और अरहर की खेती वाले इलाके 65 प्रतिशत कम हो गए हैं। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 1951 में दालों की उपलब्धता प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष 22.1 किलोग्राम की उपलब्धता थी, जो वर्ष 2021 में घटकर 16.4 किलोग्राम रह गई। वर्ष 1990 में गंगा के मैदानी भागों के किसानों ने दलहन के बजाए दूसरी फसलों का रुख किया था। उत्तर भारत के प्रमुख दाल उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, पंजाब के किसानों ने पानी और सिंचाई की बेहतर व्यवस्था होते ही दूसरी फसलों का उत्पादन शुरू कर दिया जिसके चलते दालों की खेती मध्य और दक्षिण भारत की ओर शिफ्ट कर गई।

उत्तर प्रदेश का सूखा प्रभावित क्षेत्र बुंदेलखंड दलहन की खेती के लिए प्रसिद्ध रहा है, लेकिन यहां के किसान दालों के बदले अधिक पानी की खपत वाली गेहूं की फसल को महत्व देने लगे हैं। इस क्षेत्र में आवारा पशुओं (अन्ना पशु) के द्वारा किए जा रहे नुकसान के चलते किसान दालों की खेती से बचते हैं। पानी की अत्यल्पता के बावजूद जिन क्षेत्रों में नहरों से पानी की व्यवस्था हो जा रही है, गेहूं और धान उपजाने में लग गए हैं। महाराष्ट्र जैसे दाल उत्पादक राज्य में अब रबी और खरीफ के सीजन के बीच के समय में उगाई जाने वाली मूंग और उड़द की जगह सोयाबीन ने ले ली है। खरीफ मौसम के प्रारंभ में ही देश के कई हिस्सों में बाढ़-सुखा एवं असामान्य वर्षा ने पहले ही दाल की फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचाता है।

देश को दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत अधिक उपज देने वाली किस्मों के बीज उत्पादन और वितरण, उन्नत कृषि मशीनरी और संसाधन, कुशल जलप्रयोग उपकरण, पौधों के संरक्षण उपाय, भूमि में पोषक तत्व प्रबंधन तथा मृदा सुधारक उपाय, प्रसंस्करण और कटाई के बाद के उपकरण, फसल प्रणाली आधारित प्रशिक्षण इत्यादि के माध्यम से किसानों को शिक्षित प्रशिक्षित कर रही है। किसानों को मुफ्त में बीज मिनीकिट के रूप में दालों की अधिक उपज देने वाली किस्मों के प्रमाणित बीज उपलब्ध कराए जाते हैं। भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान से दालों पर अधिक खोज को बढ़ावा देने और पूरे भारत में दाल उत्पादन के लिए विशिष्ट कृषि-जलवायु क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिली है। दालों के लिए 150 बीज केंद्रों की स्थापना की गई।

वर्ष 2014 से 2023 की अवधि के दौरान देश भर में व्यावसायिक खेती के लिए दालों की प्रभावशाली 343 उच्च उपज वाली किस्मों और संकर/हाइब्रिड को आधिकारिक मान्यता दी गई है। अपने अथक प्रयासों के चलते भारत पिछले एक दशक में दालों के उत्पादन को बढ़ाने में सफल रहा है। इसके पीछे बेहतर तकनीक और उत्पादन प्रणाली तथा दालों के उत्पादन को बढ़ावा देने वाली सरकारी नीतियों के कारण संभव हुआ है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अर्धशुष्क उष्ण कटिबंधों के लिए अंतर्राष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान के बीच साझेदारी से अरहर और चना की उच्च उपज वाली फसलों को विकसित करने में मदद मिली है। दक्षिण भारत और मध्य भारत ने दलहन का क्षेत्रफल बढ़ाकर चने के उत्पादन की दुनिया को भी पीछे छोड़ दिया। पिछले पांच वर्षों में कुल दालों के उत्पादन में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्तमान में दालों के प्रमुख उत्पादक छह राज्य हैं जिनमें मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। इन राज्यों की दालों के कुल उत्पादन में 80 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। दालों में चना की लगभग 50 प्रतिशत हिस्सेदारी के बाद सबसे ज्यादा हिस्सेदारी खरीफ में अरहर और उड़द की है। मूंग और मसूर की उपज देश में बेहद कम है। हालांकि दालें खरीफ और रबी दोनों सीजन में उगाई जाती हैं, दालों के कुल उत्पादन में रबी सीजन में उत्पादित दालों का योगदान 60 प्रतिशत से अधिक है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार अधिक क्षेत्रफल के कारण भारत वर्ष 2023-24 फसल वर्ष में मसूर का विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक बन जाएगा। निश्चित रूप से भारत को दलहन के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरित क्रांति, पीली क्रांति, श्वेत क्रांति सदृश एक क्रांति की आवश्यकता है, जो न केवल जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य संरक्षण के साथ साथ देश के आर्थिक संसाधनों के पर बोझ भी कम करें।

## प्रसंगवश

# आखिर खुशी है क्या

बहुत अजीब शै है ये इंसान भी। सारा जीवन मृग मरीचिका में फंसे प्यासे मृग के समान ही काट देता है। इस इंसान रूपी मृग की प्यास पानी नहीं, बल्कि खुशी है। सारा जीवन इसी खुशी की तलाश में भटकता रहता है। मैं जब छोटा बच्चा था तो अपने से बड़ों को तैयार होकर स्कूल जाते देखता था तो जिद करता था उनके साथ स्कूल जाने की। सोचता था वहां बहुत मजा आएगा।

> शायद ख्वाहिशों के पूरा होने को ही हमने खुशी का पर्याय समझ रखा है, लेकिन क्या सच में ख्वाहिशों का पूरा होना ही खुशी का दूसरा नाम है, क्योंकि ख्वाहिशों का कोई अंत नहीं। एक पूरी होती है तो दूसरी सर उठाने लगती है।

शुरू-शुरू में मजा आया भी, लेकिन फिर स्कूल एक कैदखाना लगने लगा और घर आजादी। सोचा हाईस्कूल में मजा आएगा जहां अनुशासन इतना कठोर नहीं होगा, लेकिन वहां की बोझिल पढ़ाई और डबल बोझिल पढ़ाई के तरीके से दुखी हो गया। अब लगने लगा कि असली मजा तो कॉलेज में है। न किताबों का भारी बोझ, न स्कूल ड्रेस पहनने की झिकझिक और क्लास बंक करने की भी आजादी। कहां इस हाईस्कूल में फंसा हुआ हूं? एक बड़े बच्चे को भी थोड़ी ज्यादा आजादी तो मिलनी ही चाहिए। आखिर आजादी भी मिल गई। क्लास को बंक करने की सुविधा भी और ड्रेस का झमेला भी अब नहीं रहा। शुरू-शुरू में तो बहुत मजा मिला अपनी इस नई-नई आजादी का, लेकिन फिर लगा कि यहां तो किसी को फिक्र ही नहीं। पढ़े-पढ़े, नहीं पढ़े नहीं पढ़े। प्रोफेसर को इससे कोई मतलब ही नहीं। उसका काम क्लास में आना, पढ़ाना और चले जाना।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

मुझे फिर स्कूल याद आने लगा। लगा कि एक वो जगह थी कि नहीं पढ़ने पर या होम वर्क नहीं करने पर सजा दी जाती थी। कभी-कभी मुर्गा भी बना दिया जाता था। मास्टर जी को अपने नहीं पढ़ने वाले मुर्गों से भी लगाव होता था। अपने इन मुर्गों का भविष्य संवारने को मास्टर साहब अपनी जिम्मेवारी समझते थे। इसलिए कभी-कभी जिम्मेवारी ज्यादा महसूस होने पर मुर्गों की छड़ी से बकायदा पूजा भी होती थी। मास्टर साहब की यही छड़ी कई मुर्गों को आदमी बना देती थी।

अब कॉलेज में वो छड़ी और मुर्गा बहुत याद आने लगा, लेकिन पीछे लौटना तो संभव नही था। इसलिए आगे देखने पर लगा कि पढ़ाई वढ़ाई से बढ़िया एक अदद सी नौकरी हो। असली मजा तो नौकरी वाले का ही है। महीने की ठीक पहली तारीख को जेब गर्म। न मांगने की शर्मिंदगी और न ही घर वालों को खर्चे का हिसाब देने की झिकझिक। रुपयों की गर्मी से रुआब अपनी जगह। असली राजा तो नौकरी वाला ही है। बाकी तो सब चाकर ही हैं तो चाकर बनना किसे पसंद होता। इसलिए सारा जोर नौकरी के लिए लगा दिया। बैंकिंग, रेलवे, एलआईसी। अब पढ़ाई का एक ही मकसद था, नौकरी कर राजा बन जाना। आखिर ऊपर वाले ने राजा भी बना दिया, लेकिन फिर समझ में आया कि यहां तो मुझसे भी ऊपर बहुत से बड़े-बड़े राजा हैं जिनकी निगाह में तो मैं प्रजा से भी बदतर था। जब दिल करता बुलाकर डांट देते कि टारगेट पूरा क्यों नहीं हो रहा? हर साल के टारगेट ने जिंदगी को एक रेस बना दिया।

रेस के नाम पर याद आया कि एक बार एक आदमी दौड़ के मैदान में उसके साथ हुए एक अजीब वाकये को बताते हुए बोला। यार, उस दिन तो गजब हो गया। मित्र -क्यों क्या हुआ? मैं घोड़ों की दौड़ देखने मैदान गया था। वहां घोड़ों की कतार के पीछे खड़ा होकर घुड़दौड़ देखने के लिए उतावला हो रहा था। मुझे लगा कि जैसे मेरे जूते का तस्मा ढीला हो गया है। मैं अभी झुककर अपने जूते का फीता बांध ही रहा था कि किसी ने मेरी पीठ पर जीन कस दी। मित्र हैरान होकर-फिर, फिर तुमने क्या किया? मैं और क्या करता। किसी तरह जान लगा कर भागा, लेकिन फिर भी दसवें स्थान पर रहा तो मित्रों यहां पर हम सबकी पीठ पर एक अदृश्य जीन कसी हुई है। जिस पर कोई न कोई सवार है। अगर और कोई नहीं तो हमारी ख्वाहिशें ही हमारी पीठ पर सवार हैं और हम भागे चले जा रहे हैं उन्हें पूरा करने के लिए।

शायद ख्वाहिशों के पूरा होने को ही हमने खुशी का पर्याय समझ रखा है, लेकिन क्या सच में ख्वाहिशों का पूरा होना ही खुशी का दूसरा नाम है, क्योंकि ख्वाहिशों का कोई अंत नहीं। एक पूरी होती है तो दूसरी सर उठाने लगती है। आखिर खुशी है क्या?

# सिल्ट का सिस्टम

देश में मानसून आने को है। सभी प्रदेशों में नगर विकास मंत्रियों ने प्राथमिकता के आधार पर शहरी नालों की सफाई का जन-लुभावना ऐलान कर रखा है। जिस प्रकार, विकास और शहरीकरण एक दूसरे का पर्याय हैं। इसी भांति नालों की सिल्ट और चोक सीवरेज के कारण जल भराव एक-दूसरे का पर्याय बन चुके हैं। प्रत्येक वर्ष नालों की सिल्ट साफ करने में पर्याप्त सुरक्षा मानकों का पालन न करने के कारण असंगठित क्षेत्र के मजदूर जहरीली गैस रिसाव की चपेट में आकर असामयिक मौत का शिकार बन जाते हैं। इस पूरी समस्या की जड़ में, अनियोजित कूड़ा प्रबंधन है। अनियंत्रित उपभोक्तावादी जीवन के कारण शहरीकरण के जन्मजात दोष के रूप में नागरिकों में "सिविक सेन्स" और नगर निगमों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के नियोजन के अभाव से महानगरों में कूड़े के पहाड़ समस्या बनते जा रहे हैं। इसके चलते हवा और पानी के माध्यम से मृदा और जीवन में जहर घुलता जा रहा है। भूजल की गुणवत्ता कुप्रभावित होने के बाद भूगर्भ जल भी तेजी से कूड़े के पहाड़ों के रिसाव से तेजी से जहरीला होता जा रहा है।

विश्व में सर्वप्रथम हड़प्पा-मोहनजोदड़ो की सभ्यता में नियोजित शहरीकरण का प्रमाण पाया जाता है। ग्रिड आधारित व्यवस्था पर समकोण पर बनी सड़कों और पकी ईंटों की बनी नालियां इस सभ्यता को पूर्व और समकालीन सभ्यताओं से श्रेष्ठ बनाती हैं। इसके साथ ही इन नाले-नालियों में कूड़ा-करकट और सिल्ट की सफाई के लिए बनाए गए सोकपिट की उपलब्धता इन सड़कों की सबसे बड़ी खासियत है। यह साबित करता है कि हम भारतीय ग्रामीण अतिरेक उत्पादन से विकसित हुए नगरों के नागरीय प्रबंधन के भी विशेषज्ञ रहे हैं।



अरविंद त्रिपाठी
सूचना एवं संचार विशेषज्ञ

> देश की वर्तमान आवश्यकता नागरिकों और सरकारों द्वारा उत्सर्जित जैविक, अजैविक और रासायनिक कूड़े के कुशल प्रबंधन की व्यवस्था करना है।

इसे यूं भी कह सकते हैं कि नगरीय कूड़ा और घरेलू एवं वर्षा जल प्रबंधन भी हमारे शहरी नियोजन का अनिवार्य भाग रहा है। किंतु दुर्भाग्यवश आज देश की सभी बड़ी नदियां मानव उत्सर्जित मल और अजैविक कूड़ा ढोने की मालगाड़ियां बन चुकी हैं। शाश्वत नगरी वाराणसी की वरुणा और असी नदियां पूरी तरह नाला बन चुकी हैं।

बिट्रिश काल में ही महामना मदन मोहन मालवीय ने तत्कालीन सरकार को इन सहायक नदियों में घरेलू अपशिष्ट न मिलाए जाने का विरोध किया था। तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने इस प्रयास के बाद इसकी पुनरावृत्ति न करने के लिए आश्वस्त किया था, इस आश्वासन को कालांतर में भुला दिया गया। इसी क्रम में कानपुर के गणेश शंकर विद्यार्थी ने विधानसभा में कानपुर और वाराणसी की गंगा में गिर रहे नालों के प्रबंधन पर सवाल किया था, जो कि आज भी विधानसभा की लाइब्रेरी में दर्ज है। विद्यार्थी जी के उठाए गए सवालों को सौ वर्ष हो रहे हैं। विदेशी ही नहीं स्वदेशी सरकार भी सभी राजनीतिक दलों की बन चुकी है। सिल्ट की सफाई के माध्यम से गंगा को घाटों पर लाने की जन जागृति अभियान की परिणति सरकारी योजना "गंगा एक्शन प्लान" के दो फेज के रूप में रह चुकी है। इसी तर्ज पर देश की तमाम नदियों की सफाई की करोड़ों धनराशि की सिविल इंजीनियरिंग की योजनाएं बनती और असफल होती रही हैं। देश की वर्तमान आवश्यकता नागरिकों और सरकारों द्वारा उत्सर्जित जैविक, अजैविक और रासायनिक कूड़े के कुशल प्रबंधन की व्यवस्था करना है। यह कार्य केवल सरकारों के माध्यम से ही नहीं हो सकता है। जनजागरण और जनसहभागिता के लिए शहरों में बनी जनसमितियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। साथ ही शिक्षा प्रणाली में अनिवार्य भाग बनाकर छात्र-छात्राओं को कूड़ा-प्रबंधन का ज्ञान कराया जाना अत्यावश्यक है ताकि "मेरा कूड़ा जमीन नहीं छूता" जैसा जन सहभागी अभियान सार्थक रूप से संचालित किया जा सके। घरेलू निकासी जल और जलघुलित मल के प्रबंधन के साथ ही रासायनिक और औद्योगिक कचरे के प्रबंधन की शिक्षा के साथ ही सरकारों को ट्रीटमेंट प्लांट बनाने चाहिए।

इस दिशा में विश्व के विकसित देशों से सबक लेते हुए भारतीय संस्कृति और संसाधनों को देखते हुए सतत कार्ययोजना बनाकर नालों में गंदगी ठेलने की प्रवृत्ति पर रोक लगानी होगी। बारिश के मौसम के आगमन के पूर्व नालों की सिल्ट साफ करने के साथ ही पानी के सभी कटोरों- यथा, झील, तालाब, सरोवरों आदि की सफाई भी कराना अति आवश्यक है ताकि बारिश की प्रत्येक बूंद को सहेजने में सफलता मिले। दरअसल आने वाली पीढ़ियों को समृद्ध प्राकृतिक जीवन उपलब्ध कराने के लिए इन जलनिधियों में जमा सिल्ट की सफाई कर वर्षा जल संग्रह के लिए इन सभी का वास्तविक और ऐतिहासिक स्वरूप स्थापित करने के लिए सरकार को अभियान चलाना ही होगा।

## सोशल फोरम

# सारे संकट की जड़

आज बहुत से तनाव, क्रोध, कुंठा मनोव्याधियों का एक स्रोत यह है कि 'स्मृतियों' की राजनीति मनुष्य को अतीत में धकेल रही है, लेकिन सृष्टि की गतिविधि ऐसी है कि कोई वापस अतीत में नहीं जा सकता। स्मृतियां मन को अतीत में खींच ले जाती हैं। तन भविष्य की ओर जाता है और मन अतीत की ओर इससे व्यक्तित्व विभाजित होता है। यही सारे संकट की जड़ है। मन की रचना में समाज की परिस्थितियों और मनुष्य के संबंधों की भूमिका से इंकार नहीं किया जा रहा है, लेकिन इन परिस्थितियों और संबंधों को बनाने में सोद्देश्य राजनीतिक कार्यकलाप महत्वपूर्ण होते हैं।

> मानव जीवन की प्रकृति ऐसी है कि उसमें एक तरफ रचना और दूसरी तरफ हिंसा एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह निहित रहते हैं।

मानव जीवन की प्रकृति ऐसी है कि उसमें एक तरफ रचना और दूसरी तरफ हिंसा एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह निहित रहते हैं। अपने आरंभ के विकासकाल से ही मनुष्य जहां औजार बनाता है और उनके सहारे जीवन के साधन निर्मित करता है, वहीं दूसरे प्राणियों और कबीलों से अपनी रक्षा के लिए लड़ता है। अब अगर हम मनुष्य की रचनात्मक वृत्तियों को चालित करने वाले विषयों को सामूहिक जीवन में उभारते हैं तो सामाजिक मनोरचना वैसी ही बनती है, ऐसे विषय हमेशा भविष्य की ओर उन्मुख होते हैं। अगर अगर हिंसक वृत्तियों को चलित करने वाले विषयों को उभारते हैं तो सामाजिक मनोरचना भय, घृणा, उत्तेजना से भर जाती है। ऐसे विषय हमेशा अतीत पर आधारित और काल्पनिक होते हैं। पहली चीज समाज को आगे ले जाती है और दूसरी चीज पीछे ले जाती है, लेकिन यही बात जब व्यक्ति के स्तर पर घटित होती है तब मनुष्य भयानक तनाव झेलता है। तन आगे जाता है, मन पीछे जाता है तो व्यक्तित्व विघटित होता है। इसका समाधान हमें खुद मिल सकता है। यदि हम सोचें कि बीते हुए एक पल पीछे जाकर भी अपने किए को बदल लें तो यह संभव नहीं है। इसलिए मन का तालमेल तन से बिठाना चाहिए।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

-फेसबुक वॉल से

# संस्कृति और सभ्यता

बहुधा मैं 'संस्कृति' और 'सभ्यता' शब्दों को समानार्थक शब्दों के रूप में प्रयोग किए जाते हुए देखता हूं, लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। इनमें अंतर है। संस्कृति किसी समाज के सामाजिक रूप से सोचने के तरीके, व्यवहार, व्यवहार के मानकों, नियमों, ज्ञान, विश्वासों, कला, रीति-रिवाजों, तौर-तरीकों, क्षमताओं और आदतों का संयुक्त नाम होता है। इसके घटकों में मुख्य रूप से भाषा, धर्म, खान-पान, सामाजिक व्यवहार के तरीके, कला, संगीत और परंपराएं आती हैं। यह मानव की मानसिक विरासत को बताने का एक तरीका है। यह विरासत पीढ़ी दर पीढ़ी आगे जाती है। यह समाज के अ-पदार्थ पक्ष को दिखाती है।

संस्कृति एक बदलने वाली वस्तु होती है। मनुष्य के बदलते ज्ञान-विज्ञान और बदलती सोच के अनुसार इसमें अंतर आता रहता है। इसका एक उदाहरण है कि हम कहते हैं कि भारतीय संस्कृति में बड़ों और गुरुजन के चरण स्पर्श किए जाते हैं, लेकिन संभव है कि बदलती सोच, बदलती परंपराओं और बदलते ज्ञान-विज्ञान के अनुसार चरण स्पर्श की परंपरा बदल जाए और लोग केवल हाथ जोड़कर ही बड़ों का अभिवादन करें। यह संभव है कि कभी केवल हाथ हिलाकर और 'हाय' कहकर यह अभिवादन हो। संभव है कि किसी देश की संस्कृति में गले लगकर अभिवादन होता हो तो कहीं हाथ मिलाकर और कहीं गाल या हाथ का चुंबन लेकर। अलग-अलग समाजों की अलग-अलग प्रकार की संस्कृतियां हो सकती हैं। ये डायनेमिक अर्थात् प्रवाहमयी अर्थात् बदलने वाली होती हैं। वहीं सभ्यता की बात करें तो सभ्यता एक ऐसे जटिल समाज को कहते हैं जिसमें नागरिक विकास, विभिन्न सामाजिक स्तर, जीवन जीने के स्तर, शासन का प्रकार और संचार एवं संवाद के प्रतीक, जैसे भाषा और लिपि आते हैं। इसमें संगठित संस्थान जैसे शिक्षा देने की व्यवस्था भी आते हैं। यह चीज समाज की ठोस संरचना पर केन्द्रित होती है। यह समाज के तकनीकी विकास, वहां के शासन और प्रशासन के तरीके, वहां की अर्थव्यवस्था और अनेक प्रकार के विकासों को दिखाती है। उदाहरण के लिए हम कहते हैं सिंधु घाटी की सभ्यता, बेबीलोनियन सभ्यता, मायान सभ्यता, मिस्री सभ्यता, ग्रीक और रोमन सभ्यता और वैदिक काल की सभ्यता आदि। समाज के गुणों को बताने के अतिरिक्त संस्कृति, संस्कार और सभ्यता शब्दों का प्रयोग किसी व्यक्ति के व्यक्तिगत गुणों को बताने के लिए भी किया जाता है। यदि कोई व्यक्ति सभ्य और नम्र है, उसका आचार-विचार अच्छा है तो हम यह कहेंगे कि वह एक सुसंस्कृत व्यक्ति हैं। हम कहेंगे कि उसके संस्कार अच्छे हैं। यह संस्कार किसी व्यक्ति के बचपन से प्राप्त विचार और अनुभव होते हैं, जो विचार करने के तरीकों और विश्वासों के रूप में उसके मन-मस्तिष्क में बैठ जाते हैं। यह उसकी शिक्षा-दीक्षा पर निर्भर करते हैं। यह संस्कार व्यक्ति द्वारा कलाओं और सामाजिक क्रियाकलापों जैसी अनेक बातों में भाग लेने और आपस में सामाजिक रूप से घुलने-मिलने से भी बनते हैं। माता-पिता और गुरुजन से प्राप्त विचार भी इसमें अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। कोई व्यक्ति दूसरों को आदर देता है अथवा नहीं, क्रोध करता है अथवा नहीं, वह बातों को समझता है अथवा नहीं, वह सामाजिक नियमों का पालन करता है अथवा नहीं, उसके नैतिक, सामाजिक और धार्मिक विश्वास क्या हैं, ये बातें उसके संस्कार और संस्कारों से बनी उसकी सोच पर निर्भर करती हैं। एक सभ्य व्यक्ति भी व्यवहार के अच्छे तौर-तरीके और शिष्टाचार रखेगा। वह नैतिक और मर्यादायुक्त व्यवहार रखेगा। वह ईमानदार होगा। अतः हम देखते हैं कि जहां समाज के रूप में देखने पर संस्कृति और सभ्यता में अंतर होता है, वहीं व्यक्तिगत गुणों के रूप में इनमें कोई विशेष अंतर नहीं होता है। वहां ये एक-दूसरे को 'ओवरलैप' करते हैं। एक आदमी को हम सभ्य और सुसंस्कृत- दोनों ही कह सकते हैं। हां, हम कह सकते हैं कि 'संस्कृत' और 'संस्कृति' में कुछ अंतर होता है। जहां 'संस्कृत' शब्द व्यक्ति के संस्कारजन्य गुणों को बताता है, वहीं 'संस्कृति' शब्द इन गुणों में विरासत का पुट भी दिखाता है।



डॉ. राजीव अग्रवाल
शाहजहांपुर

> मुख्य रूप से भाषा, धर्म, खान-पान, सामाजिक व्यवहार के तरीके, कला, संगीत और परंपराएं आती हैं। यह मानव की मानसिक विरासत को बताने का एक तरीका है। यह विरासत पीढ़ी दर पीढ़ी आगे जाती है।

# हम सब मिलकर चलें

बात शहर या कस्बे की नहीं है, बात गांव की है। यह तो मैंने स्वयं देखा है कि गांव में गाय का दूध बेचना निषिद्ध माना जाता था। आज तो पानी का भी व्यापार अरबों, खरबों में है। क्योंकि अब हम विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं, किंतु उन गरीबी के दिनों में छाछ बेचना निषिद्ध था। गांव में यदि लड़की की शादी है तो दूधिए शहर नहीं जाते थे, वह दूध गांव में ही रहता था। आप गरीबी कहना चाहें तो कहिए, किंतु वे कठिनाई के दिन लोगों ने समष्टि भाव से व्यतीत कर लिए थे। आज व्यष्टिभाव का जमाना है। समष्टिभाव के बिना न तो समाजवाद का कोई अर्थ है और न राष्ट्रवाद का जिससे कम्यूनिज्म शब्द बनता है, वह कम्यून शब्द समष्टिभाव गर्भित है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

स्वतंत्रता के संग्राम की शक्ति इसी समष्टिभाव में निहित थी, जो समष्टिभाव को नहीं समझ सकता, उसके लिए देशभक्ति निरर्थक शब्द है। समष्टिभाव के बिना सामाजिक न्याय कदापि सिद्ध नहीं हो सकता, झंडे चाहे कितने ही लगा लो। लोकतंत्र तो समष्टिभाव से ही संचालित हो सकता है, व्यष्टिभाव आते ही वह तानाशाही बन जाएगी। वैदिक साहित्य में यजामहे का प्रयोग बार-बार आता है, हम सब जीवन का यज्ञ कर रहे हैं। संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्। हम सब मिलकर चलें, हम सब परस्पर मिलकर संवाद करें और एक-दूसरे के मन को जानें।

## केरल के वायनाड से लोकसभा चुनाव लड़ने वाली गांधी परिवार की 10वीं सदस्य होंगी

# वाया वायनाड लोकसभा पहुंचने की तैयारी में प्रियंका

दिव्यभान श्रीवास्तव, लखनऊ

**अमृत विचार :** लड़की हूं, लड़ सकती हूं का नारा देने वाली कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2022 में भले ही सफल न रही हों लेकिन यहां से सीखी राजनीति की बारीकी सीखने का लाभ अब उन्हें केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने के दौरान मिल सकता है। प्रियंका लोस चुनाव लड़ने वाली गांधी परिवार की 10वीं सदस्य होंगी।

52 वर्षीया प्रियंका कांग्रेस वर्किंग कमेटी की सदस्य हैं। राहुल गांधी के वायनाड से इस्तीफा देने के बाद वह चुनावी राजनीति में पहली बार उपचुनाव के जरिए प्रवेश करने जा रही हैं। प्रियंका ने औपचारिक रूप से सक्रिय राजनीति में तब प्रवेश किया जब उन्हें 23 जनवरी 2019 को उत्तर प्रदेश के पूर्वी हिस्से के लिए कांग्रेस पार्टी का प्रभारी महासचिव नियुक्त किया गया। 11 सितंबर, 2020 को उन्हें पूरे उत्तर प्रदेश का प्रभारी महासचिव नियुक्त किया गया। इससे पहले वह पार्टी संगठन में ही काम करती रही हैं। प्रियंका वर्ष 2004 के लोकसभा चुनावों में पार्टी के प्रचार अभियान में शामिल रहीं। यह राजनीति में उनका पहला मजबूत कदम था। उन्होंने दर्जनों संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में रैलियां कीं। वर्ष 2007 के प्रदेश विधानसभा चुनावों में जब राहुल गांधी ने कांग्रेस के लिए राज्यव्यापी प्रचार अभियान का जिम्मा संभाला तो प्रियंका ने अमेठी-रायबरेली क्षेत्र की 10 सीटों पर अपना ध्यान केंद्रित किया। वह करीब डेढ़ दशक तक चुनावी राजनीति में उतरने से कतराती रहीं लेकिन प्रदेश में कांग्रेस का कामकाज देखती रहीं। वह रायबरेली में अपनी मां सोनिया गांधी और अमेठी में अपने भाई राहुल के चुनाव अभियानों में सहायक की भूमिका में रहीं। 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रियंका के कभी रायबरेली तो कभी अमेठी से चुनाव लड़ने की चर्चा तो खूब हुई। लेकिन, अंतिम समय में गांधी परिवार के विश्वस्त केएल शर्मा को अमेठी लोकसभा क्षेत्र से उतारा गया। जहां से उन्होंने स्मृति इरानी को हराकर जीत भी दर्ज की।

- यूपी से सीखीं राजनीति की बारीकी पहली बार लड़ेंगी चुनाव

### प्रियंका के नेतृत्व में कांग्रेस ने लड़ा था 2022 का यूपी चुनाव



कांग्रेस ने प्रियंका गांधी के ही नेतृत्व में वर्ष 2022 का प्रदेश विधानसभा चुनाव लड़ा। जनवरी 2022 में प्रियंका ने अपने भाई राहुल के साथ यूपी चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र लांच किया। महिला मतों को आकर्षित करने व सक्रिय राजनीति में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराने को उन्होंने राज्य में 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' अभियान की शुरुआत की। प्रदेश में पार्टी को पुनर्जीवित करने के उनके सभी प्रयासों के बावजूद कांग्रेस पार्टी को वर्ष 2022 के यूपी विधानसभा चुनावों में करारी हार का सामना करना पड़ा। 403 विधानसभा सीटों में से कांग्रेस सिर्फ दो सीटें ही जीत सकी थी।

### वायनाड में लगे पोस्टर, प्रियंका हमारा ख्याल रखें

प्रियंका गांधी वाड्रा के वायनाड पहुंचने से पहले कांग्रेस पार्टी वहां के लोगों के साथ आत्मीय रिश्ता जताने से भी नहीं चूक रही है। केरल के उत्तर-पूर्व में स्थित व प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध वायनाड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी को क्षेत्र न छोड़ने व उनके समर्थन में पोस्टर लगाए। कुछ पोस्टर में तो यह भी लिखा गया कि राहुल को यदि क्षेत्र छोड़ना ही पड़ जाए तो बहन प्रियंका गांधी से उनका ध्यान रखने को जरूर कहें। वायनाड की जनता ने राहुल गांधी को दूसरी बार सांसद बनाया है। यहां से राहुल गांधी 3,64,422 लाख मतों से चुनाव जीते हैं। वर्ष 2019 में राहुल ने वायनाड से 4 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से चुनाव जीता था।

## ललितपुर इकाई ठप फिर शुरू हुई आपात बिजली कटौती

**लखनऊ, अमृत विचारः** भीषण गर्मी के बीच ललितपुर परियोजना की 660 मेगावाट क्षमता की एक इकाई के ठप होने से प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया। ग्रामीण क्षेत्रों में करीब पांच सौ मेगावाट की आपात कटौती गई। स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली संकट का कहर जारी रहा। पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि ललितपुर की 660 मेगावाट क्षमता की एक इकाई ठप हो गई। इस इकाई को चालू करने के प्रयास जारी रहे। बिजली अभियंताओं ने 21 जून तक इकाई के चालू होने की उम्मीद जताई, जबकि पहले से बंद चल रहे टांडा की 110 मेगावाट व पारीछा की 250 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां चालू नहीं हो सकीं। इन इकाइयों के 20 जून तक चालू होने की संभावना है। बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग 29,585 मेगावाट दर्ज की गई।

## सार-संक्षेप

### राज्य पक्षी सारस की गणना आज से शुरू होगी



**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में गुरुवार से राज्य पक्षी सारस की गणना होगी। साल में दो बार (ग्रीष्मकालीन-शीतकालीन) गणना होती है। यह गणना सुबह-शाम दो बार की जाएगी। इसमें वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ ही विद्यार्थियों व प्रकृति प्रेमियों का भी सहयोग लिया जाएगा। 2023 में हुई गणना में राज्य में 19522 सारस पाए गए थे। प्रभागीय वनाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में पाए गए सारस की संख्या व फोटो पहली जुलाई तक मुख्य वन संरक्षक, ईको विकास, लखनऊ को उपलब्ध करानी होगी। पिछली गणनाओं में यह पाया गया कि साल दर साल सारस की संख्या में भी काफी बढ़ोतरी हुई। कोरोना के बाद राज्य में 2021 में 17329 सारस पाए गए। 2022 में यह बढ़कर 19188 हो गए। 2023 में यह संख्या बढ़कर 19522 हो गई। वहीं इस साल के लिए होने वाली गणना के बाद सारस का कुनबा और बढ़ने की संभावना है।

### एसडीएम की लताड़ से क्षुब्ध किसान ने दी जान

**फतेहपुर, अमृत विचार :** एक किसान का घर के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतक के पुत्र ने आरोप लगाया कि चकबंदी विभाग की शिकायत करने पर तहसील दिवस में एसडीएम ने फटकार लगाई थी। उसी से क्षुब्ध होकर पिता ने फांसी लगाकर जान दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। खागा कोतवाली क्षेत्र के पाई गांव के रहने वाले किसान रवी करन सिंह उर्फ मक्खन सिंह का शव घर के बाहर छप्पर की धन्नी में फंदे से लटका मिला। मृतक के पुत्र दरियाव सिंह ने पुलिस को सूचना देते हुए आरोप लगाया कि 15 जून को पिता जमीन के मामले में तहसील दिवस पर गए थे। यहां एसडीएम ने चकबंदी अधिकारी का पक्ष लेते हुए उन्हें फटकार दिया था। उसी को लेकर पिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बेटे ने कहा कि जब तक मौके पर डीएम नहीं आतीं हैं, तब तक शव को उठने नहीं दिया जाएगा।

### फर्जी अभिलेखों से नौकरी, 32 डाककर्मी बर्खास्त

**बांदा, अमृत विचार :** चित्रकूटधाम मंडल के चारों जनपदों में डाक विभाग की भर्ती प्रक्रिया में बड़ा घोटाला उजागर हुआ है। बिना शैक्षिक व अन्य अभिलेखों का सत्यापन कराए 120 डाक कर्मियों को न सिर्फ तैनाती दे दी गई, बल्कि बीते एक वर्ष से सभी कर्मचारियों को वेतन भी दिया जा रहा था। अब जांच के बाद डाक अधीक्षक ने फर्जी अभिलेख वाले 32 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और वेतन वसूली करने के आदेश भी दिए हैं। वर्ष 2023 में चित्रकूटधाम मंडल में डाकपाल और सहायक डाकपाल पद पर 120 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी। ये पद भारतीय डाक विभाग की ओर से निकाले गए थे। विभागीय अफसरों के अनुसार जल्दबाजी के चक्कर में सभी चयनित कर्मचारियों को बगैर अभिलेखों की जांच पड़ताल के ही नियुक्ति दे दी गई और मंडल के अलग-अलग जनपदों में शाखा डाकपाल व सहायक डाकपाल के रूप में तैनात कर दिया गया।

### मथुरा में कार की टक्कर से दंपति समेत 3 की मौत

**मथुरा, एजेंसी :** जिले के मांट क्षेत्र में बुधवार सुबह एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दंपति समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि हादसा मांट-पानीगांव मार्ग पर डांगोली गांव के पास हुआ, जहां एक तेज रफ्तार कार ने एक मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार था कि मोटरसाइकिल सवार पंकज (24), उनकी पत्नी राधिका (20) तथा छोटा भाई आकाश (18) सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे और तीनों की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद कार चालक अपना वाहन छोड़कर भाग गया।

# ढाबे के टिनशेड में उतरा करंट चालक और हेल्पर की मौत

## ट्रक लेकर मुरादाबाद के लिए निकले थे बदायूं के गुड्डू और प्रमोद

संवाददाता, कुंवरगांव (बदायूं)



प्रमोद



गुड्डू

- पुलिस ने पूछताछ के लिए ढाबा संचालक और कर्मचारियों को हिरासत में लिया

**अमृत विचार :** बिजली की लाइन में फाल्ट होने से ढाबा के टिनशेड के एंगल में करंट आ गया। खाना खा रहे ट्रक के चालक और हेल्पर की करंट से मौत हो गई। ढाबा संचालक और कर्मचारियों ने घटना छिपाने के लिए दोनों के शव ढाबे के बाहर ट्रांसफार्मर के पास रख दिए। पुलिस ने ढाबा संचालक और कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया गया।

थाना अलापुर क्षेत्र के गांव दारानगर निवासी गुड्डू उर्फ राज (30) पुत्र फत्तू खान और गांव बमनी के प्रधान शिव सिंह का चचेरा भाई प्रमोद (25) पुत्र सुरेश मंगलवार को ट्रक लेकर मुरादाबाद के कांठ के लिए निकले थे। वहां से ट्रक में आम लादकर मुंबई पहुंचाना था। रात करीब 11 बजे दोनों बदायूं निवासी वीरेंद्र मिश्रा के गांव सिलहरी के पास ढाबे पर खाना खाने को रुके। दोनों खाना खा रहे थे। बिजली की लाइन में फाल्ट हो गया और टिनशेड के एंगल में करंट आ गया। करंट की चपेट में आकर गुड्डू और प्रमोद की मौत हो गई। ढाबा संचालक घबरा गया और घटना छिपाने के लिए कर्मचारियों की मदद से दोनों के शव बाहर लगे ट्रांसफार्मर के पास रखकर पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस पहुंची तो ढाबा संचालक वीरेंद्र मिश्रा ने बताया कि खाना खाने के बाद दोनों बाथरूम करने के लिए ट्रांसफार्मर के पास गए थे। ट्रांसफार्मर में तेज धमाके साथ फाल्ट हुआ। करंट लगने और चिंगारी से झुलसने से दोनों की मौत हो गई। सीओ सिटी आलोक मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई और बिजली विभाग के एक्सईएन संजीव कुमार ने मौका मुआयना किया।

दो चिकित्सकों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया जिसमें करंट से मौत की बात सामने आई है। पुलिस ने ढाबा संचालक और कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि हादसे के बाद ढाबा संचालक ने घटना छिपाने की कोशिश की है। कार्रवाई की जा रही है।

## चीनी मिल पर हंगामा मामले में पूर्व विधायक सहित 6 दोषी करार

**रामपुर, एजेंसी :** विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने शाहाबाद की एक चीनी मिल में घुसकर मारपीट के आरोपी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर समेत छह लोगों को दोषी करार दिया है। अदालत उन्हें गुरुवार को सजा सुना सकती है। जिला शासकीय अधिवक्ता सीमा राणा ने बताया कि शाहाबाद स्थित राणा चीनी मिल के अध्यक्ष ओमवीर सिंह ने 16 जनवरी 2012 को मामला दर्ज कराया था। इसमें आरोप लगाया गया था कि चीनी मिल में ट्रैक्टर ट्रॉली निकालने को लेकर हुए विवाद में दिवाकर की अगुवाई में कुछ लोगों ने मारपीट और तोड़फोड़ की थी जिसमें कुछ कर्मी घायल हुए थे। एमपी-एमएलए अदालत के न्यायाधीश विजय कुमार ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद इस मामले में पूर्व विधायक दिवाकर, कृष्णपाल, भारत, संजू यादव, मेघराज और सुरेश गुप्ता नामक आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने 21 अन्य आरोपियों को सबूत के अभाव में बरी कर दिया।

## बर्खास्तगी आदेश पारित न होने पर कर्मचारी वेतन का हकदार: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सहायक अध्यापकों का वेतन अकारण रोकने के मामले में कहा कि अगर किसी कर्मचारी के खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्यवाई या बर्खास्तगी का आदेश जारी नहीं किया गया है तो उसे सेवा में माना जाएगा और वह उस समयावधि का वेतन पाने का हकदार भी होगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल की एकलपीठ ने संजय कुमार और तीन अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया।

कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि बिना किसी ठोस साक्ष्य के मिलीभगत का आरोप सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्त व्यक्ति का वेतन रोकने का उचित कारण नहीं हो सकता है। दरअसल याचियों की नियुक्ति को अवैध करार देते हुए बताया गया कि राज्य प्राधिकारियों ने गलत निर्णय लिया था। हालांकि कोर्ट ने माना कि याचियों की नियुक्ति को अवैध नहीं कहा जा सकता, क्योंकि चयन साक्षात्कार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के नामित व्यक्ति की उपस्थिति में किए गए थे और संतुष्टि के बाद ही याचियों को 21 अगस्त 2003 को अनुमोदन प्रदान किया गया। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लेख करते हुए कहा कि अनियमित और अवैध नियुक्तियों के बीच अंतर है। भले ही नियुक्तियां निर्धारित नियमों के अनुसार न की गई हों, लेकिन उन्हें कानून के उल्लंघन के रूप में नहीं देखा जा सकता है। कोर्ट ने देखा कि विपक्षियों का यह मामला नहीं था कि याचियों ने अपनी नियुक्तियां प्राप्त करने में धोखाधड़ी की थी। अंत में कोर्ट ने याचियों को बकाया वेतन भुगतान के साथ ही सभी परिणामी लाभ देने का निर्देश देते हुए सभी याचियों को सेवा में नियमित रखने का आदेश दिया।

## ग्रामीणों से शहरी दर पर बिल वसूलने पर पावर कॉरपोरेशन से जवाब-तलब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में कई जिलों में ग्रामीणों से शहरी दर पर बिजली बिल वसूलने के मामले में राज्य विद्युत नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से जवाब तलब किया है। आयोग ने चेतावनी देते हुए कहा कि कॉरपोरेशन अविलंब विस्तृत रिपोर्ट पेश करे, अन्यथा आयोग स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू करेगा।

बिजली आपूर्ति 24 घंटे किए जाने के नाम पर ग्रामीण फीडर को शहरी फीडर घोषित कर शहरी बिलिंग का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। उपभोक्ता परिषद की ओर से दाखिल अवमानना याचिका पर नियामक आयोग ने परीक्षण शुरू कर दिया है, वहीं दूसरी ओर नियामक आयोग ने बुधवार को पावर कॉरपोरेशन को नोटिस जारी पूर्व में चल रहे इस तरह के मामले में जवाब-तलब कर लिया है। कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार को जारी नोटिस में आयोग ने 15 दिसंबर 2023 को आयोग की ओर से जारी निर्देश का हवाला देते हुए अभी तक जवाब न दाखिल करने पर नाराजगी जताई है। कहा गया है कि 10 माह बीत जाने के बाद भी कॉरपोरेशन ने जवाब दाखिल नहीं किया है।

### लागू नहीं होने देंगे प्रस्तावः अवधेश वर्मा

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि वर्ष 2022-23 से शहरी और ग्रामीण घरेलू बिजली उपभोक्ता लगभग एक समान दर पर बिजली का भुगतान कर रहे हैं। अंतर केवल यह है कि ग्रामीण उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में ग्रामीण फीडर को शहरी घोषित करने का प्रस्ताव लागू नहीं होने दिया जाएगा।

## व्यक्तिगत स्वतंत्रता को नष्ट कर रही तर्कहीन गिरफ्तारियां: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गोहत्या के एक मामले में आरोपी की अग्रिम जमानत इस आधार पर स्वीकार की कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस अपनी इच्छानुसार गिरफ्तारी कर सकती है। जिस आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, उसे गिरफ्तार करने के लिए पुलिस का कोई निश्चित समय नहीं होता है।

हालांकि गिरफ्तारी पुलिस के लिए अंतिम विकल्प होना चाहिए और इसे केवल उन असाधारण मामलों तक सीमित रखा जाना चाहिए, जहां आरोपी को गिरफ्तार करना अनिवार्य हो या हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की आवश्यकता हो। तर्कहीन और अंधाधुंध गिरफ्तारियां मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन है।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सिद्धार्थ की एकलपीठ ने पुलिस स्टेशन लंका, वाराणसी में गोहत्या अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और आईपीसी की धाराओं के तहत दर्ज मामले के आरोपी मोहम्मद ताबीस रजा को जमानत देते हुए की। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि पुलिस द्वारा की गई गिरफ्तारियां पुलिस में भ्रष्टाचार का मुख्य स्रोत हैं। लगभग 60 प्रतिशत गिरफ्तारियां या तो अनावश्यक होती हैं या अनुचित सिद्ध हो जाती हैं और ऐसी अनुचित पुलिस कार्यवाही जेलों के खर्च का 43.2 प्रतिशत होती है। कोर्ट ने याची को आरोप की प्रकृति तथा सीमित अवधि के लिए अग्रिम जमानत पर रिहा होने का हकदार मानते हुए सीआरपीसी के तहत पुलिस रिपोर्ट प्रस्तुत होने तक अग्रिम जमानत पर रिहा कर दिया, साथ ही जांच अधिकारी को मामले की जांच शीघ्रता से पूरी करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने पुलिस कार्यवाही और अनुचित गिरफ्तारी पर चिंता जताते हुए कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता एक बहुत ही कीमती मौलिक अधिकार है और इसे तभी खतरे में डाला जा सकता है, जब ऐसी अनिवार्यता हो। किसी भी मामले के विशिष्ट तथ्यों और परिस्थितियों के अनुसार ही आरोपी की गिरफ्तारी होनी चाहिए। हालांकि अग्रिम जमानत का विरोध करते हुए कहा गया कि केवल काल्पनिक भय के आधार पर अग्रिम जमानत नहीं दी जा सकती है। इस पर कोर्ट ने कहा कि याची के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि पुलिस उसे कब गिरफ्तार करेगी।

## वर्ग पहेली-106

**बाएं से दाएं**

1.1. थन या स्तन पर होने वाला फोड़ा 2. गुबरैला जाति का कीड़ा।

2.1. एक काला खनिज पदार्थ जो आग जलाने और बिजली उत्पन्न करने के काम आता है 2. लकड़ी के जल चुकने के बाद बचा काले रंग का ठोस अंश जो आग जलाने के काम आता है।

5. जिसका कोई नियम न हो; अनियमित; जो नियम विरुद्ध हो; सिद्धांतहीन।

6.1. स्त्रियों द्वारा पहना जाने वाला वह पहनावा जो शरीर के ऊपरी भाग (वक्षस्थल) को ढँकने के लिए प्रयुक्त होता था तथा जिसमें नीचे की ओर लगी हुई तनियाँ या बंद पीठ की ओर खींचकर बाँधे जाते थे; अँगिया की तरह का स्त्रियों का एक पहनावा 2. अँगरखे आदि का वह ऊपरी भाग जिसमें बंद लगे रहते हैं 3. साधु-संतों आदि के पहनने का छोटा चोला। [मु.] -दामन का साथ : अभिन्न

7. एक प्रकार का पौधा जिसकी पत्तियाँ दवा बनाने में प्रयुक्त होती हैं; भारंगी।

8.1. प्रतिध्वनि करने वाला 2. प्रतिध्वनिमूलक 3. गुंजायमान; गूँज पैदा करने वाला।

9.1. चटनी

**ऊपर से नीचे**

2. नीले फूलों वाली एक वनस्पति जो पुरानी झीलों या तालाबों में उगती है; नीली कुमुदिनी।

3. ज़्यादा समय तक पानी में रहने के कारण पैरों में उत्पन्न होने वाला खुजली का रोग।

4. खंजन के आकार की एक चिड़िया।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | ■ | 1 | | |
| ■ | 2 | | | ■ | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 3 | ■ | 4 |
| ■ | 5 | | | | ■ | |
| 6 | | ■ | ■ | 7 | | |
| ■ | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| 8 | | | | ■ | 9 | |

### वर्ग पहेली -105 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 आँ | ग | न | ■ | 2 चां | ■ | 3 तो |
| गु | ■ | ■ | 4 गुं | डा | शा | ही |
| ल | ■ | 5 दे | ■ | लि | ■ | न |
| ■ | 6 सा | व | धा | नी | ■ | ■ |
| ■ | ■ | वा | ■ | ■ | 7 प | ■ |
| 8 ए | का | द | शी | ■ | शु | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 9 ख़ि | ता | बी |

## सुडोकू-19

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 6 | | | 9 | | | 2 |
| | | | 4 | 6 | 7 | | | 3 |
| | | | | 1 | | 5 | 9 | |
| 4 | | | 5 | 3 | | | 6 | |
| | 7 | | | | | | 8 | |
| | 2 | | | 8 | 6 | | | 1 |
| | 8 | 5 | | 2 | | | | |
| 9 | | | 3 | 7 | 5 | | | |
| 7 | | | 1 | | | 6 | | 4 |

### सुडोकू - 18 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 5 | 6 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 6 | 2 | 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 2 | 8 |
| 3 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 4 | 1 | 9 |
| 2 | 6 | 8 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 3 |
| 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 |
| 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 9 | 2 | 6 | 4 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 4 | 3 | 8 | 9 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 जून गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी-07.49 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**मेष** – आज पारिवारिक मामलों में लोगों की राय न लें। धैर्य और विवेक से काम लेना बेहद जरूरी है। आप विरोधाभास जैसी स्थिति में फंस सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारियों को लेने से बचें। बच्चों का व्यवहार परिवार के बड़ों को व्यथित कर सकता है।

**वृष** – आज जीवनसाथी के साथ रोमांटिक डेट पर जा सकते हैं। रुका हुआ सरकारी काम किसी राजनीतिक प्रभाव से हो सकता है। बातचीत द्वारा परिस्थितियों को संभाल लेंगे। व्यवसाय और कार्यक्षेत्र में स्थायित्व देखने को मिलेगा।

**मिथुन** – आज किसी सहकर्मी से कोई गलती हो गई हो तो उसे क्षमा करें और उसे प्यार से समझाएं। आपकी जीवनशैली में सुधार होगा। व्यापार में नया अनुबंध कर सकते है। परिजनों के प्रति आपके स्नेह में वृद्धि होगी। घर की जरूरतों का ध्यान रखें।

**कर्क** – आज जॉब में किसी तरह के बदलाव को लेकर विचार बनेगा। प्रेम संबंधों को लेकर परिवार का रूख सहयोगात्मक रहेगा। घर की जिम्मेदारियों का आपके ऊपर दबाव हो सकता है। गरिष्ठ भोजन के सेवन से पेट में इंफेक्शन की शिकायत हो सकती है।

**सिंह** – आज खाली समय में कोई उपन्यास वेब सीरीज आदि में समय बिता सकते हैं। दिखावा करने की प्रवृत्ति के कारण लज्जित न होना पड़े, इसका ध्यान रखें। अपनी तरक्की को लेकर थोड़े शिकायती हो सकते हैं। कर्मचारियों के ऊपर काफी दबाव हो सकता है।

**कन्या** – आज संतान की शिक्षा में अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। आनंद और उल्लास के साथ समय व्यतीत होगा। व्यवसाय में उत्तरोत्तर उन्नति के योग बन रहे हैं। दांपत्य संबंधों में काफी प्रगाढ़ता रहेगी। जीवनसाथी की सलाह से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

**तुला** – आज परिवार में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती है। अप्रिय व्यक्तियों से मिलने के कारण कुपित हो सकते हैं। आपको लक्ष्यों के प्रति सजग रहना चाहिए। समय पर काम नहीं होने से तनाव होगा। आपको काफी व्यस्त रहना पड़ेगा।

**वृश्चिक** – आज इच्छित जॉब ढूंढ़ रहे हैं तो आपको सफलता मिल सकती है। प्रियजनों से आपको उपहार मिलने के योग बन रहे हैं। सामाजिक कार्यों में आप काफी व्यस्त रहेंगे। रोमांस और प्रेम के मामले में भाग्यशाली रहेंगे।


**धनु** – आज प्रियजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। धन के मामले में आपको निराशा हाथ लग सकती है। वैवाहिक जीवन भी कुछ तनावपूर्ण हो सकता है। आपको शांत रहना चाहिए। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय खराब न करें।

**मकर** – आज दूसरों के मामलों में ज्यादा ताक-झांक न करें। लोग आपकी सलाह का अनुसरण करेंगे। प्रेम संबंधों में प्रसन्नता और संतुष्टि का अनुभव करेंगे। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। थोड़ी सी मेहनत में उत्तम परिणाम अर्जित कर सकते हैं।

**कुंभ** – आज जॉब में बदलाव के विषय में सोच सकते हैं। अपनी कार्यशैली को लेकर पुराने विचारों को छोड़कर नए विचारों को अपनाएं। ग्रह स्थिति आपके लिए अनुकूल है। नया निवेश कर सकते हैं। अपनी इच्छा शक्ति के बल पर बिखरे हुए काम को बना लेंगे।

**मीन** – आज देव आराधना और विचार मनन को आप समय देंगे। ऑनलाइन किसी बड़ी मीटिंग में सम्मिलित हो सकते हैं। साझेदारी वाले कार्यों के लिए समय उत्तम है। निजी कंपनियों में काम कर रहे लोगों को बॉस से संभल कर रहना चाहिए।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 18.10 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
प्यार के काबिल — सुबह : 09.00
तहजीब — रात : 09.00

**&pictures**
हीरो हिन्दुस्तानी — सुबह : 11.05
गली बॉय — रात : 08.00

**SONY PIX**
एज ऑफ टूमारो — सुबह : 11.08
सुपरमैन रिटर्न्स — रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
बिरजू पंडित — सुबह : 09.01
राक्षसी — शाम : 05.58

**colors CINEPLEX**
बेटा — सुबह : 11.26
दोस्ताना — शाम : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

ग्राहक- वैसे आपके होटल में सफाई बहुत ध्यानपूर्वक की जाती है।
मैनेजर (खुश होकर) - धन्यवाद! आपको किस बात से ऐसा आभास हुआ।
ग्राहक- ऐसा आभास जब हुआ, किसी ने होटल में घुसते ही मेरी जेब की सफाई कर दी।

पति (शादी के बीस साल बाद)- शादी से पहले मैं और तुम एक-दूसरे को देखने के लिए कितने बेचैन रहते थे।
पत्नी-अरे छोड़ो, पुरानी गलतियों को याद करने से क्या फायदा।

## मेंथा भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक– 910 फ्लैग– 1060 बोल्ड– 1110 डीएमओ– 880

**रामपुर :** शिवालिक–945 फ्लैग– 1045 डीएमओ–840 बोल्ड–1110

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन –तुलसी 2060, राज श्री 1385, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1960, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1510, सचिन 1520, सूरज 1535, अवसर 1640, राग गोल्ड 1620, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1655, चक्र टिन 1875, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1900, स्वास्तिक 2030 ।किराना– (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000–28500, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950 ।चावल – (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4600, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4600, खजाना 4600 ।दाल दलहन–मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300–14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850–7300 मलका दाल 7575–7900, मलका छाँटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300–11200, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9200, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15500, अरहर पटका मोटा 16200, अरहर कोरा मोटा 16500, अरहर पटका छोटा 16000–16400, अरहर कोरी छोटी 17400 ।चीनी– डालमियां 4100, पीलीभीत 4080, नवाबगंज 4070 (नयी), बहेड़ी 4080 (नयी)।

## सर्राफा

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72200 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71200 |
| चांदी पक्की | 884 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,550 |
| चांदी आभूषण | 89,700 |

## एक नजर

### ताप बिजली संयंत्रों के पास 4.5 करोड़ टन कोयला

**नई दिल्ली।** ताप विद्युत संयंत्रों (टीपीपी) में कोयला भंडार 16 जून को सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़कर 4.5 करोड़ टन हो गया है। कोयला मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि टीपीपी को कोयले की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए वह प्रयासरत है। उत्पादन में वृद्धि, लॉजिस्टिक्स के कुशल प्रबंधन और सुचारू अंतर–एजेंसी समन्वय के परिणामस्वरूप टीपीपी में अबतक का सबसे अधिक कोयला भंडारण दर्ज किया गया है। बयान के अनुसार, ताप बिजली संयंत्रों में अबतक का सबसे अधिक कोयला भंडार उपलब्ध है।

### द सिटी को-ऑपरेटिव बैंक का लाइसेंस रद

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने बुधवार को पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाओं के अभाव पर द सिटी को–ऑपरेटिव बैंक, महाराष्ट्र का लाइसेंस रद कर दिया। रिजर्व बैंक ने कहा कि महाराष्ट्र के सहकारिता आयुक्त और सहकारी समितियों के पंजीयक को बैंक को बंद करने और एक परिसमापक नियुक्त करने का आदेश जारी करने के लिए कहा गया है। रिजर्व बैंक के अनुसार, सहकारी बैंक 19 जून, 2024 को कारोबारी समय की समाप्ति से बैंक परिचालन बंद कर देगा। परिसमापन पर, प्रत्येक जमाकर्ता जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) से केवल पांच लाख की मौद्रिक सीमा तक जमा राशि की जमा बीमा दावा राशि प्राप्त करने का हकदार होगा।

### कोल इंडिया ने बंद खदानें निजी कंपनियों को दीं

**कोलकाता।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने अपनी बंद और ठप पड़ीं भूमिगत खदानों से कोयला भंडार निकालने के लिए ऐसी 23 खानों को राजस्व–भागीदारी के आधार पर निजी कंपनियों को आवंटित करने की घोषणा की है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इन खानों की अधिकतम क्षमता सालाना 3.41 करोड़ टन की है। इसमें से कुल निकालने योग्य कोयला भंडार 63.5 करोड़ टन है। कोल इंडिया ने न्यूनतम राजस्व भागीदारी चार प्रतिशत पर तय की गई है। अनुबंध की अवधि 25 साल की होगी। जिन निजी कंपनियों को ये खानें आवंटित की गई हैं उनके नाम का खुलासा नहीं किया गया है।

# सेंसेक्स नए रिकॉर्ड स्तर पर निफ्टी में मामूली गिरावट

मुंबई, एजेंसी

● बैंक शेयरों में खरीदारी ने सेंसेक्स को उतार-चढ़ाव के बीच दी मजबूती

शेयर बाजारों में बुधवार को सेंसेक्स 36 अंक की बढ़त के साथ नये शिखर पर पहुंचा जबकि एनएसई निफ्टी नुकसान में रहा। एक समय दोनों रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचे थे, लेकिन बाद में मुनाफावसूली से नीचे आ गए।

बीएसई के सेंसेक्स में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह 36.45 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की बढ़त से नए शिखर 77,337.59 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 550.49 अंक यानी 0.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,851.63 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर चला गया था। हालांकि एनएसई का निफ्टी 41.90 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,516 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 106.1 अंक की बढ़त के साथ नये रिकॉर्ड स्तर 23,664 पर चला गया था। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तापसे ने कहा कि बैंक शेयरों में तगड़ी खरीदारी ने सेंसेक्स को उतार-चढ़ाव के बीच मजबूती दी। वाहन, धातु, तेल, गैस, दूरसंचार व रियल्टी में मुनाफावसूली से निफ्टी कमजोर हुआ।

# सरसों का उत्पादन बढ़ा, तेल के दाम में कमी नहीं

नीरज मिश्र, लखनऊ



● फसल बेहतर होने के बाद भी बढ़ रही सरसों के तेल की कीमत

**सरसों की पैदावार**

| वर्ष | पैदावार |
|---|---|
| 2019-20 | 10.75 |
| 2020-21 | 12.75 |
| 2021-22 | 14.74 |
| 2022-23 | 21.57 |

नोट- (आंकड़े लाख मीट्रिक टन में)

**अमृत विचार :** पिछले साल की तरह एक बार फिर सरसों के तेल का भाव बढ़ना शुरू हो गया है। वह भी तब जब बोआई का रकबा बढ़ने से पैदावार में इजाफा दर्ज किया गया है।

कारोबारी भी मान रहे हैं कि बेहतर उत्पादन के बाद भी सरसों के तेल का भाव बढ़ना समझ से परे है। इसके पीछे दो वजह हैं। एक यह कि या तो पिछली बार की तरह दाम बढ़ने के फेर में किसान अपना माल लाने से रोक रहे हैं या फिर जमाखोरी है। तेल के दाम एक बार फिर 140 रुपये के पास हैं जिससे लोगों में आशंका कि पिछली बार की तरह भाव डेढ़ सौ रुपये लीटर का आंकड़ा पार न कर लें। कारोबारी कह रहे हैं जमाखोरी नहीं मुनाफे की उम्मीद में किसान भी सरसों दबा रहे हैं जिससे सरसों के तेल का भाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है।

यूपी में वर्ष 2019-20 में तकरीबन 10.75 लाख मीट्रिक टन सरसों की पैदावार हुई थी जो साल 2022-23 में बढ़कर 21.57 लाख मीट्रिक टन हो गई। यहां तक कि कोरोना काल में भी पैदावार में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। बावजूद इसके तेल के भाव में उफान आना चिंता की बात है।

> अचानक सरसों के तेल ने फिर से रफ्तार लेना शुरू की है। 127 रुपये लीटर से आगे निकलकर सरसों का तेल अब 140 रुपये लीटर का भाव छू रहा है। फिलहाल अभी कोई तीज–त्योहार नहीं हैं। सरसों का उत्पादन बढ़ा है। ऐसे में कीमतों की पर नियंत्रण के लिए तत्काल ध्यान देना होगा। नहीं तो पिछली बार की तरह आंकड़ा पौने दो सौ रुपये लीटर का आंकड़ा छूने में देर नहीं लगेगी।
>
> –**रचित अग्रवाल**, तेल के कारोबारी

> फसल बेहतर है। लेकिन रेट बढ़े हैं। लोकल तेल तो 110 रुपये के आसपास था। वहीं ब्रांडेड तेल 126 से 127 रुपये लीटर बिक रहा था। अचानक पंद्रह दिन में तेल के दाम तेजी से बढ़ना शुरू हो गए हैं। अब 140 रुपये लीटर तक पहुंच गया है। इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए।
>
> – **धर्मेश साहू**, तेल के व्यापारी

# बजट से पूर्व वित्त मंत्री ने की गंभीर चर्चा

## बैठक में अर्थशास्त्रियों ने रखे विचार, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री, वित्त सचिव हुए शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी



बजट से पूर्व देश के अर्थशास्त्रियों के साथ चर्चा करतीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण। ● एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ पहली बजट से पूर्व गंभीर विषयों को लेकर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर कहा कि बैठक में प्रमुख अर्थशास्त्रियों ने अपने सुझाव और विचार रखे। वित्त मंत्री ने इस बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव; आर्थिक मामलों, राजस्व, वित्तीय सेवाओं और कॉरपोरेट मामलों के विभागों के सचिव और भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि आम चुनाव में मद्देनजर इसबार फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया था। आम चुनाव के बाद अब फिर से श्रीमती सीतारमण को वित्त मंत्रालय का कार्यभार मिला है और वे अब पूर्ण बजट की तैयारियां शुरू कर दी। नव निर्वाचित 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होने जा रहा है।

यह सत्र तीन जुलाई तक चलेगा जिसमें शुरू में पहले लोक सभा के लिए निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी जाएगी और उसके बाद लोक सभा अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ, स्पीकर के चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण और उस पर चर्चा होगी। राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून से शुरू होगा और तीन जुलाई तक चलेगा। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि संसद का यह सत्र दो चरणों में संपन्न हो सकता है। इसका दूसरा 22 जुलाई से 9 अगस्त तक का हो सकता है तथा इसी दौरान वित्त मंत्री बजट पेश करेंगी और इस पर चर्चा कर इसे पारित कराया जायेगा क्योंकि सरकार के पास अभी 31 अगस्त तक व्यय के लिए संसद की मंजूरी है। सरकार के लिए उससे पहले बजट को पारित कराना वैधानिक रूप से आवश्यक होगा।

### जीएसटी परिषद की बैठक में ऑनलाइन गेमिंग पर चर्चा संभव

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद शनिवार को होने वाली बैठक में कई अहम मुद्दों पर विचार–विमर्श कर सकती है। इनमें ऑनलाइन गेमिंग पर कराधान और संबंधित पक्ष सेवाओं पर कंपनी गारंटी के अलावा दूरसंचार कंपनियों के भुगतान की गई स्पेक्ट्रम फीस पर कर लगाने का मुद्दा भी शामिल है। परिषद की 53वीं बैठक केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में होगी। इसमें राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हैं। इस बैठक में जीएसटी की दरों को तर्कसंगत बनाने पर गठित मंत्री समूह की रिपोर्ट को अंतिम रूप देने पर हुई प्रगति पर भी चर्चा की संभावना है। परिषद की यह बैठक आठ महीने के अंतराल के बाद हो रही है। इससे पहले, 52वीं बैठक 7 अक्टूबर, 2023 को हुई थी। परिषद ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के लिए दांव के पूरे मूल्य पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने के निर्णय की समीक्षा कर सकती है। यह फैसला 1 अक्टूबर, 2023 से लागू हुआ है।

# महंगाई धीरे-धीरे हो रही नरम, खाद्य वस्तुओं के दाम चिंता का विषय

मुंबई, एजेंसी



● अर्थव्यवस्था की स्थिति शीर्षक से रिजर्व बैंक की बुलेटिन में प्रकाशित लेख में किया गया उल्लेख

खुदरा महंगाई धीरे-धीरे कम हो रही है लेकिन लेकिन खाद्य वस्तुओं की ऊंची और अस्थिर कीमतें मुद्रास्फीति में कमी के रास्ते में बाधा बन रही है। भारतीय रिजर्व बैंक की बुधवार को जारी बुलेटिन में यह कहा गया। अर्थव्यवस्था की स्थिति शीर्षक से जून, 2024 के बुटेलिन में प्रकाशित लेख में कहा गया कि पहली तिमाही में वैश्विक वृद्धि मजबूत थी और कई केंद्रीय बैंकों ने अपने देशों में मुद्रास्फीति में गिरावट को देखते हुए कुछ नरम मौद्रिक नीति की ओर रुख किया है।

उच्च आवृत्ति वाले संकेतक (जीएसटी संग्रह, बिजली खपत, माल ढुलाई, पीएमआई आदि) बताते हैं कि भारत में वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर मोटे तौर पर उससे पिछली तिमाही में हासिल की गई गति को बनाए रखेगी।

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबव्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम के लिखे इस लेख में कहा गया है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के समय से पहले आने से कृषि की संभावनाएं सकारात्मक हो रही हैं। लेख में लिखा गया है कि खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी का कारण मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति (ईंधन और खाद्य वस्तुओं को छोड़कर) में निरंतर कमी आना है। हालांकि, खाद्य वस्तुओं की अस्थिर और उच्च कीमतों के कारण महंगाई घटने का मार्ग बाधित हो रहा है।

आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। इसी महीने आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने नीतिगत रेपो दर को 6.50 प्रतिशत पर यथावत रखा। एमपीसी ने आर्थिक वृद्धि को समर्थन देते हुए मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप बनाए रखने के लिए उदार रुख को वापस लेने पर ध्यान केंद्रित करने का अपना रुख दोहराया। केंद्रीय बैंक ने अनुमान लगाया है कि मुद्रास्फीति 2023-24 में 5.4 प्रतिशत से घटकर 2024-25 में 4.5 प्रतिशत हो जाएगी। आरबीआई ने कहा कि लेख में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और यह केंद्रीय बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करता हैं।

# भारत का समुद्री खाद्य पदार्थ निर्यात तीन प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



● वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार निर्यात 2023-24 में 17,81,602 टन, वहीं कीमत 7.38 अरब डॉलर

भारत का समुद्री खाद्य पदार्थ निर्यात 2023-24 में मात्रा के लिहाज से 3 प्रतिशत बढ़ गया है जबकि मूल्य के हिसाब से यह आठ प्रतिशत गिरा है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के लिहाज से निर्यात 2023-24 के दौरान बढ़कर 17,81,602 टन हो गया है और इसकी कीमत 7.38 अरब डॉलर है। वहीं 2022-23 में यह 17,35,286 टन था और इसकी कीमत आठ अरब डॉलर थी।

समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) के चेयरमैन डी वी स्वामी ने कहा कि भारत ने 17,81,602 टन समुद्री खाद्य पदार्थ का निर्यात करके मात्रा के मामले में अबतक का सबसे ऊंचा आंकड़ा दर्ज किया। हालांकि, अमेरिका, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन जैसे इसके प्रमुख निर्यात बाजारों में कई चुनौतियां हैं। मंत्रालय ने कहा कि 4.88 अरब डॉलर के निर्यात के साथ फ्रोजन झींगा समुद्री खाद्य निर्यात में सबसे ऊपर है। इसकी मात्रा में 40.19 प्रतिशत और डॉलर के संदर्भ में 66.12 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। ब्लैक टाइगर झींगा के निर्यात में भी अच्छी वृद्धि हुई। वहीं, फ्रोजन मछली का 6.71 अरब डॉलर का निर्यात हुआ, जो मात्रा में 21.42 प्रतिशत और डॉलर की कमाई में 9.09 प्रतिशत हिस्सा है। डॉलर के संदर्भ में ये निर्यात 2023-24 में 2.31 प्रतिशत घट गया।

# वाहन उद्योग 19% बढ़कर 10.22 लाख करोड़

मुंबई, एजेंसी



● एसयूवी खंड के मजबूत प्रदर्शन से वाहन उद्योग में आया उछाल

भारतीय वाहन उद्योग 2023-24 में 19 प्रतिशत बढ़कर 10.22 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, बहुपयोगी और स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) खंड के मजबूत प्रदर्शन से वाहन उद्योग में उछाल आया है। प्रबंधन परामर्शक कंपनी प्राइमस पार्टनर्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023-24 में मात्रा के लिहाज से वाहन उद्योग का आकार 10 प्रतिशत बढ़ गया।

यूवी (बहुपयोगी) और एसयूवी खंड में बदलाव यह रहा कि पिछले वित्त वर्ष में इनकी मात्रा में 23% और कीमत में 16% की वृद्धि हुई, जिससे कुल मूल्य 39% बढ़ गया। इस खंड में औसत मूल्यवृद्धि कीमतों में सामान्य वृद्धि, उच्च खंड और हाइब्रिड और स्वचालित की ओर झुकाव, सनरूफ की लोकप्रियता और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की मांग बढ़ने के कारण हुई। भारतीय ग्राहक विभिन्न क्षेत्रों में अधिक ऊंचे एवं महंगे मॉडल को पसंद कर रहे हैं, तथा वाहनों की औसत कीमत बढ़ रही है।

प्राइमस पार्टनर्स के प्रबंध निदेशक अनुराग सिंह ने कहा कि भारत कम कीमत वाले उत्पादों को दरकिनार करते हुए और खूबियों और ऊंची कीमत वाले वाहनों को पसंद कर रहा है। उपभोक्ता प्राथमिकताएं और मजबूत आर्थिक बुनियादी बातें भारतीय वाहन उद्योग में इस बदलाव को आगे बढ़ा रही हैं। खास बात यह है कि यूवी और एसयूवी खंड अधिकांश भारतीय उपभोक्ताओं के लिए पसंदीदा विकल्प बन रहे हैं। दूसरी ओर, यात्री वाहन (पीवी) खंड में मामूली मूल्य वृद्धि के कारण मात्रा में नौ प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जिससे मूल्य में चार प्रतिशत गिरावट आई। दोपहिया वाहन खंड में, भारत में मात्रा में 10 प्रतिशत और मूल्य में 13 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

### वाणिज्यिक वाहनों के दाम 2% बढ़ाएगी टाटा मोटर्स

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने जिंस कीमतों में बढ़ोतरी के मद्देनजर एक जुलाई, 2024 से अपने वाणिज्यिक वाहनों के दाम दो प्रतिशत तक बढ़ाने की घोषणा की है। टाटा मोटर्स ने बुधवार को कहा कि कीमतों में बढ़ोतरी वाणिज्यिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी। यह अलग–अलग मॉडल और संस्करण के हिसाब से भिन्न होगी। इस साल की शुरुआत में कंपनी ने उत्पादन लागत में बढ़ोतरी की वजह से एक अप्रैल, 2024 से कीमतों में दो प्रतिशत वृद्धि की घोषणा की थी। टाटा मोटर्स देश की प्रमुख वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी है। यह ट्रक, बस और अन्य वाणिज्यिक वाहनों का विनिर्माण करती है।

# ऊर्जा बदलाव में 100 अरब डॉलर का निवेश करेगा अडाणी समूह



**नई दिल्ली।** अडाणी समूह ऊर्जा बदलाव परियोजनाओं और विनिर्माण क्षमता में 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश करेगा। समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने बुधवार को कहा कि समूह का मकसद हरित ऊर्जा उत्पादन के लिए जरूरी सभी प्रमुख कलपुर्जों का विनिर्माण करना है।

सूर्य की रोशनी से बिजली का उत्पादन करने के लिए सौर पार्क और पवन फार्म बनाने के अलावा समूह हरित हाइड्रोजन, पवन ऊर्जा टर्बाइन और सौर पैनल बनाने के लिए इलेक्ट्रोलाइजर विनिर्माण सुविधाएं स्थापित कर रहा है। हरित हाइड्रोजन को स्वच्छ ऊर्जा द्वारा संचालित इलेक्ट्रोलाइजर की मदद से पानी से हाइड्रोजन को विभाजित करके बनाया जाता है। इसे उद्योग के साथ-साथ परिवहन क्षेत्र को कॉर्बन-मुक्त करने के लिए एक संभावित उपाय के रूप में देखा जा रहा है। क्रिसिल द्वारा आयोजित बुनियादी ढांचा-भारत के भविष्य के लिए उत्प्रेरक कार्यक्रम में अडाणी ने कहा कि ऊर्जा बदलाव और डिजिटल बुनियादी ढांचा अरबों डॉलर के अवसर हैं जो भारत को स्थानीय और वैश्विक स्तर पर बदल देंगे। उन्होंने कहा कि अगले दशक में हम ऊर्जा बदलाव के क्षेत्र में 100 अरब डॉलर से अधिक का निवेश करेंगे और अपनी एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा मूल्य श्रृंखला का और विस्तार करेंगे।

# उत्तरी क्षेत्र में बिजली मांग 89.4 गीगावाट पहुंचने से ट्रिपिंग की स्थिति बनी

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के राज्यों में सोमवार को बिजली की मांग के 89.4 गीगावाट पर पहुंचने और आपूर्ति कम होने से कुछ जगहों पर बिजली गुल होने (ट्रिपिंग) की स्थिति का सामना करना पड़ा।



उत्तरी क्षेत्र में बिजली की मांग का आंकड़ा दर्ज करने वाले उत्तर क्षेत्रीय लोड डिस्पैच सेंटर (एनआरएलडीसी) ने कहा कि सोमवार को उत्तरी भारत में बिजली की मांग बढ़कर 89.4 गीगावाट होने से आपूर्ति में 16.5 गीगावाट का अंतर पैदा हो गया था। मांग की तुलना में आपूर्ति कम होने से हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में बिजली गुल होने की स्थिति पैदा हो गई। किसी इलाके में क्षमता से अधिक मांग होने पर बिजली स्टेशन ट्रिप कर जाते हैं और बिजली गुल हो जाती है। एनआरएलडीसी केंद्रीय बिजली मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय लोड डिस्पैच सेंटर (एनएलडीसी) का एक हिस्सा है। एनएलडीसी अंतर-क्षेत्रीय लिंक पर बिजली की आपूर्ति के लिए जिम्मेदार है। एनआरएलडीसी ने कहा कि सोमवार को दोपहर 1.53 बजे उत्तरी क्षेत्र की मांग में 16.5 गीगावाट की कमी देखी गई। कुरुक्षेत्र के एचवीडीसी लिंक के ट्रिप होने के बाद उत्तरी क्षेत्र में कम वोल्टेज देखा गया और बिजली भार में कमी आई।

# दूरसंचार ग्राहकों की संख्या 1.2 अरब के पार, जियो शीर्ष पर

**नई दिल्ली।** देश में दूरसंचार ग्राहकों की संख्या दूसरी बार 1.2 अरब के पार पहुंच गई है। नए ग्राहकों की संख्या और कुल ग्राहक आधार दोनों ही मामलों में रिलायंस जियो सबसे आगे है।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) की मासिक ग्राहक रिपोर्ट के मुताबिक, देश में कुल दूरसंचार ग्राहकों का आधार अप्रैल में 0.16 प्रतिशत बढ़कर 120.12 करोड़ हो गया। यह संख्या मार्च, 2024 में 119.92 करोड़ थी। इससे पहले मई, 2017 में कुल ग्राहक आधार 1.2 अरब का आंकड़ा पार कर गया था। इनकी संख्या अप्रैल माह में 116.54 करोड़ रही। रिलायंस जियो ने इस अवधि में 26.8 लाख नए ग्राहक जोड़कर मोबाइल फोन सेवा खंड में बढ़त हासिल की। जियो का कुल ग्राहक आधार 47.24 करोड़ हो गया। भारती एयरटेल ने 7.52 लाख ग्राहक जोड़े, जो 26.75 लाख हो गया। बीएसएनएल को 12.3 लाख और वोडाफोन आइडिया को 7.35 लाख ग्राहकों का भारी नुकसान होने से मोबाइल सेवा खंड की रफ्तार सुस्त पड़ गई।

# रामपुर के किसानों को मालामाल करेगा ग्रीन गोल्ड

## रामपुर के बांस से बनेगा बरेली का फर्नीचर और पीलीभीत की बांसुरी

सुहेल जैदी, रामपुर



तालाब के किनारे बांस के पौधे रोपित करते किसान। ● अमृत विचार

● एक हेक्टेअर की खेती में महज पांच हजार रुपये का आता है खर्च

● लाठी, डलिया, फर्नीचर, अगरबत्ती, मेज, कुर्सी, सोफा आदि की देश-विदेश में मांग

**अमृत विचार :** रामपुर के बांस से बरेली में फर्नीचर और पीलीभीत में बांसुरी बनाई जाती है। बांस से बने उत्पादों की देश-विदेश में काफी मांग बढ़ रही है। बांस से लाठी, फर्नीचर, अगरबत्ती और रोटी रखने के लिए रंग-बिरंगी डलियां तैयार की जाती है। वहीं, एक हेक्टेअर जमीन पर बांस की खेती के लिए महज पांच हजार रुपये का खर्च आता है। बांस की पौध रोपित करने के बाद 30 वर्ष तक आर्थिक लाभ मिलता रहता है।

उपायुक्त मनरेगा मंशाराम यादव बताते हैं कि 2022 से रामपुर में बांस की खेती की शुरूआत की गई थी। इसके लिए सबसे पहले जिलेभर के 1156 तालाबों के किनारे बांस के करीब 75 हजार पौधे रोपित कराए गए थे। इस वर्ष 50 हजार पौधे रोपित कराए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हुआ था। इसके अलावा किसानों को बांस की खेती से जोड़ा जाएगा। ग्रीन गोल्ड (हरा सोना) कहे जाने वाले बांस की खेती से रामपुर के किसानों की तकदीर बदल सकती है। बताते हैं कि बांस की उपयोगिता किसी से छिपी नहीं है घर बनाने व पर्व-त्योहार के मौके पर ही नहीं है बल्कि बांसुरी, लाठी, डलिया, फर्नीचर, अगरबत्ती, मेज, कुर्सी, सोफा, हैंड्रिक्राफ्ट समेत तमाम कार्यों में बांस का उपयोग किया जाता है। पहले की अपेक्षा बांस से बने उत्पाद की कीमत जहां बढ़ी है वहीं इसकी मांग में भी काफी तेजी आई है।

उपायुक्त मनरेगा ने कहा कि एक हेक्टेअर भूमि में बांस की खेती करने वाले किसान तीन वर्ष में लखपती बन जाएंगे। बांस से बने उत्पादों की मांग हर प्रदेश से की जा रही है। इसके तैयार करने और इसकी लागत कम होने से किसानों को आर्थिक रूप से काफी मजबूती मिल रही है।

> बांस की खेती के लिए कोसी क्षेत्र की जलवायु उपयुक्त है। वहीं एक बार बांस की खेती करने के बाद एक हेक्टेयर से दो से तीन लाख तक की कमाई की जा सकती है। रामपुर के किसानों के लिए यह खेती ग्रीन गोल्ड की तरह है। एक बार बांस का पौधा रोपित होने के पश्चात 30 साल तक आय का साधन बना रहता है।
>
> – **डॉ. लक्ष्मीकांत**, कृषि वैज्ञानिक

### पीपल की तर्ज पर पर्यावरण को संवारता है बांस

बांस पर्यावरण के लिए भी काफी फायदेमंद है। यह भी पीपल की तर्ज पर 24 घंटे कार्बन डाई ऑक्साइड को अवशोषित करता है और ऑक्सीजन गैस छोड़ता है। बांस के पौधे काफी तेजी से बढ़ते हैं, जिसके कारण चार से पांच वर्ष में तैयार हो जाते हैं और किसान 30 साल तक इस पौधे से आर्थिक मुनाफा कमा सकते हैं।

# विश्व कप



# दक्षिण अफ्रीका के रबाडा ने अमेरिका का खेल बिगाड़ा

## गौस-हरमीत की साझेदारी पर डिकॉक का पावरप्ले भारी, 18 रन से हारा अमेरिका

नॉर्थ साउंड, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका ने सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (74 रन) के धमाकेदार अर्धशतक और कप्तान एडेन मार्कराम के साथ उनकी दूसरे विकेट के लिए 60 गेंद में 110 रन की साझेदारी से बुधवार को यहां टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के ग्रुप दो के अपने शुरुआती मैच में अमेरिका को 18 रन से शिकस्त दी।

ग्रुप चरण के सभी मैच जीतने वाली दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 194 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। पहली बार टूर्नामेंट के नॉकआउट में खेल रही अमेरिका की टीम की दाद देनी होगी जो एंड्रीयस गौस (नाबाद 80 रन, 47 गेंद) के अर्धशतक की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को चुनौती देने की स्थिति में पहुंच गयी थी लेकिन उसे दूसरे छोर पर विकेट गिरने का खामियाजा भुगतना पड़ा। इससे टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन बनाकर हार गयी।

'मैन ऑफ द मैच' रहे डिकॉक ने धीमी और स्पिनरों के लिए मुफीद मानी जा रही पिच पर अमेरिका के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 40 गेंद की पारी में सात चौके और पांच छक्के लगाकर टूर्नामेंट में अपना पहला अर्धशतक जड़ा। शीर्ष क्रम में डिकॉक की आतिशी पारी के अलावा मार्कराम ने 32 गेंद में चार चौके और एक छक्के से 46 रन का योगदान दिया जिससे दक्षिण अफ्रीका को ग्रुप चरण में शीर्ष क्रम के फ्लाप शो की चिंता दूर करने में मदद मिली। अंत में हेनरिच क्लासेन ने नाबाद 36 रन और ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 20 रन बनाकर पांचवें विकेट के लिए 53 रन की नाबाद साझेदारी निभायी।




अमेरिका के लिए सौरभ नेत्रवलकर ने 21 रन देकर और हरमीत सिंह ने दो-दो विकेट चटकाये। सह मेजबान अमेरिका ने लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज स्टीवन टेलर (24 रन) का विकेट गंवा दिया जिन्हें कागिसो रबाडा (18 रन देकर तीन विकेट) ने ऊंचा खेलने के लिए उकसाया और हेनरिच क्लासेन उनका कैच लपक लिया। गौस एक छोर पर टिके थे। नीतिश कुमार (08) के पावरप्ले के अंतिम ओवर में रबाडा की गेंद पर आउट होने के बाद कप्तान आरोन जोंस खाता भी नहीं खोल सके और केशव महाराज (24 रन देकर एक विकेट) का शिकार बने। एनरिच नोर्किया (37 रन देकर एक विकेट) ने फिर कोरी एंडरसन (12 रन) को बोल्ड किया। रबाडा ने 19वें ओवर में शानदार गेंदबाजी करते महज दो रन देकर हरमीत का विकेट झटका।

## मार्कस स्टोइनिस टी-20 में बने नंबर एक ऑलराउंडर



दुबई, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस बुधवार को अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को पछाड़कर आईसीसी की नवीनतम टी-20 रैंकिंग में नंबर एक ऑलराउंडर बन गए। मौजूदा टी-20 विश्व कप में स्टोइनिस ने छह विकेट चटकाने के अलावा बल्ले से भी उपयोगी योगदान दिया और ऑस्ट्रेलिया को सुपर आठ में जगह दिलाने में मदद की। स्टोइनिस एक स्थान के फायदे से नंबर एक ऑलराउंडर बने जबकि नबी को तीन स्थान का नुकसान हुआ।

श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा और बांग्लादेश के अनुभवी शाकिब अल हसन क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने अब तक टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया है जो उनकी रैंकिंग में भी नजर आता है। इंग्लैंड के स्पिनर राशिद शीर्ष पर हैं। तेज गेंदबाज जोसेफ भी छह स्थान के फायदे से 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि टीम के उनके साथी गुडाकेश मोती 16 स्थान की लंबी छलांग के साथ 13वें स्थान पर हैं।


# रोमांचक मुकाबले में भारत जीता

**07** शतक के साथ स्मृति मंधाना ने की भारतीय टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज की बराबरी

**04** रन से हराकर भारतीय टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली

बेंगलुरु, एजेंसी

स्मृति मंधाना (136) और कप्तान हरमनप्रीत कौर नाबाद (103) की शानदार शतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में बुधवार को दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम को चार से हरा दिया हैं। इसी के साथ भारतीय टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। 326 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में तेजमिन ब्रिट्स (5) का विकेट गवां दिया। उसके बाद अन्नेका बोश (18) और सुने लूस (12) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने मारिजेन कैप के साथ पारी को संभाला। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिये 184 रनों की साझेदारी हुई। जीत की ओर बढ़ रही दक्षिण अफ्रीका को 43वें दीप्ति शर्मा ने मारिजेन कैप को आउट कर बड़ा झटका दिया। मारिजेन कैप ने 94 गेंदों में 11 चौके और तीन छक्के लगाते हुए 114 रनों की पारी खेली। इसके बाद पूजा वस्त्रकर ने नडीन डी क्लर्क (28) और नोंडुमिसो शंघासे (शून्य) को आउट दक्षिण अफ्रीका को दबाव में लगा खड़ा किया। हालांकि एक छोर कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट थामे खड़ी थी। कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने 135 गेंदों में 12 चौके और तीन छक्के लगाते हुय नाबाद 135 रन बनाये लेकिन अपनी टीम को आखिरी गेंद पर जीत नहीं दिला सकी। दक्षिण अफ्रीका की टीम 50 ओवर में छह विकेट पर 321 रन ही बना सकी और मुकाबला चार से हार गई। भारत टीम की ओर से पूजा वस्त्रकर और दीप्ति शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। स्मृति मंधाना और अरुंधति रेड्डी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।




## खेल डायरी

### केन विलियमसन कप्तानी से देंगे इस्तीफा

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के सीमित ओवर के कप्तान केन विलियमसन करियर विस्तार के लिए अपने पद से इस्तीफा देंगे। उन्होंने 2024-25 के केंद्रीय करार को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट की यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में विलियमसन ने कहा कि मैं न्यूजीलैंड क्रिकेट में अपने योगदान को जारी रखते हुए सभी प्रारूप में टीम को आगे बढ़ने में सहयोग करना चाहता हूं। लेकिन न्यूजीलैंड समर के दौरान मेरे पास कुछ विदेशी अवसर भी होंगे, जिसके कारण मैं इस साल केंद्रीय करार को स्वीकार नहीं कर सकता।

### शॉटगन टीम में उदयपुर की माहेश्वरी का चयन

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपुर की माहेश्वरी चौहान ने पेरिस ओलिंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से राष्ट्रीय चयन समिति की मंगलवार को आयोजित बैठक के बाद आगामी पेरिस-2024 ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय शॉटगन टीम की घोषणा कर दी गई। माहेश्वरी और अनंतजीत स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में एकमात्र भारतीय जोड़ी के रूप में शामिल होंगी। उनके नाम स्कीट इवेंट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी हैं। माहेश्वरी इससे पहले भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुकी हैं।

### लंदन स्पिरिट में हिस्सेदारी खरीदने की इच्छुक : मार्क

**लंदन।** मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के अध्यक्ष मार्क निकोलस ने खुलासा किया है कि इंडियन प्रीमियर लीग की पांच टीमों ने 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली लार्ड्स स्थित टीम लंदन स्पिरिट में हिस्सेदारी खरीदने की इच्छा जताई है। अनुभवी कमेंटेटर और लेखक मार्क अक्टूबर से स्पिरिट के चेयरमैन का पद संभालेगें हैं। मार्क ने यह खुलासा एमसीसी सीईओ गाय लैवेंडर के सदस्यों को हाल में लिखे पत्र के हवाले से किया है जिसमें उन्होंने स्पिरिट टीम में 49% हिस्सेदारी बेचने की इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की पेशकश पर स्वीकृति मांगी है।

### ओसाका, राडुकानू और कर्बर को वाइल्डकार्ड

**विम्बलडन।** पूर्व ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नाओमी ओसाका, कैरोलिन वोज्नियाकी, एंजेलिक कर्बर और एम्मा राडुकानू को विम्बलडन के लिये वाइल्ड कार्ड दिये गए हैं। विम्बलडन एक जुलाई से शुरू होगा। चार बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन और दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ओसाका और तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन कर्बर मातृत्व अवकाश के बाद वापसी करेंगी। वहीं पूर्व अमेरिकी ओपन चैम्पियन राडुकानू 2023 में कलाई और टखने की सर्जरी के बाद पहली बार खेलेंगी।

# कैरेबिया में अच्छा करेंगे कोहली : हेडन

नयी दिल्ली, एजेंसी

आस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने बुधवार को कहा कि परिस्थितियों और विभिन्न प्रकार की पिचों का अनुभव ही विराट कोहली को विश्व स्तरीय बल्लेबाज बनाता है जिससे वह टी-20 विश्व कप के कैरेबियाई चरण में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे ज्यादा 741 रन बनाने वाले विराट टी-20 विश्व कप में अभी तक ग्रुप चरण के मैच में 1, 4 और 0 ही बना सके हैं। कोहली किसी भी परिस्थिति में एक विश्व स्तरीय बल्लेबाज रहे हैं। कैरेबियाई सरजमीं में आपको अपनी पारी और लक्ष्य बनाने के तरीके के बारे में सोचना होगा। सेंट लूसिया के बाहर पार स्कोर 160-170 रन है और विराट अपने पूरे अनुभव के बूते यह पता कर पायेंगे कि क्या करना है। विराट ने मुश्किल परिस्थितियों का सामना किया। हर कोई इन महान चैम्पियन खिलाड़ियों को खुलकर खेलते हुए देखना चाहता है और ऐसा ही होने वाला है क्योंकि अनुभव मायने रखता है।



# टीम में शामिल हो सकते हैं चहल या कुलदीप : राहुल

ब्रिजटाउन (बारबाडोस), एजेंसी

भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बुधवार को संकेत दिया कि गुरुवार को अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले टी-20 विश्व कप सुपर आठ मैच के लिए अंतिम एकादश में कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव या युजवेंद्र चहल में से किसी एक को शामिल किया जा सकता है क्योंकि वहां की परिस्थितियां धीमी गति के गेंदबाजों के लिए अनुकूल लग रही हैं।

भारत ने न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी स्टेडियम में अपने तेज गेंदबाजों पर भरोसा किया था क्योंकि वहां की 'ड्रॉप-इन' पिचों में असमान उछाल था जिससे तेज गेंदबाजों को मदद मिली। द्रविड़ ने सुपर आठ मैच की पूर्व संध्या पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि किसी को भी बाहर रखना मुश्किल है। न्यूयॉर्क में तेज गेंदबाजों के लिए परिस्थितियां थोड़ी अलग थीं। हमें यहां (बारबाडोस में) कुछ अलग करने की जरूरत हो सकती है। युजी (युजवेंद्र चहल) या कुलदीप (यादव) का इस्तेमाल यहां किया जा सकता है।

हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास हरफनमौला खिलाड़ी हैं। हमारे पास आठ बल्लेबाज थे, लेकिन हमारे पास सात गेंदबाजी विकल्प भी थे। द्रविड़ ने यह भी कहा कि भारत अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर लचीला रहेगा और परिस्थितियों के अनुसार इसमें बदलाव करेगा। हर स्थिति अलग होती है। इसे पत्थर की लकीर नहीं बनाया जा सकता। मैं लचीलेपन में विश्वास करता हूं। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में हमने अक्षर (पटेल) को ऊपर भेजा।


अभ्यास के दौरान कप्तान रोहित के साथ कोच राहुल द्रविड़।

# जीत की लय कायम रखने उतरेगी विंडीज

ग्रोस आइलेट (सेंट लूसिया), एजेंसी

**इंग्लैंड के खिलाफ सुपर 8 का मुकाबला आज**

शानदार फॉर्म में चल रही वेस्टइंडीज टीम टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में गत चैम्पियन इंग्लैंड के खिलाफ जीत की लय कायम रखने उतरेगी। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज दोनों दो बार टी-20 विश्व कप जीत चुके हैं।

वेस्टइंडीज टीम टूर्नामेंट में अभी तक अपराजेय है जबकि इंग्लैंड को खिताब की उम्मीदें बरकरार रखने के लिये ग्रुप चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी आस्ट्रेलिया की मदद की जरूरत पड़ी। ग्रुप चरण में आस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद जोस बटलर और उनकी टीम के पास नये सिरे से शुरुआत करने का मौका है।

दूसरी ओर लगातार आठ मैच जीत चुकी वेस्टइंडीज टीम ने डेरेन सैमी राष्ट्रीय स्टेडियम पर आखिरी ग्रुप मैच में अफगानिस्तान को 104 रन से हराया। एक बार फिर टीम अपने मुख्य कोच और दो बार के टी-20 विश्व कप विजेता कप्तान के नाम पर बने स्टेडियम में उस लय को दोहराना चाहेगी।

**टीमें इस प्रकार हैं : इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रुक, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपले, मार्क वुड।

**वेस्टइंडीज :** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोटी, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

**समय :** मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे से।

## बोपन्ना-इब्डेन की जोड़ी सिंच चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में

**लंदन, एजेंसी।** शीर्ष वरीय रोहन बोपन्ना और मैथ्यू इब्डेन की जोड़ी ने बुधवार को यहां आस्ट्रिया की एलेक्जेंडर अर्लर और लुकास मेडलर की जोड़ी पर सीधे सेटों में जीत से सिंच टेनिस चैम्पियनशिप के पुरुष युगल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और इब्डेन की भारतीय-आस्ट्रेलियाई जोड़ी ने विम्बलडन चैम्पियनशिप की तैयारी की शुरुआत करते हुए एटीपी 500 ग्रासकोर्ट टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में 56 मिनट में 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। बोपन्ना और इब्डेन फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

# चेक को पुर्तगाल ने दी मात

लीपजिग, एजेंसी

स्थानापन्न फ्रांसिस्को कॉन्सेकाओ के अंतिम मिनट में किये गये गोल की बदौलत पुर्तगाल ने यूरो कप में बुधवार को चेक गणराज्य की मजबूत टीम को 2-1 हराया। जर्मनी के लीपजिग स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में पहली सीटी बजने के बाद से ही पुर्तगाल ने गेंद अपने पास रखते हुए कई मौके बनाए। लेकिन पुर्तगाल के स्टार फॉरवर्ड क्रिस्टियानो रोनाल्डो को चेक गणराज्य की मजबूत रक्षा पंक्ति ने गोल करने का अवसर नहीं दिया। छह बार यूरो कप का फाइनल खेलने वाले रोनाल्डो ने पहले हाफ में दो बार प्रयास किया लेकिन चेकगणराज्य के गोलकीपर जिंड्रिच स्टेनक ने उन्हें विफल कर दिया। खेल ने 62वें मिनट में चेक गणराज्य के लुकास प्रोवोड ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। लेकिन यह खुशी अधिक समय तक टिक नहीं सकी। सात मिनट बाद रॉबिन ह्रानाक ने गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।



### जर्मनी ने हंगरी को 2-0 से हराया

**स्टुटगार्ट (जर्मनी)।** जमाल मुसियाला के यूरो 2024 में दूसरे गोल की बदौलत जर्मनी ने बुधवार को यहां हंगरी को 2-0 से हरा दिया और यूरोपीय चैम्पियनशिप के नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की की। मुसियाला ने 22वें मिनट में गोल करके जर्मनी को बढ़त दिलायी। लेकिन इसका हंगरी ने कड़ा विरोध किया। 21 वर्षीय मुसियाला ने शुक्रवार को स्कॉटलैंड पर 5-1 की जीत के दौरान जर्मनी का दूसरा गोल दागा था। जर्मनी के लिए दूसरा गोल कप्तान इल्के गुंडोगन ने 67वें मिनट में किया।

### क्रोएशिया- अल्बानिया ने 2-2 से ड्रा खेला

**हैम्बर्ग (जर्मनी)।** क्रोएशिया और अल्बानिया ने बुधवार को यहां यूरो फुटबॉल चैम्पियनशिप 2024 में 2-2 से ड्रा खेला। यह बाल्कन देश की टीमों के बीच पहला प्रतिस्पर्धी मैच भी था। क्रोएशिया ने शुरू से ही बढ़त बनाने की कोशिश की लेकिन अल्बानिया के काजिम लैसी ने हेडर से 11वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को आगे कर दिया। दूसरे हाफ में आंद्रेज क्रामारिच ने 74वें मिनट में बराबरी गोल दागा। दो मिनट बाद ही क्लाउस गजासुला के आत्मघाती गोल ने क्रोएशिया को 2-1 से आगे कर दिया।

## एमबापे ने नाक की चोट पर पट्टी बांधकर किया अभ्यास

**पैडरबोर्न (जर्मनी), एजेंसी।** फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबापे ने बुधवार को नाक की चोट पर पट्टी बांधकर हल्का अभ्यास किया। यूरो 2024 में चोटिल होने के बाद वह पहली बार सार्वजनिक रूप से दिखायी दिये। एमबापे ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर लिखा कि जोखिम के बिना जीत संभव नहीं। इससे इस खिलाड़ी की मजबूत मानसिक स्थिति का पता चलता है। फुटबॉल जगत को एमबापे की नाक की चोट पर अपडेट का इंतजार है और प्रशंसक जानना चाहते हैं कि फ्रांस का यह सुपरस्टार यूरोपीय चैम्पियनशिप से कितने समय तक बाहर रहेगा। एमबापे के दो साथी खिलाड़ियों ने उनकी चोट पर सकारात्मक जानकारी दी है। मिडफील्डर एड्रियन रबियोट ने बुधवार को कहा कि नाक में फ्रेक्चर दुनिया का अंत नहीं है। किलियन को जल्द ही हमारे साथ होना चाहिए। विलियम सलीबा ने कहा कि उन्होंने एमबापे से बात की जो थोड़ा बेहतर महसूस कर रहे हैं।

# अफगानिस्तान के खिलाड़ी टॉप बैटर-बॉलर

सौरभ श्रीवास्तव, बरेली

**टी-20 वर्ल्डकप**

- टॉप-10 तक कहीं नहीं है भारतीय खिलाड़ी

टी-20 वर्ल्डकप 2024 में कई उलटफेर देखने को मिला। जहां पाकिस्तान जैसी मजबूत टीम पहली बार वर्ल्डकप खेल रही अमेरिका से हार गई। वहीं, न्यूजीलैंड और श्रीलंका को भी कमजोर टीम से हार का सामना करना पड़ा।

18 जून को लगी मुकाबले के 40 मैच खेले जा चुके हैं। इसमें अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने अपना लोहा मनवाते हुए सभी बड़ी टीम के स्टार खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। बात चाहे गेंदबाजी की हो या बल्लेबाजी की दोनों में ही टॉप पर अफगानिस्तान के खिलाड़ी हैं।

गेंदबाजी में जहां फजलहक फारुकी 12 विकेट लेकर पहले नंबर पर हैं, वहीं, बल्लेबाजी में रहमानुल्लाह गुरबाज 4 मैचों में 150.48 के स्टाइक रेट के साथ 167 रन बनाकर पहले नंबर पर बने हुए हैं।

### टीम भावना से भारत ने जीते तीनों मुकाबले

इसमें कोई भी शक नहीं है कि भारत के 3 मुकाबले लो स्कोरिंग के रहे हैं। इसमें भारतीय टीम एक दिखाई दी। सभी खिलाड़ियों ने एक जुट होकर मुकाबला खेला तभी भारत ने लो स्कोर को भी विरोधी टीम को चेज नहीं करने दिया। भारत की ओर से रोहित शर्मा ने 68 रन, सूर्य कुमार यादव ने 59 रन, शिवम दुबे ने 34 रन तो वहीं, अक्षर पटेल ने 20 रन बनाए। इसमें सूर्यकुमार यादव और रोहित शर्मा ने एक-एक अर्धशतक भी जड़ा। वहीं बात करें गेंदबाजी की तो भारतीय गेंदबाजों ने रन बहुत कम दिए और विकेट भी लिए। 3 लीग मैच में हार्दिक पांड्या ने 65 रन देकर 7 विकेट, अर्शदीप ने 75 रन देकर 7 विकेट, बुमराह ने 45 रन देकर 5 विकेट और अक्षर पटेल ने 39 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए। वहीं, लीग मुकाबलों में अभी तक टॉप-10 रहे बैटर और बॉलर में एक भी भारतीय खिलाड़ी अपनी जगह नहीं बना पाया है। पहली बार सबसे ज्यादा सिक्स लगाने में भी कोई भारतीय नहीं है। भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन रिषभ पंत (96) ने बनाए।

### लीग मुकाबले में टॉप स्कोरर

| खिलाड़ी | टीम | मैच | रन | स्ट्राइक रेट | बेस्ट |
|---|---|---|---|---|---|
| रहमानुल्लाह गुरबाज | अफगानिस्तान | 4 | 167 | 150.45 | 80 |
| निकोलस पूरन | वेस्टइंडीज | 4 | 164 | 150.45 | 98 |
| मार्कस स्टोयनिस | आस्ट्रेलिया | 4 | 156 | 190.24 | 67 |
| इब्राहिम जादरान | अफगानिस्तान | 4 | 152 | 124.59 | 70 |
| ट्रेविस हेड | आस्ट्रेलिया | 4 | 148 | 157.44 | 68 |

### लीग मुकाबले में टॉप गेंदबाज

| खिलाड़ी | टीम | विकेट | बेस्ट |
|---|---|---|---|
| फजलहक फारूकी | अफगानिस्तान | 12 | 5/9 |
| ट्रेंट बोल्ट | न्यूजीलैंड | 9 | 3/16 |
| अकील हौसेन | वेस्टइंडीज | 9 | 5/11 |
| एनरिक नॉत्या | साउथ अफ्रीका | 9 | 4/7 |
| तंजीम हसन | बांग्लादेश | 9 | 4/7 |

### अमेरिका में सभी मुकाबले लो-स्कोरिंग रहे

वर्ल्डकप और पिच पर रन न बने ये बहुत ही कम देखने को मिलता है। ऐसे में अमेरिका में ग्रुप स्टेज के 16 मुकाबले 3 शहरों में खेले गए। इनमें 9 मैच चेज करने वाली और 3 मैच पहले बैटिंग करने वाली टीमों ने जीते। एक मैच टाई रहा, जबकि 3 मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहे। यहीं, 12 बार टीमें 120 रन से कम ही बना सकी। इसमें भी 2 बार 100 रन से कम बने, लेकिन सभी मुकाबलों में कांटे की टक्कर देखने को मिली।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

